राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-456
लखनऊ, शनिवार 13 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर बुंदेलखंड का पिछड़ापन दूर करने का होगा प्रयास 03
लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति की शुभकामनाएं 12


# अटल सेतु विकसित भारत की तस्वीर : प्रधानमंत्री

**उपलब्धि**

- प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में देश के सबसे लंबे अटल सेतु का किया उद्घाटन

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु को भारत की ढांचागत शक्ति का उदाहरण बताया और कहा कि यह विकसित भारत की तस्वीर है। यह एक झलक है कि विकसित भारत कैसा होगा।

प्रधानमंत्री ने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक को पूरा करने के प्रयासों के लिए जापान के दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ÷मैं जापान सरकार को धन्यवाद देता हूं और दिवंगत शिंजो आबे को याद करता हूं। हम दोनों ने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक परियोजना को पूरा करने की कसम खाई थी।÷


उल्लेखनीय है कि लगभग 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है जो 16.5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और लगभग 5.5 किमी जमीन पर बना है। यह भारत का सबसे लंबा पुल है, जो देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश ने अपने सपनों को हकीकत में बदलते देखा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ-साथ 'विकसित भारत' के संकल्प के लिए भी एक ऐतिहासिक दिन है। आज देश को दुनिया के सबसे लंबे समुद्री पुलों में से एक अटल सेतु मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में 24 दिसंबर को इस सेतु का शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को उस सिस्टम से कोई उम्मीद नहीं थी, जिसमें काम को सालों तक लटकाने की आदत थी। लोगों को लगता था कि उनके जीवित रहते बड़ी परियोजनाओं का पूरा होना मुश्किल है। इसलिए मैंने भरोसा दिलाया था कि देश बदलेगा। यह उस समय 'मोदी गारंटी' थी। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए शिलान्यास, भूमिपूजन, उद्घाटन, लोकार्पण सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं होता और न ही मीडिया में आने के लिए और जनता को रिझाने के लिए होता है। हमारे लिए हर प्रोजेक्ट देश के नवनिर्माण का माध्यम है। मोदी ने कहा, अटल सेतु, विकसित भारत की तस्वीर है। विकसित भारत कैसा होने वाला है, उसकी एक झलक है। विकसित भारत में सबके लिए सुविधा होगी, सबकी समृद्धि होगी, गति होगी, प्रगति होगी, दूरियां सिमटेंगी और देश का कोना-कोना जुड़ेगा। जीवन हो या आजीविका, सब कुछ निरंतर, बिना रुकावट के चलेगा। यही तो अटल सेतु का संदेश है।

### प्रधानमंत्री ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुरू किया 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए शुक्रवार से 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान शुरू किया है। अयोध्या में 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा' का कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को राष्ट्र के नाम एक भावनात्मक संदेश में कहा कि भव्य आयोजन से पहले पूरे देश को 'राम भक्ति' की भावना से सराबोर किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि जीवन के कुछ क्षण, ईश्वरीय आशीर्वाद की वजह से ही यथार्थ में बदलते हैं। आज हम सभी भारतीयों के लिए, दुनिया भर में फैले रामभक्तों के लिए ऐसा ही पवित्र अवसर है। हर तरफ प्रभु श्रीराम की भक्ति का अद्भुत वातावरण। चारों दिशाओं में राम नाम की धुन, राम भजनों की अद्भुत सौन्दर्य माधुरी। हर किसी को 22 जनवरी का इंतजार है और अब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं।

### आज हजारों करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट के पूरा होने की होती है चर्चा

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले हजारों करोड़ के महाघोटालों की चर्चा होती थी और आज हजारों करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट के पूरा होने की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा हो, जन धन खाते हों, पीएम आवास के पक्के घर हों, घरों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हो, गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते में 6 हजार रुपये भेजना हो, नौकरी करने वाली महिलाओं को वेतन के साथ 26 हफ्ते की छुट्टी देना हो, सुकन्या समृद्धि खातों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ब्याज देना हो, हमारी सरकार ने महिलाओं का खास ध्यान रखा है।



## कम ऊंचाई पर आकाश-एनजी मिसाइल का टेस्ट करके भारत ने दिखाई ताकत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को नई पीढ़ी की आकाश-एनजी मिसाइल का उड़ान परीक्षण सुबह 10:30 बजे ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से किया। मिसाइल को बहुत कम ऊंचाई पर एक उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए दागा गया। उड़ान परीक्षण के दौरान हथियार प्रणाली ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोककर उसे नष्ट कर दिया। आकाश-एनजी सतह से हवा में मार करने वाली पुरानी आकाश मिसाइलों का उन्नत संस्करण है। डीआरडीओ की हैदराबाद में स्थित रिसर्च सेंटर इमारत ने आकाश-एनजी हथियार प्रणाली को उच्च युद्धाभ्यास क्षमता और कम रडार क्रॉस-सेक्शन (आरसीएस) वाले उन्नत लड़ाकू विमानों को रोकने के लिए विकसित किया है। इसका निर्माण भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने किया है। इसके साथ ही बीडीएल आरएफ उत्पादन की क्षमता रखने वाली दुनिया भर की कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो चुका है। डीआरडीओ के मुताबिक आरएफ सीकर आकाश-एनजी को लक्ष्य पर लॉक करने में मदद करता है, जिससे दुश्मन के लड़ाकू विमानों के लिए आने वाली मिसाइलों से बचना मुश्किल हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्तार के मददगार अफरोज का मकान कुर्क

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को एम्बुलेंस उपलब्ध कराने में आरोपी मददगार अफरोज खान चुन्नू के लखनऊ स्थित दो मकान कुर्क हुए। शहर के मध्य में त्रिवेणी नगर में चुन्नू की पत्नी के नाम से पहला मकान और इरादतनगर में दूसरे मकान को बाराबंकी से आई पुलिस ने कुर्क किया। इस दौरान लखनऊ के स्थानीय मदेयगंज थाने की पुलिस ने सहयोग किया। दोनों मकानों की कीमत लगभग 1.45 करोड़ बतायी जा रही है। 25 मार्च 2022 को बाराबंकी के जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगियों के विरुद्ध गैंगस्टर का केस दर्ज हुआ था। जिसे एम्बुलेंस कांड के रूप में जाना जाता है, जिसमें आरोपी बने अफरोज चुन्नू की जानकारी में आई सम्पत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई हो रही है। बताया जा रहा है कि चुन्नू के पास इसके अलावा भी कई स्थानों पर अज्ञात रूप से खड़ी की गई बहुत सारी सम्पत्तियां हो सकती हैं।

### अलग दिखाई देंगी अयोध्या जाने वाली बसें

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या/लखनऊ।** अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को अब अयोध्या जाने वाली बसों के लिए इंतजार नहीं करना होगा और न ही उन्हें बसों को तलाशना होगा। योगी सरकार ने यूपी रोडवेज की बसों में अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर वाले पोस्टर लगाने के निर्देश दिए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को इन बसों को पहचानने में किसी तरह की दिक्कत न हो। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग ने पहले ही फैसला किया है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर श्रद्धालुओं को हर वक्त अयोध्या के लिए बसें मिलेंगी और बी इसी क्रम में इन बसों में राम मंदिर का पोस्टर लगाए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### भगवान राम को 2.5 किलोग्राम का धनुष किया जाएगा भेंट

**एजेंसी, चेन्नई।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला (भगवान राम) की प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अयोध्या स्थित अमाव राम मंदिर द्वारा 2.5 किलोग्राम का धनुष दिया जाएगा।
अयोध्या के अमाव राम मंदिर के ट्रस्टी शायन कुणाल ने कहा, 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला (भगवान राम) की प्राण प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा) से पहले, हम उनके लिए चेन्नई से धनुष और तीर ला रहे हैं। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 19 जनवरी को यह दान कर दिया जाएगा। शायन कुणाल ने कहा, धनुष को वाल्मिकी रामायण में इसके वर्णन के अनुसार बनाया गया है। इसमें विभिन्न तीरों के बारे में भी वर्णन किया गया है। चेन्नई के कुशल कारीगरों ने धनुष बनाया है। इस धनुष को बनाने में सोने के 23 कैरेट का उपयोग किया गया है। 2.5 किलोग्राम वजन वाले धनुष को बनाने में लगभग 600-700 ग्राम सोने का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि धनुष बनाने में लगभग दो महीने का समय लगा है।

## विवेकानन्द से प्रेरणा लें आज के युवा : योगी

**संबोधन**

- विवेकानंद की जयंती पर योगी ने युवाओं को बांटे टैबलेट

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर स्टार्टअप इन्क्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि व युवाओं को टैबलेट वितरण और पोर्टल माय इंडिया के माध्यम से स्वच्छता अभियान संबंधी गतिविधियों के शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने युववाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वामी जी के जीनव से प्रेरणा लेना चाहिए।

उन्होंने अपनी बात को कहने संकोच न करे युवा जिससे मन में कोई डर ना रहे। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने पूरी दुनिया को रहा दिखाई है। समस्या पर विचार करने से रास्ता निकलता है, समस्याओं को स्वीकार करें युवा पीढ़ी और उससे निकलने का समाधा निकाले। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण का रास्ता भारत से ही निकलता है। उन्होंने का कहा कि आने वाला समय युवाओं का है। उन्होंने इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए योजनाएं की जानकारी दी।

### भारत की जो सीमा राम और कृष्ण ने तय की थी वही आज भी है : योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने फार्च्यून होटल में श्रीरामोत्सव-सबके राम विषय पर एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण ने भारत की जो सीमा तय की थी, वही आज भी है। प्रभु श्री राम ने उत्तर से दक्षिण तो श्रीकृष्ण ने उत्तर से पश्चिम को जोड़ा था। हजारों वर्ष पहले भारत में राजनीतिक इकाइयां भले ही अलग-अलग थीं, लेकिन सांस्कृतिक एकता एक थी। उन्होंने कहा कि दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भी भारत ने ही दिखाया। यह हर कालखंड में हुआ है और यही स्थिति अयोध्या के अंदर आज हम सभी को देखने को मिल रही है।

### उत्तर भारत ठंड से कांपा, दिल्ली में पारा तेजी से गिरा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इस समय सारा उत्तर भारत ठंड से कांप रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में भी कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रकोप है। आगामी पांच दिनों तक राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं। यह आकलन भारत मौसम विज्ञान विभाग का है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान समेत कई राज्यों में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, 13 से 15 जनवरी के बीच पंजाब के कुछ हिस्सों और हरियाणा, चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों में सुबह कुछ घंटों के लिए घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मध्य और पूर्वी भारत के कई क्षेत्रों में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है।

## शिक्षामित्रों का मानदेय जीवन यापन के लिए नाकाफी

### प्रदेश सरकार को उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर मानदेय बढ़ाने पर विचार करने का निर्देश

समृद्धि न्यूज।

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को दिए जा रहे मानदेय को देश के वित्तीय इंडेक्स के अनुसार जीवन यापन के लिए जरूरी धनराशि से काफी कम माना है। कोर्ट ने शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने पर विचार कर निर्णय लेने के लिए राज्य सरकार को चार हफ्ते में एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने उम्मीद जताई है कि उच्च स्तरीय कमेटी अगले तीन माह में सहानुभूति पूर्वक विचार कर नियमानुसार शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने पर उचित निर्णय लेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने जितेंद्र कुमार भारती सहित 10 याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिया है। हालांकि कोर्ट ने समान कार्य समान वेतन की मांग मानने से इंकार कर दिया है, किन्तु कहा है कि इतना मानदेय दिया जाना चाहिए जिससे मंहगाई को देखते हुए गरिमामय जीवन यापन हो सके। याचिका पर अधिवक्ता का कहना था कि शिक्षामित्र विभिन्न स्कूलों में पिछले 18 सालों से सहायक अध्यापक की तरह पढ़ा रहे हैं और उन्हें काफी कम मानदेय दस हजार रुपये महीने दिया जा रहा है। इसलिए समान कार्य समान वेतन के स्थापित विधि सिद्धांत के तहत नियमित सहायक अध्यापक को मिल रहा न्यूनतम वेतनमान दिया जाए। अथवा मानदेय का पुनरीक्षण कर बढ़ाया जाए।

राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि याचीगण संविदा पर कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे लोगों को समान कार्य समान वेतन देने से अपने फैसलों में इंकार किया है। कोर्ट ने कहा शिक्षामित्र संविदा पर कार्यरत हैं। कोर्ट यह तय नहीं कर सकती कि उन्हें समान कार्य समान वेतन का लाभ दिया जाए। यह तय करना विशेषज्ञ प्राधिकारी का काम है। इसलिए याचीगण सरकार से सम्पर्क करें। इस पर विचार के लिए कोर्ट ने उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है।



### सहायक अध्यापक भर्ती में बचे 12091 पदों पर काउंसिलिंग कराने का आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा परिषद में 72825 असिस्टेंट टीचरों की नियुक्ति के मामले में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा है कि इस भर्ती में बचे हुए 12091 पदों पर काउंसिलिंग कराने के लिए विज्ञापन जारी किया जाए और काउंसिलिंग का परिणाम फरवरी के अंतिम सप्ताह तक जारी कर दिया जाए। कोर्ट के इस आदेश से लगभग 12 वर्षों से चले आ रहे इस भर्ती विवाद का पटाक्षेप होने की उम्मीद है।

### अधिवक्ताओं के वेश में जमीनों पर कब्जा करने वाले अपराधिक तत्वों की अब खैर नहीं

## कमिश्नरेट पुलिस ने बनाया जांच के लिए विशेष प्रकोष्ठ

**शिकंजा**

- संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के अधीन काम करेगा विशेष प्रकोष्ठ

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** अधिवक्ताओं के वेश में आपराधिक तत्व गिरोह बनाकर दूसरों की भूमि और भवन तथा प्लॉट और प्रापर्टी पर अवैध तरीके से कब्जा करने को लेकर कमिश्नरेट पुलिस अब सख्ती के मूड में आ गई है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ के निर्देश पर कमिश्नरेट पुलिस ने इस प्रकार के मामलों की जांच के लिए और प्राप्त हो रही शिकायतों की मॉनिटरिंग को लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था के अधीन एक विशेष प्रकोष्ठ गठित करने के आदेश दिए गए है। कमिश्नरेट पुलिस के जारी आदेश के मुताबिक संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था कार्यालय में निरीक्षक स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ गठित किया गया है। गठित यह सेल संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था कार्यालय में उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में कक्ष सं0-36 में गठित किया गया है। इस सेल का संपर्क मोबाइल नंबर 9454400154 है।

इस सेल में वर्तमान में उपनिरीक्षक रामेश्वर तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिनका मोबाइल नंबर-9454634500 हैं। यह सेल अधिवक्ताओं के वेश में अपराधियों द्वारा की जा रही आपराधिक गतिविधियों को लेकर जांच करेगी। आदेश में कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति को अपनी समस्या रखनी हो तो वह इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन दे सकते हैं। थाना स्तर पर आवेदन देने और कार्रवाई करने की व्यवस्था पहले की भांति जारी रहेगी।जिसमे कोई भी परिवर्तन नहीं किया गया है।

### जाने क्यों गठित हुआ यह सेल

अधिवक्ताओं के वेश में आपराधिक तत्वों के द्वारा संगठित गिरोह बनाकर दूसरों की भूमि, भवन, प्लाट, प्रापर्टी आदि पर अवैध तरीके से कब्जा करने को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर यह निर्णय कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लिया गया इस सेल के बनने से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तथाकथित अधिवक्ताओं के विरुद्ध प्राप्त हो रही शिकायतों की पुलिस अब आसानी से जांच कर सकेगी। यह सेल बनाने के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या 8810/2023 अनिल कुमार खन्ना बनाम उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य संबद्ध रिट याचिकाओं में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में पुलिस आयुक्त लखनऊ ने निर्णय लिया है।

### 26 तक पुलिसकर्मी नहीं ले सकेंगे अवकाश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी 26 जनवरी तक रद्द कर दिया गया है। यह आदेश पुलिस कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने जारी किया है। डीजी ने अपने जारी आदेश में कहा है कि अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी का होना प्रस्तावित है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। वर्तमान परिदृश्य में दोनों अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रमों के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जिलों व कमिश्नरेटों में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना अति आवश्यक है। इस लिहाज से 26 जनवरी तक सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी निरस्त की जाती है। साथ ही ड्यूटी में लगाये गए पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी-अपनी ड्यूटी स्थान पर पहुंचे। आवश्यक होने पर ही अपने उच्चधिकारी से अवकाश ले सकते हैं।

## वायु सेना के लापता एएन-32 विमान का मलबा आठ साल बाद समंदर में मिला

- लापता विमान की तलाश में भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोजी अभियान

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर से आठ साल पहले गायब हुए भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान का मलबा चेन्नई से लगभग 310 किमी दूर समुद्र तल से लगभग 3400 मीटर नीचे मिला है। इस मलबे को राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक उन्नत एयूवी का उपयोग करते हुए खोजा है। यह खोज एवं बचाव अभियान समुद्र में किसी लापता विमान की तलाश में भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोज अभियान बन गया है। दरअसल, भारतीय वायु सेना के एंटोनोव एएन-32 ट्विन इंजन टर्बोप्रोप परिवहन विमान ने 22 जुलाई, 2016 को स्थानीय समयानुसार सुबह 08:30 बजे चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन से उड़ान भरी। स्थानीय समयानुसार 11:45 बजे के आसपास इसे पोर्ट ब्लेयर में भारतीय नौसैनिक हवाई स्टेशन आईएनएस उत्क्रोश पर उतरना था। चेन्नई से 280 किलोमीटर (170 मील) पूर्व में सुबह 9:12 बजे विमान से रडार संपर्क टूट गया था। उस समय यह विमान बंगाल की खाड़ी के पश्चिमी तट पर चेन्नई शहर में तांबरम वायु सेना स्टेशन से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर के रास्ते में था। बंगाल की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय चेन्नई से लगभग 150 समुद्री मील पूर्व बंगाल की खाड़ी में गायब हो गया था।

## प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण मिलने से पूर्व सीएम अखिलेश यादव का इनकार

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के बावजूद समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के 22 जनवरी को न जाने वाले सुर्खियों के पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विराम लगाते हुए बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण उन्हें मिला ही नहीं है। उन्होंने इसकी जानकारी की तो सच्चाई सामने आई कि हमें कोई न्योता नहीं मिला। कोरियर से भी कोई न्योता प्राप्त नहीं हुआ है।

यह बातें उन्होंने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर कैलेंडर जारी करते हुए पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि कैलेंडर में स्वामी जी के सिद्धांत और संघर्ष की गाथा है। विवेकानंद जी से पूरी दुनिया के लोग इंस्पायर हुए हैं। वे समाज को सुधारने के लिए हमेशा काम करते रहे। उनकी शिकागो की स्पीच को पूरी दुनिया मानती है। लोगों ने उसके उस भाषण का हर जगह जिक्र किया। मुझे ऐसे धर्म से होने पर गर्व है। अखिलेश ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने दुनिया को सहिष्णुता, सार्वभौमिक स्वीकृति सिखाई है। हम न केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में विश्वास करते हैं बल्कि हम सभी धर्मों को सच्चा मानते हैं। मुझे ऐसे राष्ट्र से होने पर गर्व है। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका रास्ता स्वामी विवेकानंद का रास्ता नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने जो रास्ता अपनाया है वह समाज को बांटने का है, टॉलरेंस का रास्ता नहीं है। जो शिक्षा स्वामी विवेकानंद ने दी यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस की, वह रास्ता भाजपा का नहीं है। इसलिए आज के दिन जब हम स्वामी विवेकानंद को याद कर रहे हैं तो संकल्प लें कि उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का काम करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस रास्ते पर भारत की अर्थव्यवस्था को भाजपा ले गई है, आने वाले समय में नौकरी का सपना भूल जाइए। सोचिए कैसी अर्थव्यवस्था बन गई है हमारी। नौजवान जो पढ़ाई-लिखाई करके डिग्री हासिल कर चुके हैं, उन्हें डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी मिल रही है। समाजवादियों की सरकार जब भी बनेगी तो उन्हें सम्मान का रोजगार देने का काम करेंगे।



- सपा मुख्यालय में सपा अध्यक्ष ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर कैलेंडर जारी कर भाजपा पर साधा निशाना



'संघर्ष के पांच साल' पत्रिका का विमोचन शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय पर किया। इस पत्रिका के माध्यम से नदीम अहमद फारूकी के जिलाध्यक्ष कार्यकाल के दौरान समाजवादी पार्टी और कार्यकर्ताओं के संघर्ष की कहानी बखूबी दर्शायी गई है। पत्रिका के विमोचन के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, वरिष्ठ नेता उदय प्रताप, राम गोविंद चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा एवं नदीम अहमद फरूकी व जनपद समाजवादी पार्टी के नेता जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, डॉ. नवल किशोर, डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, सर्वेश अम्बेडकर, मंदीप यादव, विजय यादव, मनोज मिश्र सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। पत्रिका का संपादन सुरेन्द्र सिंह गौर ने किया तथा संपादक मंडल के अन्य सदस्यों का इसमें सराहनीय योगदान रहा।

# पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर बुंदेलखंड का पिछड़ापन दूर करने का होगा प्रयास

- 23 जनवरी से 18 फरवरी तक बुन्देलखण्ड के 7 जिलों में होंगी पर्यटन से जुड़ी गतिविधियां: जयवीर
- पर्यटन मंत्री ने किया बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के 'लोगो' का अनावरण

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 23 जनवरी से 18 फरवरी 2024 तक बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव का आयोजन बुन्देलखण्ड के 07 जनपदों में किया जायेगा। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यटकों एवं सैलानियों को बुन्देलखण्ड के सभी जनपदों में मौजूद ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के स्थलों के बारे में जानकारी मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। बुन्देलखण्ड के पिछड़ेपन को दूर करने में पर्यटन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि एक पर्यटक कम से कम 06 लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्री आज पर्यटन भवन के सभागार में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव की रूपरेखा एवं इससे संबंधित ''लोगो'' के अनावरण के




अवसर पर प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी से शुरू हो रहे 16 दिवसीय बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के तहत झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट तथा बांदा में विभिन्न कार्यक्रम एवं हेरीटेज वॉक का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम 23 जनवरी को झांसी के किले से शुरू होकर 18 फरवरी को बांदा जनपद के कलिंजर फोर्ट में समाप्त होगा।उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड अपने गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक इमारतों और प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है। हर जिले की अपनी अलग पहचान, भेष-भूषा, खान-पान तथा सांस्कृतिक विविधता है। इस कार्यक्रम के दौरान यहां की विविधता को विश्व से परिचित कराने का प्रयास किया जायेगा।

बुन्देलखण्ड में 34 किले गढ़ी तथा ऐतिहासिक इमारतें हैं। पर्यटन विभाग राजस्थान प्रदेश की तर्ज पर इनका पुनर्रोद्धार और सौन्दर्यीकरण करके पीपीपी मोड पर संचालित कराना चाहता है। बरूआ सागर तथा चुनार के किलों के फाइनल बिड खोली गयी है। मध्य प्रदेश में बुन्देलखण्ड की तरह ही यूपी में स्थित बुन्देलखण्ड का विकास किया जायेगा। स्थानीय जनजीवन को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर बुन्देलखण्ड का पिछड़ापन दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में बुन्देलखण्ड यूआई के ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करेगा।

मीडिया एवं सोशल मीडिया की बुन्देलखण्ड को पिछड़ेपन के कुचक्र से निकालने में ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग के रूप में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के समय प्रधानमंत्री बुन्देलखण्ड के गौरवशाली इतिहास एवं किलो को पुनर्जीवित करके आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का जिक्र किया था। पर्यटन विभाग इस दिशा में तेजी से कार्यवाही कर रहा है।

# नियति ने तय कर लिया था कि अयोध्या में राम मंदिर अवश्य बनेगा : लालकृष्ण आडवाणी

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का संकल्प अब पूर्ण होने को है। इस संकल्प को जमीन पर उतारने का श्रेय रामभक्तों को है। उन्हीं रामभक्तों में से एक नाम है पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी का। उनकी राम रथयात्रा ने देशभर में मंदिर मुक्ति आंदोलन में एक नई जान फूंक दी थी।

आडवाणी अब 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने को आतुर हैं। आडवाणी ने इस पल को लाने, रामलला का भव्य मंदिर बनवाने और उनका संकल्प पूर्ण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। अपने इन मनोभावों को उन्होंने मासिक पत्रिका 'राष्ट्रधर्म' के विशेषांक के लिए लिखे एक आलेख में व्यक्त किया है। यह विशेषांक 15 जनवरी को प्रकाशित होगा।

आडवाणी अपनी रथयात्रा को याद करते हुए लिखते हैं कि रथयात्रा को आज करीब 33 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। 25 सितंबर, 1990 की सुबह रथयात्रा आरम्भ करते समय हमें यह नहीं पता था कि प्रभु राम की जिस आस्था से प्रेरित होकर यह यात्रा आरम्भ की जा रही है, वह देश में आंदोलन का रूप ले लेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उस समय रथयात्रा में मेरे सहायक थे। वे पूरी रथयात्रा में मेरे साथ ही रहे। राम ने अपने अनन्य भक्त को उस समय ही उनके मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए चुन लिया था। आडवाणी स्वयं भी ऐसा मानते हैं कि उनकी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने उन्हें भारत को पुनः जानने और इस प्रक्रिया में अपने आपको भी फिर से समझने का अवसर दिया।

वे कहते भी हैं कि जैसे जैसे रथयात्रा आगे बढ़ रही थी और उसके साथ ही जनसैलाब भी जुड़ता जा रहा था। जन समर्थन गुजरात से बढ़ता हुआ महाराष्ट्र में व्याापक हो गया और उसके बाद के सभी राज्यों में भी उत्तरोत्तर बढ़ता जा रहा था।

## 22 जनवरी, 2024 को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अभिलाषा होगी पूर्ण

यात्रा में 'जय श्रीराम' व 'सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे' के गगनभेदी नारे गूंजते रहते थे। उन्होंने लिखा, 'रथयात्रा के समय ऐसे कई अनुभव हुए जिन्होंने मेरे जीवन को प्रभावित किया। सुदूर गांव के अंजान ग्रामीण रथ देखकर भाव-विभोर होकर मेरे पास आते। वे प्रणाम करते। राम का जयकारा करते और चले जाते।' यह इस बात का संदेश था कि पूरे देश में राम मंदिर का स्वप्न देखने वाले बहुतेरे हैं। वे अपनी आस्था को जबरन छिपाकर जी रहे थे। 22 जनवरी, 2024 को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही उन ग्रामीणों की दबी हुई अभिलाषा भी पूर्ण हो जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण वीसी इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वीसी के निर्देशों के तहत काकोरी के मौंदा नहर स्थित अवैध प्लॉटिंग का ध्वस्तीकरण किया गया। प्रवर्तन जोन 3 के जोनल अधिकारी देव्यांश त्रिवेदी ने बताया कि चांद कुरैशी प्रॉपर्टी व अन्य लोगों के द्वारा काकोरी के मौंदा में पानी फैक्ट्री के पास नहर के पास में सोसाइटी विकसित की जा रही थी., जिनके नाम ड्रीम सिटी, सगुन सिटी, कृष्णा विहार यहां पर लगभग 70 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। एलडीए से नक्शा पास कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफविहित न्यायालय द्वारा वाद करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था। आदेश के तहत सहायक अभियंता के नेतृत्व में अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया गया है। इसके अनुपालन में आज सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत कुमार पाण्डेय, भानू प्रताप वर्मा, प्रमोद कुमार पांडेय द्वारा बिना नकध्शा पास कराए प्रॉपर्टी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं एलडीए के अधिकारियों ने बताया अवैध रूप से जो भी बिना मानचित्र के निर्माण होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### पीएम कुसुम योजना में मिलती रहेगी 60 प्रतिशत सब्सिडी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान यानि पीएम कुसुम योजना अंतर्गत निविदा मूल्य बेंचमार्क मूल्य से अधिक होने एवं केन्द्र सरकार द्वारा बेंचमार्क मूल्य पर ही अनुदान दिए जाने के फल स्वरुप कृषकों के हित में निविदा मूल्य पर 60 प्रतिशत अनुदान पर कृषकों के प्रक्षेत्रों पर सोलर पम्पों की स्थापना के लिए मंत्री परिषद द्वारा 168.63 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि का टॉप अप अनुमोदन किया गया। सोलर पम्प के कच्चे माल रॉ मटेरियल के मूल्य में वृद्धि होने के फल स्वरुप सोलर पैनल गत वर्ष के टेंडर मूल्य में 18 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो गई थी। इसके फलस्वरुप किसानों पर कृषक अंश के भार की बढ़ोतरी हो रही थी, योजना के लोकप्रियता को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार के द्वारा सोलर पम्प के मूल्य पर कृषकों को 60 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य कराए जाने हेतु अतिरिक्त मूल्य को राज्य सरकार के अंश से टॉप अप किए जाने के लिए 2023-24 हेतु रूपए 68.29 करोड़ एवं 2024-25 के लिए रुपये 100.34 करोड़ 168.63 करोड़ रुपए के अतिरिक्त धनराशि मंत्री परिषद द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। कृषकों के प्रक्षेत्र पर सोलर पम्पों की स्थापना कराये जाने से डीजल एवं बिजली की बचत तथा राष्ट्रीय स्तर पर कार्बन की तीव्रता में भी कमी आएगी। 23-24 में 30000 सोलर पम्प तथा 2024-25 में 44250 सोलर पम्प, 74250 सोलर सिंचाई पम्पों की स्थापना कराई जाएगी। इन सोलर पम्पों के स्थापना पर क्रमश: 2023-24 में 285.39 करोड़ तथा 2024-25 में रुपया 406.564 करोड़ इस प्रकार कुल रुपया 691.9540 करोड़ रुपए का व्यय प्रदेश सरकार के द्वारा किया जाएगा।

### गोरखपुर के लिए 145.66 लाख अवमुक्त

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत गोरखपुर में 02 कार्यों हेतु 145.66 लाख रुपये अवमुक्त किये हैं। अवमुक्त की गयी धनराशि जिलाधिकारी, गोरखपुर के निवर्तन पर रखी गयी ।नियोजन विकास ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार गोरखपुर के मुहल्ला नरिया टोला प्रथम की आन्तरिक गलियों में नाली का निर्माण कार्य किये जाने हेतु 59.06 लाख रुपये तथा जंगल बहादुर गली-2 में सावित्री स्कूल से सहाई आदि एवं खेखपुरवां तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य हेतु 86.60 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं।

# मुख्य सचिव ने की एमएसएमई विभाग के कार्यों की समीक्षा

**निर्देश**

- ओडीओपी योजना से स्थानीय स्तर के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही
- ओडीओपी के लाभार्थियों को आधार और फैमिली आईडी से जोड़ा जाए

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि ओडीओपी योजना से स्थानीय स्तर के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। इसे अगले लेवल तक ले जाने तथा ओडीओपी को और बढ़ावा देने के लिये विचार-विमर्श कर रणनीति तय करें। ओडीओपी की जनपदवार रैकिंग करायी जाए। अयोध्या में स्टैण्डर्ड मॉडल बनाकर ओडीओपी का एक स्टोर स्थापित कराया जाये। इसके अलावा ओडीओपी के लाभार्थियों को आधार और फैमिली आईडी से जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि यूपी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल को जिले की ओडीओपी इकाइयों को व्यापार के लिये इनपुट प्रदान करने हेतु इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड जैसी ट्रेड से सम्बन्धित संस्थाओं और एजेन्सियों के साथ जोड़ा जाए। उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिये क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) के सहयोग से सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित कराकर उद्यमियों के बीच इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। पैकेजिंग संबंधित प्रशिक्षण को मार्केट की मांग के अनुरूप बनाने के लिये विभिन्न उद्योग संघों से संपर्क किया जाये, ताकि उत्पादों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

बैठक में बताया गया कि ओडीओपी ट्रेनिंग एवं टूलकिट वितरण योजना के अन्तर्गत 10 दिनों की स्किल ट्रेनिंग के उपरान्त मॉर्डन टूलकिट प्रदान की जाती है। वर्ष 2018 से अब तक 1,07,472 हस्तशिल्प व्यक्तियों व कारीगरों को प्रशिक्षित तथा 81,732 व्यक्तियों को टूलकिट का वितरण किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना के तहत 25,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत लोगों का प्रशिक्षण का कार्य पूरा हो चुका है।



### स्वामी विवेकानंद जी की जयंती झंडेवाला पार्क अमीनाबाद में मनाई गयी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रतिवर्ष की भांति स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस पर झंडेवाला पार्क अमीनाबाद में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विंध्यवासिनी कुमार साथ में महापौर सुषमा खरक्वाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने प्राचीनतम सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर रखा। आपने कहा कि राम मंदिर का उदघाटन हो रहा है, आप सभी इस अवसर पर अपने-अपने घरो में दिया जलाये, ये देश के सांस्कृतिक पुनरुद्धार की यात्रा है। कार्यक्रम में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, रजनीश गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री जयति श्रीवास्तव, पूर्व संघठन मंत्री जय प्रकाश, विजयसेन सिंह, प्रो अशोक मिश्र, अधिवक्ता गिरीश सिन्हा, अधिवक्ता देवेश कुमार, पार्षद राजीव बाजपेयी, संदीप शर्मा, गिरीश गुप्ता, साकेत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगौं ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।

# लखनऊ में गाड़ी खड़ी करने को लेकर फायरिंग

**अपराध**

- भाई-बहन को लगी गोली, फोर्स तैनात

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना इलाके में शुक्रवार को घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद में फायरिंग हो गई। गोली लगने से भाई-बहन घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपित को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह दौलतगंज निवासी मोनू की गाड़ी खड़ी करने को लेकर मनोज मिश्र से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद मनोज ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से मोनू और उसकी बहन घायल हो गये। फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में मनोज ने फायरिंग की है। इसमें भाई-बहन घायल हुए हैं। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग करेगा यूपी दौरा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** देश में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग यूपी का दौरा करने वाली है। 29 जनवरी को टीम लखनऊ आएगी। 30 जनवरी को लखनऊ में सभी जिलों के डीएम, एसपी, पुलिस कमिश्नर, मंडलायुक्त के साथ आयोग समीक्षा बैठक कर स्थिति का जायजा लेंगे। इसके बाद 31 जनवरी को सभी दलों के साथ मुलाकात करेंगे। इसके बाद टीम 31 जनवरी को दिल्ली के लिए वापस लौट जएगी। भारतीय निर्वाचन आयोग ने 11 जनवरी को एक सम्मेलन के दौरान अपनी वेबसाइट का नया संस्करण लॉन्च किया। आयोग ने बताया कि अब इसी वेबसाइट पर नियमित रूप से प्रकाशित प्रेस विज्ञप्तियों, संचार, निर्देशों और रिपोर्टों के माध्यम से आयोग की विभिन्न पहलों और गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।

# महाप्रबन्धक ने कटरा स्टेशन पर हुए यात्री सुविधा निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने आज प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री रंजन यादव, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री संजय सिंघल, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनोज कुमार सिन्हा, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री राजेश पाण्डेय, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री एम. के. अग्रवाल, मुख्य इंजीनियर सा0, श्री संजय यादव, सीटीपीएम श्री आशीष भाटिया, सचिव/महाप्रबन्धक श्री आनन्द ऋषि श्रीवास्तव तथा लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक श्री आदित्य कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/इंफ्रा श्री राजीव कुमार एवं मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति श्री राघवेन्द्र कुमार तथा समस्त शाखाधिकारी की उपस्थिति में लखनऊ मण्डल के रामघाट हाल्ट एवं कटरा रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के आरम्भ में महाप्रबंधक महोदया ने कटरा रेलवे स्टेशन पर हुए यात्री सुविधा उन्नयन निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होनें स्टेशन मास्टर कार्यालय, स्टेशन के नये प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार, पी.पी. शेल्टर, नये प्रसाधन का निर्माण तथा पुराने प्रसाधन का नवीनीकरण, 40,000 लीटर क्षमता के वॉटर हेड टैंक का निर्माण, मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु प्रतीक्षालय का सौन्दर्यीकरण, बैठने की व्यवस्था बैंच, ग्लोशाइन स्टेशन नाम बोर्ड, साइनेजेज, वाटर बूथ तथा प्र्याप्त प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होनें संबंधित अधिकारियों को अयोध्या परिक्षेत्र में चल रही रेल परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने पर बल दिया। जिससे यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध हो सकें।

इसके पश्चात् महाप्रबंधक ने रामघाट हाल्ट स्टेशन के विकास कार्यो की अद्यतन स्थिति का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रामघाट हाल्ट स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाए जा रहे मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। स्टेशन नवनिर्मित मल्टीफंक्शनल काम्प्लेक्स के निर्माण हो जाने से यात्रियों की सुविधा हेतु टिकट विंडो, सामान्य उपयोग में आने वाली वस्तुओं की खानपान स्टॉल, रिटायरिंग रूम की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा सदस्य चुने जाने पर आप ने मनाया जश्न

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा में भेजे जाने के बाद उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता, न केवल उत्साह में डूबे हुए हैं बल्कि हर्ष और उल्लास के साथ अपनी प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में कमोबेश उत्साह का ही माहौल देखने को मिल रहा है स आम आदमी पार्टी यूपी इकाई द्वारा शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में जिला मुख्यालय के करीब हर प्रमुख चौराहे, जिला पार्टी कार्यालय में उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता ढोल नगाड़े बजाकर अपने नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया। लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय पर कार्यकर्ताओं में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

# नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन ने पुरानी पेंशन बहाली के लिये किया भूख हड़ताल

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** आल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन एवं पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के तत्वावधान में संयोजक कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा के आवाहन पर चार दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। आयोजन के अन्तिम दिन नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन आलमबाग मैकेनिकल शाखा द्वारा यूनियन कार्यालय के सामने सीडब्ल्यूएम प्रांगण में यूनियन की मांगों को लेकर भूख हड़ताल आयोजित किया गया।

शाखाध्यक्ष कॉम अखिलेश विश्वकर्मा ने समस्त कर्मचारियों में जोश भरते हुए युवाओं सहित सभी को न्यू पेंशन स्कीम के नुकसान एवं ओल्ड पेंशन स्कीम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यूनियन के महामंत्री कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा द्वारा वित्तमंत्री भारत सरकार को दिए गये मेमोरेंडम के बारे में भी विस्तार से बताया।

शाखाध्यक्ष ने बताया कि रेल कर्मचारी किस तरह कोरोना महामारी के दौरान विषम परिस्थितियों में भी देश की सेवा की। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी समय-समय पर महामंत्री शिव गोपाल मिश्र द्वारा दिए गए निर्देश व कार्यक्रम को सफल सफल बनाकर उनके सपनों को साकार करें। अध्यक्षता कॉमरेड अखिलेश विश्वकर्मा व संचालन कॉमरेड कृष्ण गोपाल अवस्थी ने किया।

चार दिवसीय भूख हड़ताल के अंतिम दिन केंद्रीय उपाध्यक्ष रामावतार मीना, अनूप बाजपेयी, मदन गोपाल मिश्रा, मण्डल उपाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, ट्रिजा मिंज, संजीव मिश्रा, कृष्ण गोपाल अवस्थी सहित समस्त शाखा के समस्त पदाधिकारीगण, यूथ विंग्स, महिला विंग्स एवं बहुत सारे युवा कर्मचारियों ने अपना विचार रखा।

# जनविकास महासभा एवं सृजन फाउंडेशन ने यूपी महोत्सव में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

- स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर चलकर युवा मजबूत राष्ट्र बनाने में दें योगदान : पंकज तिवारी

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर जानकीपुरम में चल रहे उत्तर प्रदेश महोत्सव में जनविकास महासभा एवं सृजन फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उपस्थित समस्त व्यक्तियों द्वारा उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर जनविकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी ने कहा की विवेकानंद जी का एक वाक्य अवश्य ही देश के सभी युवाओं को अपने जीवन में धारण करना चाहिए और वह वाक्य है उठो जागो आगे बढ़ो और तब तक ना रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए और इसी को अपना आदर्श वाक्य बना कर देश के युवाओं को अपने देश को मजबूत राष्ट्र बनाने में योगदान देना चाहिये।

कार्यक्रम में उपस्थित सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अमित सक्सेना, सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कैरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) के अध्यक्ष डॉ अगम दयाल जनविकास महासभा के मंत्री अजय यादव सेक्टर-5 जानकीपुरम विस्तार के अध्यक्ष एस पी मिश्रा एवं महासचिव सुशील कुमार श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में देशराज यादव, शशि मोहन, शैलेंद्र मोहन, दिव्या शुक्ला, उदयराज सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**समायोजन**

## धरना प्रदर्शन की व्यूह रचना करते पाये जाने पर हुई कार्रवाई


# स्मारक समिति के निलम्बित 17 कर्मचारी दूसरे स्थानों पर सम्बद्ध

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के स्मारक, संग्रहालय, संस्था, पार्क व उपवन की प्रबंधन, सुरक्षा व अनुरक्षण समिति के 17 कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन की व्यूह रचना करता पाये जाने पर उन्हें दूसरे प्राधिकरण स्थान पर सम्बद्ध कर दिया गया। उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने निलम्बित कर्मचारियों का अवकाश भी रद्द कर दिया है।

स्मारक समिति के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ कर्मचारियों ने प्रदर्शन स्थल पर वार्ता करने गये प्रबंधक प्रशासन राजीव कुमार से अभद्रता की। इसके बाद गोमती नगर थाने की पुलिस ने कर्मचारियों को हिरासत में लिया, इस पर प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने थाने का घेराव किया। इससे नाखुश होकर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बैठक कर प्रदर्शन में शामिल 17 कर्मचारियों की जानकारी कर उनके विरुद्ध अनुशासनहीनता के तहत निलम्बित करते हुए उन्हें दूसरे स्थानों से सम्बद्ध करने की कार्रवाई की।

उनके आदेश पर कर्मचारी कौशल आदित्य को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, विमिलेश कुमार वर्मा को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, रमेश प्रसाद गुप्ता को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, राजपूत मिथुन चन्द्रपाल को बाबा साहेब



भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, विजय कुमार यादव को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, दिनेश कुमार सिंह को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, इकरार अली को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, राजेन्द्र कुमार गिरि को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, तरुण कुमार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, तरनीम को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, इन्द्रपाल गंगवार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, राजनारायण भारद्धाज को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, मारकण्डेय सिंह को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, रामप्रकाश पटेल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, जितेन्द्र कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन नोएडा, सूर्य प्रकाश सिंह पटेल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर से सम्बद्ध कर दिया।

वहीं निलम्बित के साथ दूसरे स्थानों पर सम्बद्ध हुए कर्मचारियों की माने तो उनकी मांग जायज है और इससे पीछे नहीं हटेंगे। स्मारक समिति के अधिकारियों ने उनके केन्द्र से आये भविष्य निधि की करोड़ों रुपये की राशि नहीं दी और इसके बाद कर्मचारियों ने अपनी बात रखनी चाही तो उन्हें बात करने से मना कर दिया गया। इसके बाद ही प्रदर्शन शुरु हुआ, जिसमें पहले उनका निलम्बन हुआ है और अब दूसरे स्थान के पार्कों में उन्हें सम्बद्ध कर दिया गया है, जो सरासर गलत है।


# डीएम ने की जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कार्रवाई

**नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक समेत 04 को विशेष प्रतिकूल प्रविष्ट अक्टूबर 2023 में सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में हुई थी शिकायत**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

तहसीलदार सदर सत्यपाल सिंह समेत पांच अन्य अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और शिथिलता बरतना शुक्रवार को भारी पड़ गया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष जनता दर्शन में प्रकरण सामने आने पर इन सभी के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए गए हैं। तहसीलदार सदर से 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही, 16 जनवरी तक प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित कर आख्या प्रस्तुत करने के लिए आदेश दिए गए हैं। अन्य के खिलाफ मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने साफ किया है कि जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।

**जनता दर्शन में सामने आई थी शिकायतः** तहसील गोण्डा के खिरौरा मोहन (चिलबिला खत्तीपुर) निवासी पं. राम किशुन मिश्र ने बीते 18 अक्टूबर को जनता दर्शन में उपस्थित होकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा को सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।




जिलाधिकारी ने एसडीएम और सीओ सदर को इस प्रकरण कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देश किया।

**समिति बनाने के बाद नहीं की कार्यवाहीः** इस पूरे प्रकरण में तहसीलदार, सदर द्वारा 25 नवम्बर 2023 को नायब तहसीलदार नेहा राजवंशी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन कर कार्यवाही सुनिश्चित कर रिपोर्ट देने को कहा। 10 जनवरी को शिकायतकर्ता पं. राम किशुन मिश्र ने जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर कोई कार्यवाही न होने की जानकारी दी।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसमें कई बार इस प्रकरण के संबंध में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार से सम्पर्क किया। बार-बार चक्कर काटने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। जनशिकायत के निस्तारण में लापरवाही और शिथिलता के मद्देनजर तहसीलदार सदर सत्यपाल सिंह, नायब तहसीलदार विरवा नेहा राजवंशी, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक रामानुज, लेखपाल अक्षय कुमार पाण्डेय और क्षेत्रीय लेखपाल नृपेन्द्र त्रिपाठी के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**तहसीलदार को यह आदेश दिए गएः** जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर सत्यपाल सिंह को स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर चकमार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराने और 16 जनवरी तक आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। तहसीलदार सदर से समस्या का निस्तारण सुनिश्चित न कर पाने के चलते तीन दिन में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। वहीं, नायब तहसीलदार विरवा नेहा राजवंशी, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक रामानुज, लेखपाल अक्षय कुमार पाण्डेय और क्षेत्रीय लेखपाल नृपेन्द्र त्रिपाठी की परिनिन्दा की गई है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

- स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर हम आधुनिक भारत का निर्माण कर सकते हैं: प्रो दिव्य दर्शन तिवारी

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने कहा स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर हम आधुनिक भारत का निर्माण कर सकते हैं जो विकसित राष्ट्र बनाकर विश्व का नेतृत्व करेगा। इस अवसर पर संस्थापक पौत्र डॉ मुरारी लाल श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित को संबोधित करते हुए कहा कि अत्यंत अल्प जीवन में स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा श्रोत बने और आज भी उनका मार्गदर्शन प्रासंगिक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमधिकारी डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति सदैव सजक रहे और स्वामी विवेकानंद के प्रेरणा लेकर अपने जीवन को उन्नत के मार्ग पर अग्रसर करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ सुभाष चन्द्र, प्रो दयाराम यादव, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ राम जनम, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, ईडीपी धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव एवं छात्र-छात्राएं आदि लोग उपस्थित होकर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए।

# फसल सर्वे के आदेश से आक्रोशित पंचायत सहायकों ने एडीओ को सौंपा ज्ञापन

- सचिवालय सहित गांव के कई कार्य है जिससे वह फसल सर्वे का कार्य करने में है असमर्थ

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



फसल सर्वे के आदेश से अक्रोशित पंचायत सहायकों ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। पंचायत सहायकों का कहना है कि उनके जिम्मे ग्राम सचिवालय सहित गांव के कई कार्य है जिससे वह फसल सर्वे का कार्य करने में असमर्थ हैं। शुक्रवार को जरवल के दर्जनों पंचायत सहायकों ने ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर जिला पंचायत राज अधिकारी को सम्बोधित एडीओ आईएसबी राजेश सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। सभी पंचायत सहायकों का कहना है कि उनके पास ग्राम सचिवालय संचालित करने, जन सेवा केंद्र संचालित करने, शौचालय सर्वे व सत्यापन, जिओ टैगिंग, रिट्रोफिटिंग सर्वे पेंशन सत्यापन केवाईसी समेत अन्य पंचायत विभाग के कार्य है साथ ही स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का अतिरिक्त भार है। ऐसे में पंचायत सहायक अब फसल सर्वे का कार्य करने में असमर्थ है।

इस दौरान किरन, रेनू ,परमिला,जीनत,उजमा खातून, खुशबू ,शशि देवी,शिवानी, तरन्नुम फातमा, मीना,आराधना,मोहित मिश्रा, पंकज, डेविड, प्रदीप, अनिल, राजन, पवन समेत काफी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।



## जीआईसी कालेज में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** राजकीय इंटर कालेज रमपुरवा में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। नवाबगंज बीडीओ डॉ. राहुल पांडेय,आरएसएस के विभाग प्रचारक डॉ. अवधेश कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार पांडेय समेत शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। नवाबगंज बीडीओ एंव विभाग प्रचारक ने अपने अमूल्य विचारों से विवेकानंद के जीवन से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर कर उनके जीवन के रोचक और शैक्षिक बातों को बता कर बच्चों का ज्ञानवर्धन और उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार पांडेय ने स्वामी विवेकानंद के चरित्र एंव उनके द्वारा किए गए कार्यों से देश का मान बढाने के विषय के बारें में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. मुन्ना कुमार आर्य, महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. कमल किशोर शुक्ल,डॉ.अश्विनी सिंह, प्रवीण सिंह, सिद्धनाथ शर्मा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, प्रियरंजन, अरविंद मिश्र, अनिल कुमार, रफी अहमद, प्रवीण त्रिपाठी, मानसी दीक्षित, दीपशिखा अवस्थी समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

# एसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड की गुणवत्ता का अवलोकन किया इसके बाद अर्दली रूम कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।



एसपी ने बैरक का निरीक्षण कर साफ सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर शस्त्रागार का निरीक्षण किया एवं परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। रिजर्व पुलिस लाइन में बेहतर साफ सफाई एवं छुट्टा गौवंशो को परिसर से बाहर करने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शौचालयों का निरीक्षण कर उनकी मरम्मत और उच्च सफाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए, निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर उनकी प्रगति को तीव्र करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिस भी स्थानों पर मरम्मत की आवश्यकता है एवं नए निर्माणाधीन कार्य अपेक्षित है उनके सम्बन्ध में रिपोर्ट तैयार कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा शाखा डायल-112 व यातायात शाखा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा एसपी ने नवनिर्मित थाना- साइबर थाना का निरीक्षण किया तत्पश्चात पुलिस कैंटीन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### फसल सर्वे के आदेश से आक्रोशित पंचायत सहायकों ने सौपा ज्ञापन

**बहराइच। समृद्धि न्यूज** फसल सर्वे के आदेश से अक्रोशित पंचायत सहायकों ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। पंचायत सहायकों का कहना है कि उनके जिम्मे ग्राम सचिवालय सहित गांव के कई कार्य है जिससे वह फसल सर्वे का कार्य करने में असमर्थ हैं। शुक्रवार को जरवल के दर्जनों पंचायत सहायकों ने ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर जिला पंचायत राज अधिकारी को सम्बोधित एडीओ आईएसबी राजेश सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। सभी पंचायत सहायकों का कहना है कि उनके पास ग्राम सचिवालय संचालित करने, जन सेवा केंद्र संचालित करने, शौचालय सर्वे व सत्यापन, जिओ टैगिंग, रिट्रोफिटिंग सर्वे पेंशन सत्यापन केवाईसी समेत अन्य पंचायत विभाग के कार्य है साथ ही स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का अतिरिक्त भार है। ऐसे में पंचायत सहायक अब फसल सर्वे का कार्य करने में असमर्थ है। इस दौरान किरन, रेनू ,परमिला,जीनत,उजमा खातून, खुशबू ,शशि देवी,शिवानी, तरन्नुम फातमा,मीना,आराधना,मोहित मिश्रा, पंकज, अखंड ,अजीत ,जितेंद्र,डेविड, प्रदीप, अनिल, राजन,पवन समेत काफी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

### आनलाईन लेन-देन करने वाले हो रहे धोखाधड़ी के शिकार

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** देश में जहाँ एक तरफ सरकार डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दे रही है वहीं उससे धोखाधड़ी के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। यूपीआई आईडी के मोबाइल नंबर और क्यूआर कोड के जरिए खाते का संचालन करने वाले लोगों पर जालसाजों की नजर गड़ी हुई है। जिसका अधिकतर शिकार व्यापारी वर्ग हो रहा है। विगत छह दिनों पूर्व कर्नलगंज के अमित मिष्ठान के दुकान सहित उनकी कई शाखाओं पर फोन करके जालसाजों ने अधिक भुगतान भेज देने का टेक्स्ट मैसेज भेज कर खाते से रुपए उड़ा लिए। वहीं गुरुवार को भी एक व्यापारी से जालसाजों ने 6200 रुपए की धोखाधड़ी किया। कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम गौरवा खुर्द निवासी पंकज जायसवाल का कहना है कि उसके पास सौ पीस समोसा लेने के लिए फोन आया।जिस पर उसने 700 रुपए कीमत बताई तो जालसाजों ने ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए उसका नंबर लिया। उसी के थोड़ी देर बाद उसके नंबर पर एक एसएमएस बनाकर भेजा गया,जिसमें 6900 रुपए भुगतान हो जाने की बात कहते हुए बाकी के रूपये वापस मांगे गए।

### श्री राम कथा सुनकर श्रोता हुए भाव-विभोर

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।** शहर के आवास विकास कॉलोनी के बगल स्थित उपाध्याय चक्की के पास 9 दिवसीय चल रहे श्री राम कथा महोत्सव में गुरुवार को श्री राम कथा में डॉ संत शरण त्रिपाठी के मुखारविंद से माता सती के चरित्र की कथा तथा माता पार्वती के जन्म की कथा एवं भगवान भोलेनाथ तथा माता पार्वती के शुभ विवाह की बहुत सुंदर व्याख्यान सुनाया गया। यह कथा 17 जनवरी तक चलेगी कथा संकल्प 6:00 बजे से 10 बजे तक होती है कथा में भजन कीर्तन भी हुआ कथा समापन के बाद आरती हुई उसके बाद चने का प्रसाद वितरण हुआ इस दौरान श्री राम कथा समिति के सदस्य एसएन मिश्रा ,राजेश उपाध्याय, नंद कुमार उपाध्याय, नरसिंह उपाध्याय, सुधीर उपाध्याय, राहुल उपाध्याय ,पुनीत शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवध प्रांत का उद्यमी सम्मेलन आज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** लघु उद्योग भारती, अवध प्रांत का उद्यमी सम्मेलन एवं कुटुंब प्रबोधन 13 जनवरी को लखनऊ में होगा। यह जानकारी देते हुए उक्त संगठन के प्रांत महामंत्री रामप्रकाश गुप्त ने बताया कि हजरतगंज के होटल सिलवट में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 15 जिलों के कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। इसके मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के खाद्य रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा होंगे। गोंडा से बड़ी संख्या में उद्यमी वर्ग के प्रतिनिधि इसमें प्रतिभाग करेंगे। जिसमें लघु उद्योग भारती जिलाध्यक्ष अनिल जिज्ञासु, महामंत्री शिवकुमार सोनी, डॉ. उषा अग्रवाल, योगेंद्र अग्रवाल, प्रेम किशन श्रीवास्तव, संजय अग्रवाल आदि प्रमुख हैं।

# रिश्वत लेते जेई-एसएसओ रंगे हाथ गिरफ्तार

- विद्युत कनेक्शन के नाम पर ले रहे थे सात हजार रुपये की घूस
- विद्युत कर्मियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

जिले में एक उपभोक्ता से विद्युत कनेक्शन के नाम पर रिश्वत लेना डुमरियाडीह विद्युत उपकेंद्र के जेई व एसएसओ को काफी महंगा पड़ गया। उपभोक्ता की सूचना पर एंटी करप्शन टीम ने दोनों को सात हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों विद्युत कर्मियों को नगर कोतवाली ले जाया गया है। एंटी करप्शन टीम ने जेई और एसएसओ के विरूद्ध भ्रष्टाचार



निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक डुमरियाडीह विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता कपिलदेव वर्मा व संविदा कर्मी एसएसओ रघुनंदन उर्फ विनायक सिंह ने विद्युत कनेक्शन के नाम पर एक उपभोक्ता को कनेक्शन देने के नाम पर सात हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। उपभोक्ता ने इसकी जानकारी एंटी करप्शन टीम को दी तो अफसरों ने दोनों कर्मियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। शुक्रवार को उपभोक्ता सात हजार रुपये लेकर उपकेंद्र पहुंचा। जैसे ही उसने जेई व एसएसओ को सात हजार रुपये पकड़ाये तत्काल एंटी करप्शन टीम के अफसरों ने जेई व एसएसओ को रंगे हाथ पकड़ लिया।

एंटी करप्शन टीम दोनों आरोपियों को पकड़कर नगर कोतवाली ले गई। एंटी करप्शन टीम के उपनिरीक्षक प्रिंस सिंह ने बताया कि दोनो के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।



## शिव मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा में बुधवार की रात अराजक तत्व ने मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया था। दानपात्र को भी तोड़ दिया था पुलिस ने एक आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।रुपईडीहा थाना क्षेत्र के माल गोदाम रोड और एचडीएफसी बैंक के निकट भगवान शिव का मंदिर स्थापित है। मंदिर में बुधवार देर रात को कुछ अराजक तत्व पहुंच गए। सभी ने भगवान शिव की मूर्ति को खंडित कर दिया था। इसके बाद एक मंदिर से दान पात्र भी तोड़ दिया था।प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना में केस दर्ज किया गया था। पुलिस टीम खुलासे के लिए लगी थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के निकट से थाना क्षेत्र के पोखरा पचपकडी गांव निवासी वशीर पुत्र रसूल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है।नशे की की लत को पूरा करने के लिए मंदिर से चोरी की और मंदिर में तोड़फोड़ की। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक विजय कुमार, सिपाही धीरेंद्र प्रताप सिंह, निरुपम दूबे और जय चंद्र गौड़ शामिल रहे।

# डीएम का आदेश बेअसर,छुट्टी के बाद भी खुले स्कूल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर की दृष्टिगत से कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालय को 13 जनवरी तक बंद रहने के निर्देश दिया था।बच्चों को ठंड व उनकी सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर बीएसए ने समस्त परिषदीय मान्यता प्राप्त विद्यालय को बंद करने का आदेश दिया था।लेकिन निजी स्कूल पाण्डेय बजार में स्थित बीआरएस इंटर कॉलेज पर डीएम का आदेश बेअसर रहा।जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी बीआरएस इंटर कॉलेज यूकेजी से इंटर तक खुला रहा.शीतलहर और ठंड के चलते क्षेत्र के विद्यालय तो बन्द रहे तो वही बीआरएस इंटर कॉलेज सरकारी आदेश को दरकिनार कर अपने विद्यालय खोल रखें।इन स्कूल संचालकों के ऊपर आदेश का कोई फर्क नहीं पडा। बच्चों के साथ कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रशासनिक आदेश को मानना सबका कार्य है।

खुलने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।सुबह करीब 10:30 पर विकासखंड झंझरी के पाण्डेय बाजार में स्थित बीआरएस इंटर कॉलेज खुला हुआ रहा।जबकि इस विद्यालय में अवकाश होने के बाद भी स्कूल खुला रहा।छात्र स्कूल में बैठकर पढ़ते दिखे।

# नजूल जमीन पर बिना फ्री होल्ड के बन गई दुकानें

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

कहने को है की नजूल की संपत्ति पर बिना फ्री होल्ड और नक्शे के बिना निर्माण नहीं हो पाएगा, वही मालवीय नगर में डॉक्टर बिष्ट की गली में नगरपालिका ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण रोकने के लिए प्रशासन की ओर से तमाम प्रयास करने का दावा हमेशा से किया गया है। लेकिन वास्तविकता इससे कोसों उलट नजर आती है।




शहर के बीचोंबीच मालवीय नगर में डॉक्टर विष्ठ की गली में में बिना फ्री होल्ड के नजूल की जमीन पर हुए अवैध निर्माण को रोकने के लिए नगर पालिका ने दो-दो बार नोटिस जारी किया लेकिन नगर पालिका नोटिस जारी करती रही और अवैध निर्माण होता रहा। जहां भवन निर्माण कार्य को अवैध मानते हुए स्थानीय नगर पालिका ने नोटिस भी जारी करने की कार्रवाई तक की और जिला कलेक्टर ने भी इस पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। लेकिन तमाम कागजी दावों के बाद भी निर्माण कार्य पूरा हो जाना प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है,चर्चा है प्रशासन की लाचारी की तरफ इशारा करता है। जो कि अवैध निर्माण कर्ताओं की रसूख अथवा प्रशासन को किसी लाभ के कारण हो सकता है। डॉक्टर बिष्ट की गली में मालवीय नगर में अकबर मेंहदी और अफसर मेंहदी माजिद टेलर्स और ओमप्रकाश उर्फ दद्दू ने नजूल की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। इस अवैध निर्माण को रोकने के लिए नगर पालिका ने पत्रांक संख्या 1207,1208, और 1364 के जरिए नोटिस जारी किया और नोटिस की एक प्रतिलिपि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर चौकी प्रभारी गुरूनानक एवं नगर पालिका परिषद को की गई।

जहां अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संजय मिश्रा कहते हैं कि जब निर्माण की प्रक्रिया अवैध है तो भविष्य में वैध कैसे हो सकता है नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर अपनी नाकामी छिपाने के लिए नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी होने पर भी न जाने कौन सी गोपनीय जांच कई महीने से कर रहे हैं जिसे बता पाने में असमर्थ हैं। वही प्रकरण पर नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर से बात करने पर उन्होंने गेंद अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के पाले में डालते हुए कहा कि उन्होंने नोटिस भेजी थी उनसे बात कीजिए। जबकि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संजय मिश्रा से बात करने पर उन्होंने कहा कि मैं अभी बाहर हूँ आने पर देखता हूँ। प्रकरण याद नहीं आ रहा है।

## युवा दिवस के रूप में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांधी पार्क में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर प्रधानाचार्य हनुमंत लाल पांडेय द्वारा पुष्पार्चन से आरंभ हुआ। तत्पश्चात विवेकानंद के जीवन पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखें इसी कार्यक्रम के संदर्भ में प्रधानाचार्य ने विवेकानंद के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को उनके बताएं आदर्श को अपने जीवन में उतारे जिससे आपका जीवन भी अच्छा हो सके। उठो जागो और लक्ष्य को प्राप्त करो। शिकागो में जाकर विश्व धर्म सम्मेलन में भारत के सनातन धर्म का जो परचम लहराया परचम आज भी लोगों को प्रेरित कर रहा है।

# जिला प्रचारक की टोली ने किन्नरों को भेंट किये अक्षत

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में श्रीराम के जयकारों व राम आ रहे हैं की धुन के बीच पूजित अक्षत का वितरण किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में मातृशक्तियां भी घर-घर पहुंच रही हैं। शुक्रवार को महिलाओं शहर के मोहल्लें में पहुंचकर पूजित अक्षत भेंट किया। राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता के नेतृत्व में शुक्रवार को टोली ने घर-घर जाकर मातृ शक्तियों को पूजित अक्षत व पत्रक भेंट कर दीपोत्सव व रामोत्सव भव्य तरीके से मनाने के लिए प्रेरित किया। अक्षत पाकर महिलाएं राम आ रहे हैं की धुन पर नृत्य किया। उधर सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर के नेतृत्व में शहर के किन्नर समाज के लोगों को पूजित अक्षत एवं राम मंदिर का चित्र देकर 22 जनवरी को दीपोत्सव के साथ राम उत्सव मनाने का आग्रह किया। किन्नर समाज के लोग राम मंदिर का पूजित अक्षत पाकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि इस रामोत्सव में मुख्यमंत्री आभारी हैं। इस अवसर पर संघ के जिला प्रचारक अजय,जिला प्रचार प्रमुख विपिन, नगर प्रचारक दौलत, नगर कार्यवाह शिवम नारायण आदि पदाधिकारी व स्वयंसेवक मौजूद रहे।

**जायजा** — **गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर जताया संतोष**

# नामित नोडल अधिकारी ने गौआश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में संचालित गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के लिए जिले के 02 दिवसीय भ्रमण पर आये शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी अपर निदेशक सूडा आनन्द कुमार शुक्ला ने ब्लाक कैसरगंज अन्तर्गत गौ आश्रय स्थल परसेण्डी व ब्लाक फखरपुर के अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल सौगहा का निरीक्षण कर निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. शाही, पशु चिकित्साधिकारी फखरपुर डॉ. सुभाष चन्द्र मौर्या सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। गोआश्रय स्थल सौगहना के निरीक्षण के दौरान आनन्द कुमार शुक्ला ने गोआश्रय स्थल पर चारा भूसा, पेयजल, शेल्टर व तैनात कार्मिकों तथा उनके भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी को बताया गया कि यहां पर कुल 736 गौवंश संरक्षित है जिनके लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा व चारा उपलब्ध है। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग की जाय तथा ठंड से बचाव के लिए गोवंशों के लिए टाट कोट का प्रबन्ध किया जाय।

नोडल अधिकारी ने सुझाव दिया कि ठंड के प्रभाव को कम करने के लिए गो आश्रय स्थलों में बिछावन के रूप में पुआल लकड़ी का बुरादा तथा गन्ने के अवशेष का प्रयोग किया जाय ताकि गौवंशों का ठंड से समुचित बचाव किया जा सके। शीत ऋतु में वृद्ध, अशक्त व नवजात गोवंश पर विशेष ध्यान दिया जाय। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे कोई भी गोवंश रात्रि में खुले स्थान में न रहने पायें, इसके लिए पृथक रूप से विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। नोडल अधिकारी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना से आच्छादित परिवारों से दूरभाष पर बात की तथा भुगतान इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया गोआश्रय स्थल पर तैनात केयर टेकर सहित अन्य कार्मिकों का समय से मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाय। इसी प्रकार नोडल अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला ने अस्थायी गोआश्रय स्थल परसेण्डी का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। यहां पर नोडल अधिकारी को बताया कि कुल संरक्षित 501 गौवंशों में नर पशुओं की संख्या 310 तथा मादा की संख्या 191 है।

# गौशाला प्रबन्धन विषयों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

शासन द्वारा गौशाला के नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन उदय भानु त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के साथ बचत भवन सभागार में गोवंश संरक्षण अभियान, भरण पोषण एवं गौशाला प्रबन्धन आदि विषयों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में विशेष सचिव ने तहसीलों एवं विकास खण्डों के अन्तर्गत संचालित अस्थायी/स्थायी गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंशों के भरण पोषण, प्रबन्धन व्यवस्थायें यथा चारा भूसा भण्डारण, हरें चारे एवं दाना मिश्रण की उपलब्धता, संरक्षित गोवंशो का स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सा एवं मृत गोवंशों के श्वों का नियमानुसार निस्तारण, नामित अधिकारियों द्वारा भ्रमण के सम्बन्ध मे सूचना, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर गोवंश आश्रय स्थल अनुश्रवण समीक्षा समिति की बैठक एवं कार्यवृत्ति पर जानकारी प्राप्त की गयी। विशेष सचिव उदय भानु त्रिपाठी ने ठंड से बचाव एवं अलाव जलाने एवं अस्थायी छप्पर की व्यवस्था कराने, ग्रामीणों से दान के रूप में पुवाल प्राप्त करने, रात्रि निवासित करने वाले रात्रि चौकीदार की उपस्थिति, सिद्धौरतारा विकास खण्ड सरेनी में कब्जा युक्त भूमि को मुक्त कराने हेतु उपजिलाधिकारी लालगंज एवं खण्ड विकास अधिकारी सरेनी को निर्देशित किया गया। गौशाला संचालन हेतु निर्गत शासनादेश में विभिन्न विभागों को आवंटित कार्यों के सापेक्ष शत प्रतिशत कार्य किये जाने हेतु निर्देशित कि या गया। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने एसएफसी पूलिंग धनराशि का विवरण एवं उसके व्यय हेतु निर्देशित किया गया।

**कान्हा उपवन की स्थापना के साथ वृहद गो संरक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु प्रशासन को दिए निर्देश**

विशेष सचिव द्वारा नगर पालिका रायबरेली, नगर पंचायत लालगंज एवं शिवगढ में कान्हा उपवन की स्थापना के साथ तहसील डलमऊ अन्तर्गत वृहद गो संरक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देशित किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार द्वारा गोवंश संरक्षण अभियान अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य 6500 के सापेक्ष 6600 से अधिक गोवंशों का संरक्षण किया गया तथा निराश्रित गोवंशों को शत प्रतिशत संरक्षण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किये गये कार्यों की विस्तार से चर्चा की गयी। विशेष सचिव ने कॉजी हाउस गोविन्दपुर बलौली लालगंज तथा वृहद गौ संरक्षण केन्द्र सिद्धौरतारा का भी स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को गौशाला की बेहतर प्रबन्धन व्यवस्थाओं एवं गोवंश सुपुर्दगी योजना अन्तर्गत सुपुर्द किये गये गोवंशों का सत्यापन कर जल्द से जल्द उनको भरण पोषण का मानदेय दिलाने हेतु भी कड़े निर्देश दिये गये।

# स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए एक दृष्टांत है: डॉ. एमडी पासी

**महराजगंज,रायबरेली।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व बछरावां विधानसभा भाजपा प्रत्याशी रहे डॉक्टर मातादीन पासी के नेतृत्व में उनके प्रतिष्ठान पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर एमडी पासी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था खुद को कमजोर समझने से बड़ा पाप कोई नहीं स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा पर भी काफी जोर दिया युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद जी का जीवन एक दृष्टांत है।आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सीखना चाहिए। इस मौके पर भाजपा नेता द्वारिका सिंह कविराज शिव कुमार सिंह शिव सभासद जमुना पासवान चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 22 जनवरी को मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबन्धःजिलाधिकारी



**रायबरेली।** शासनादेश के आलोक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आदेश दिये है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस जनपद में संचालित सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडलशाप, भांग, ताड़ी, सीएल-2, एफ एल-2/एफएल 2बी, एफएल-49, एफएल-16,17 एवं एफएल-09/09ए अनुज्ञापनों से सम्पूर्ण दिवस को मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगी। उन्होंने कहा है कि इस बंदी के लिए लाइसेंसधारी किसी प्रतिकर या दावे का हकदार नहीं होगा। इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामाजिक समरसता समारोह आयोजित





बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सामाजिक समरसता विभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के मौके पर सामाजिक समरसता समारोह का आयोजन नगर के कुटी मोहल्ला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में किया गयाद्य इस मौके पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहे प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर जी का सचिन( जिला मीडिया प्रभारी सामाजिक समरसता विभाग) एवं अरविंद ने अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि राजकिशोर जी ने स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तिव पर पूर्ण रूप से प्रकाश डाला, और शिकांगो (अमेरिका) मे हुए धर्म सम्मेलन पर विस्तृत चर्चा की साथ ही साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं लाखों रामभक्तो के बलिदानों को याद करते हुए लगभग 500 वर्षों की प्रतिक्षा के पश्चात बना रहे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का भी जिक्र किया।

इसी कड़ी मे कार्यक्रम मे उपस्थित दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव एवं उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने भी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व जीवन पर प्रकाश डालाद्य इसी कड़ी में विकास क्षेत्र के कन्नावा गांव में स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल के संस्थापक शिवशंकर सिंह के द्वारा प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर जी की मौजूदगी में कम्बल वितरण का भी कार्यक्रम किया गयाद्य कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला सामाजिक समरसता संयोजक सतीश द्वारा किया गयाद्य इस मौके पर विभाग प्रचारक राहुल जी, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, डॉक्टर मारुति मिश्रा प्रमोद शुक्ला, महेंद्र मिश्रा, नीरज चौरसिया आर्यन स्वास्थ्य रॉबिन चौधरी सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन, गणमान्य जन, व्यापारी बंधु एवं पत्रकार बंधु सहित आम जनमानस मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का सामान राख



**रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में देर रात दुकान में लगी भीषण आग, आग से कई दुकानें जलकर हुई राख आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ राख मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के आईटीआई फैक्ट्री के पास का है जहां सड़क किनारे रखी दुकानों में देर रात अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, देखते-देखते आग में विकराल रूप धारण कर लिया और अगल-बगल की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कई मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था।

### ट्रैक्टर से गिरकर दस वर्षीय बच्चे की मौत

**रायबरेली।** नाबालिग बच्चे को ट्रैक्टर में बैठाकर मजदूरी कराने ले जाते समय ट्रैक्टर से गिरकर बच्चे की हुई दर्दनाक मौत मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के चंदौली गांव का है जहां हिमांशु पुत्र बृजलाल उम्र 10 वर्ष को गांव के ही रहने वाले कमलेश के द्वारा पालेसर पर काम करने के लिए ले जाया जा रहा था तभी अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण हिमांशु ट्रैक्टर के नीचे गिर पड़ा जिससे ट्रैक्टर का पहिया हिमांशु के ऊपर चढ़ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लगाया लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### थाने के दीवान की कार ट्रक से टकराई हुई क्षतिग्रस्त

**महराजगंज, रायबरेली।** ट्रक और वैगनरआर में हुई भिड़ंत। महराजगंज इन्हौना मार्ग पर शिवरतन गंज थाने में तैनाद दीवान अनिल कुमार अपनी वैगनआर कार से चले आ रहे थे तभी ट्रक से उनका एक्सीडेंट हो गया जिसमें दीवान बाल बाल बच गया लेकिन उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई गनीमत यह रही की एक्सीडेंट से कोई घायल नहीं हुआ ।ट्रक संख्या यूपी 42 बी टी 5813 मौरंग लेकर प्रतापगढ़ जा रहा था तभी कार सवार गाड़ी संख्या यू पी 33बी एन 9272 जिला अमेठी शिवरतनगंज थाने में तैनाद दीवान अनिल कुमार अपनी गाड़ी से रायबरेली की ओर जा रहे थे अचानक दोनों गाड़ियों में भिड़ंत हो गया ट्रक की टक्कर से जहां कार क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी अंतर्गत गोपीनाथपुरम् में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक माखी शाहपुर गांव के रहने वाले राजेश पुत्र रविन्द्र की छोटी बहन पूनम 24 की शादी सम्मेलन के जरिये दिनेश पुत्र सत्यपाल निवासी गोपीनाथपुरम के साथ बीते 28 फरवरी 2023 को हुई थी। भाई ने बताया पूनम की तबियत काफी दिनों से खराब चल रही थी। जोकि 5 माह से गर्भवती थी।

# बाइक-बोलेरो की टक्कर में दो युवकों की मौत

**घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया**

डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

भट्टे में काम करने के लिए एडवांस रुपए लेने के लिए बाइक से जा रहे दो युवक कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो की जोरदार टक्कर लगने से दोनों युवकों की मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सेंदूरा मऊ ग्राम निवासी भीम शंकर उम्र 24 वर्ष पुत्र बदलू और संजय पुत्र राजकुमार निवासी नरेंद्रपुर उम्र 26 वर्ष शुक्रवार को दोपहर के समय बाइक से घुरवारा बाजार भट्टे में काम करने के लिए एडवांस मजदूरी के रूप में पेशगी लेने जा रहे थे कि रायबरेली डलमऊ मार्ग पर बहेरिया गांव के पास रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलोरो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिससे भीम शंकर की मौके पर ही मौत हो गई तथा गंभीर रूप से घायल संजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि दुर्घटना करने वाले बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी दोनों मृतक युवक हेलमेट नहीं लगाए थे।

**दोनों परिवार में मचा कोहराम**

मौत की सूचना मिलते ही दो परिवारों में कोहराम मच गया मृतक संजय के पिता की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है वह अपने ससुराल सेंदूरा मऊ में रहता था परिवार चलाने के लिए भट्टे में मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था मृतक संजय की पत्नी रोहिणी देवी और उसकी दो पुत्री है वही मृतक भीमशंकर अपने पीछे पत्नी रेखा देवी और 1 वर्षीय पुत्र प्रिंस को छोड़ गया।

# सास से विवाद पर बहू ने खुद को लगाई आग, हालत गंभीर

उन्नाव। समृद्धि न्यूज

सफीपुर कोतवाली के शेरपुर गांव में सास से झगड़कर बहू ने अपने ऊपर डीजल उड़ेल कर आग लगा ली। गर्भवती बहू को धूं-धूंकर जलता देख सास के होश उड़ गए। उसके शोर मचाने पर दौड़े ग्रामीणों ने रजाई डालकर आग को काबू में किया लेकिन तब तक वह 80 फीसदी जल चुकी थी। स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के जमालनगर एहतमाली गांव के मजरे शेरपुर गांव निवासी गोकुल की 30 वर्षीय पत्नी सात के गर्भ से है। शुक्रवार की शाम उसका पति गोकुल 5 साल के बेटे आयुष को साथ लेकर सनहा की साप्ताहिक बाजार समान खरीदने गया था। घर में डेढ़ साल का बेटा आशीष, पत्नी मीना और उसकी मां गुलाबदेई ही थी। शाम को मवेशियों का गोबर उठाने को लेकर सास-बहू में तकरार हो गयी। दोनो के बीच हुई जमकर नोक-झोक के बाद व्यथित बहू मीना ने फसल की सिंचाई के लिए घर में रखा डीजल अपने ऊपर उड़ेल कर आग लगा ली।

**महिला ने लगाया धोखाधड़ी व जालसाजी का आरोप**

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे है। शुक्रवार को अनीता देवी पत्नी वीरेन्द्र कुमार निवासिनी मकरार्वटगंज कानपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि एक किता भूमि नम्बर-300ख रकबा 0.550हे0 में से बिक्रीत रकबा 95.35 वर्गमीटर को जमीन के मालिक प्रमोद कुमार पुत्र स्व0सूर्यबली निवासी लूलीपुरवा शुक्लागंज के जरिये बीते 7 फरवरी 2022 में बैनामा कराया था। जो कि मोहल्ला आजादनगर में स्थित है। पीड़िता ने बताया जब उसने बीते 11 अक्टूबर 2022 को अपने प्लाट पर मकान बनवाने गयी तो देखा कि वहां पर मकान बना है। जिसपर उसने ने प्रमोद से सम्पर्क किया एवं बातचीत करने गयी तो वह हीला-हवाली करने लगा और कहने लगा कि तुमको तुम्हारी जमीन मिल जाएगी और एक वर्ष का समय व्यतीत हो गया। पीड़िता जब अपने रुपये मांगती तो प्रमोद लडाई झगडे पर अमादा हो जाता। पीड़िता ने कहा आरोप है कि प्रमोद का भतीजा दीपक रावत इस बात की धमकी देने लगा कि चाहे जो कर लो अब न तो जमीन मिलेगी और न ही पैसा मिलेगा, हम लोगों का यही काम है। वही पुलिस मामले जांच पड़ताल कर रही है।

# रायबरेली महोत्सव में पहुंचे प्रदेश के मुख्य सचिव



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

जिला प्रशासन द्वारा लगाई गई तीन दिवसीय रायबरेली महोत्सव में दूसरे दिन यहाँ मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्य सचिव पहुंचे और दीप प्रज्वलित कर एक पुस्तक का विमोचन किया।

आपको बता दें शुक्रवार को रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के जीआईसी ग्राउंड में लगाए गए तीन दिवसीय रायबरेली महोत्सव में आज महोत्सव के दूसरे दिन यहां मुख्य अथिति के रूप में पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा संकर मिश्रा को डीएम एसपी सीडीओ व भाजपा के जिला अध्यक्ष समेत नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया है। तदोपरांत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रचलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके बाद मुख्य सचिव में पुस्तक का विमोचन भी किया , वही जिले के अधिकारियों के साथ इंदिरा गार्डन में पहुंचकर इंदिरा गार्डन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बस ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पति की मौत पत्नी घायल

**पुलिस ने एंबुलेंस से महिला को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया**

बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा अनियंत्रित तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार दंपति को रौंदा पति की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंदनगंज कस्बे के पास का है जहां तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार दंपति चंद्रभूषण 57 वर्ष व उनकी पत्नी प्रमिला देवी निवासी गुमान खेड़ा थाना बछरावां को जोरदार टक्कर मार दी जिससे चंद्रभूषण का सिर बस के टायर के नीचे आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसकी पत्नी प्रमिला देवी को गंभीर चोटे आई । सूचना पर पहुंची पुलिस में एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस को मय चालक कब्जे में ले लिया गया है तहरीर मिलने पर आवश्यक विधि कार्यवाही की जाएगी।


# रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/आंशिक निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ मंडल के लखनऊ–बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर आधारिक अवसंरचना से जुड़े कार्यों के संपादन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेल सेवाओं को उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर (निरस्त/डायवर्ट/आंशिक निरस्त) करने का निर्णय लिया गया हैः–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 22426 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 22425 अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वंदे भारत एक्सप्रेस | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04203 अयोध्या कैंट–लखनऊ एक्सप्रेस विशेष | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04204 लखनऊ–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04241 मनकापुर जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04242 अयोध्या कैंट–मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04257 मनकापुर जं.–अयोध्या धाम जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04258 अयोध्या धाम जं.–मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04259 मनकापुर जं.–अयोध्या धाम जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04260 अयोध्या धाम जं.–मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/से प्रारंभ होगी | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 22129 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट तुलसी एक्स. | सुलतानपुर पर | 14, 16 एवं 21.01.2024 |
| 22130 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) तुलसी एक्स. | सुलतानपुर से | 15, 17 एवं 22.01.2024 |
| 22183 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट साकेत एक्स. | सुलतानपुर पर | 13, 17 एवं 20.01.2024 |
| 22184 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) साकेत एक्स. | सुलतानपुर से | 14, 18 एवं 21.01.2024 |
| 14231 प्रयागराज संगम–बस्ती मारवाड़ संगम एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट पर | 15, 16, 17, 19, 20 एवं 22.01.2024 |
| 14232 बस्ती–प्रयागराज संगम मारवाड़ संगम एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट से | 15, 16, 17, 19, 20 एवं 22.01.2024 |
| 22613 रामनाथपुरम–अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | सुलतानपुर पर | 15.01.2024 |
| 22614 अयोध्या कैंट–रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | सुलतानपुर से | 17.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्स. | सुलतानपुर पर | 15.01.2024 |
| 22104 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) सुपरफास्ट एक्स. | सुलतानपुर से | 16.01.2024 |
| 04381 प्रयागराज संगम–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | मसौधा पर | 14.01.24 से 22.01.24 |
| 04382 अयोध्या कैंट–प्रयागराज संगम एक्सप्रेस विशेष | मसौधा से | 14.01.24 से 22.01.24 |
| 05425 भटनी जं.–अयोध्या धाम जं. अनारक्षित एक्सप्रेस | कटड़ा पर | 12.01.24 से 22.01.24 |
| 05426 अयोध्या धाम जं.–भटनी जं. अनारक्षित एक्सप्रेस | कटड़ा से | 12.01.24 से 22.01.24 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 22614 अयोध्या कैंट–रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फ़राबाद जं. | 17.01.2024 |
| 22613 रामनाथपुरम–अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | 15.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | 15.01.2024 |
| 22104 अयोध्या कैंट– लोकमान्य तिलक(टर्मि.) सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फ़राबाद जं. | 16.01.2024 |
| 13009/13010 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 20.01.2024, 21.01.2024 |
| 13151 कोलकाता–जम्मूतवी एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 20.01.2024, 21.01.2024 |
| 13152 जम्मूतवी–कोलकाता एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 15.01.2024 to 21.01.2024 |
| 13307/13308 धनबाद जं.–फिरोजपुर कैंट–धनबाद जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 20.01.2024, 21.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 16.01.2024 |
| 15624 कामाख्या–भगत की कोठी एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 19.01.2024 |
| 15933 न्यू तिनसुकिया–अमृतसर जं. एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 16.01.2024 |
| 15934 अमृतसर जं.–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 19.01.2024 |
| 15635 ओखा–गुवाहाटी द्वारका एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 19.01.2024 |
| 15667 गांधीधाम–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 20.01.2024 |
| 13237 पटना जं.–कोटा जं. एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 16, 20 एवं 21.01.2024 |
| 13238 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 20.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.'–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 21.01.2024 |
| 19321 इन्दौर जं.–पटना जं. लखनऊ | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 20.01.2024 |
| 19322 राजेन्द्र नगर–इन्दौर जं. लखनऊ | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 15715 किशनगंज–अजमेर जं. एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 15115 छपरा–दिल्ली जं. लोकनायक एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 20.01.2024 |
| 15116 दिल्ली जं.–छपरा लोकनायक एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं. | 21.01.2024 |
| 19053 सूरत–मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–बनारस–वाराणसी–वाराणसी सिटी–बलिया | 19.01.2024 |
| 19054 मुजफ्फरपुर जं.–सूरत एक्सप्रेस | बलिया–वाराणसी सिटी–वाराणसी–बनारस–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 21.01.2024 |
| 18205 दुर्ग–नौतनवाँ एक्सप्रेस | प्रयागराज–जंघई–वाराणसी–वाराणसी सिटी | 18.01.2024 |
| 18206 दुर्ग–नौतनवाँ एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी–वाराणसी–जंघई–प्रयागराज | 20.01.2024 |
| 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या कवि गुरू एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 15.01.2024 |
| 19616 कामाख्या–उदयपुर सिटी कवि गुरू एक्स. | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 18.01.2024 |
| 15053 छपरा–लखनऊ एक्सप्रेस | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 17 से 22.01.2024 |
| 15054 लखनऊ–छपरा एक्सप्रेस | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 16 से 21.01.2024 |
| 15083 छपरा–फर्रूखाबाद एक्सप्रेस विशेष | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 16 से 21.01.2024 |
| 15084 फर्रूखाबाद–छपरा एक्सप्रेस विशेष | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 17 से 22.01.2024 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर जं. सरयु यमुना एक्स. | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 21.01.2024 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयु यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 20.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 16.01.2024 |
| 15024 यशवंतपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 18.01.2024 |

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें — आज़ादी का अमृत महोत्सव — उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा–हमारा ध्येय — 160/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# असली शिवसेना

महाराष्ट्र में असली शिवसेना की दावेदारी के लिये लंबे चले विवाद के बाद विधानसभा स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बागी विधायकों की अयोग्यता के मामले में फैसला शिंदे गुट के पक्ष में दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने साफ किया है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ही असली कहलवाने का हक रखती है। निस्संदेह, इससे शिंदे सरकार पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। हालांकि, उद्धव गुट ने इस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती देने का भी निर्णय किया है। दरअसल, महाराष्ट्र स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दस जनवरी को राजनीतिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील मामले में यह फैसला सुनाया था। हालांकि, शिंदे गुट इस मामले में खुद को पार्टी का असली वारिस बताकर जनता में भावनात्मक संदेश देने का प्रयास कर रहा है। वास्तव में स्पीकर के फैसले के बाद एक ओर जहां शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर लगाये जा रहे कयासों पर विराम लगा है, वहीं 21 जून, 2022 में पार्टी विभाजन के बाद उत्पन्न हालात के बीच सोलह बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने तथा व्हिप का उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग भी निष्प्रभावी हो गई है। निश्चित रूप से इस फैसले के बाद सरकार में शामिल शिंदे गुट व भाजपा ने राहत की सांस ली होगी। वहीं उद्धव ठाकरे गुट इस दौरान विधानसभा स्पीकर व मुख्यमंत्री की मुलाकात के मद्देनजर निर्णय की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में निर्णय का विरोध करने और शीर्ष अदालत जाने की बात से लगता है कि इस विवाद का अभी पूरी तरह पटाक्षेप नहीं हो पाया है। ऐसे में माना जाना चाहिए कि जब आम चुनावों के साथ राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं तो निर्णायक फैसला जनता की अदालत से ही आएगा। वही तय करेगी कि असली शिवसेना शिंदे गुट की है या उद्धव ठाकरे की। यह भी कि राजनीतिक जोड़तोड़ ज्यादा प्रभावी होता है या जनता का दल के धड़े विशेष से भावनात्मक लगाव। कह सकते हैं कि जनादेश ही असली-नकली का फर्क मिटाएगा। बहरहाल, महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों के मसले का भले ही तकनीकी रूप से समाधान होता नजर आता हो, लेकिन यह आने वाला वक्त बताएगा कि एक समय महाराष्ट्र की राजनीति व समाज में वर्चस्व रखने वाली शिवसेना का असली वारिस कौन होगा। ऐसे में भले ही उद्धव ठाकरे के हाथ से बाजी निकलती दिखाई दे रही हो, लेकिन यदि ठाकरे इस मुद्दे को भावनात्मक रंग देकर जनता की अदालत में पीड़ित के रूप में गुहार लगाते हैं तो तसवीर में बदलाव भी हो सकता है। विधानसभा स्पीकर ने चुनाव आयोग के फैसले को भी आधार बनाया है, जिसके चलते शिंदे गुट को मान्यता मिली है।

# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फ़रवरी 2024




**साथियों बात अगर हम संसद के बजट सत्र 2024 की करें तो, संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर नौ फरवरी तक चलेगा। दस दिनों के बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और उसी दिन आर्थिक सर्वे पेश किए जाने की संभावना है। दस दिन तक चलने वाला यह बजट सत्र अंतरिम बजट होगा और इसमें सरकार केवल आवश्यक खर्चों के लिए अनुमति मांगेगी। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के ठीक पहले पेश किए जाने वाले इस बजट के लोकलुभावन नीतियों से भरपूर होने की संभावना है।2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भी सरकार ने आयकर की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया था, जिसका बहुत स्वागत किया गया था। इस बार भी पीएम के द्वारा कही जाने वाली चार विशेष जातियों महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के लिए विशेष योजनाएं पेश की जा सकती हैं।**

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

इं वैश्विक स्तरपर आज भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ चुका है इसीलिए ही पूरी दुनियां की नजरे संसद के बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी 2024 पर लगी हुई है, क्योंकि इसमें 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश होगा।

संसद चुनाव 2024 से पहले यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा और सरकार लेखानुदान के जरिए जुलाई 2024 तक 4 महीने के लिए संसद से खर्च की मंजूरी मांगेगा इसीलिए बड़ी घोषणाएं होने की उम्मीद बहुत कम है, परंतु फिर भी अभी कुछ दिन पहले माननीय पीएम द्वारा परिभाषित विशेषकर जातियां महिलाओं युवाओं किसानों और गरीबों पर अधिक फोकस करना है इसीलिए यह उम्मीद जताई जा रही है कि उनके लिए किन्ही पैकेज का पिटारा खुल सकता है। जबकि आयकर सीमा बढ़ाने की संभावना नहीं है क्योंकि प्रत्यक्ष कर देने वालों की संख्या अभी बहुत कम है और सरकार इस आंकड़े को और घटना नहीं चाहती बल्कि आज सरकार को सबसे अधिक आय अप्रत्यक्ष करों से ही हो रही है, जिसमें जीएसटी संग्रह हर माह लगातार बढ़ रहा है जो प्रतिमाह 1.50 लाख करोड़ के पार हो गया है, इसलिए इसमें और अधिक बढ़ाने की तरकीब सरकार लगा सकती है। चूंकि बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी 2024 तक चलने की तारीख आ चुकी है इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश होगा,2024 सांसद चुनाव है पास, वोटरों को रिझाकर बनाना होगा अपना खास।

साथियों बात अगर हम संसद के बजट सत्र 2024 की करें तो, संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर नौ फरवरी तक चलेगा। दस दिनों के बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और उसी दिन आर्थिक सर्वे पेश किए जाने की संभावना है। दस दिन तक चलने वाला यह बजट सत्र अंतरिम बजट होगा और इसमें सरकार केवल आवश्यक खर्चों के लिए अनुमति मांगेगी। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के ठीक पहले पेश किए जाने वाले इस बजट के लोकलुभावन नीतियों से भरपूर होने की संभावना है।2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भी सरकार ने आयकर की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया था, जिसका बहुत स्वागत किया गया था। इस बार भी पीएम के द्वारा कही जाने वाली चार विशेष जातियों महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के लिए विशेष योजनाएं पेश की जा सकती हैं।आर्थिक मामलों के जानकारों के अनुसार, इस बार बजट में आयकर सीमा के बढ़ाने की संभावना नहीं है। प्रत्यक्ष आयकर दाताओं की संख्या पहले ही बहुत कम है, इसलिए सरकार आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर अपनी आय कम करने की बात नहीं सोचेगी। उसे लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त पैसे की भी आवश्यकता है। ऐसे में वह अपनी आय कम करने का कोई भी रास्ता नहीं अपनाएगी। हालांकि, किसी नए कर प्रस्ताव के न आने की भी संभावना हो सकती है।बता दें कि सत्तारूढ़ सरकार चुनावी वर्ष में या जब पूर्ण बजट के लिए पर्याप्त समय नहीं होता है, तब संसद में अंतरिम बजट पेश करती है। पूरे वार्षिक बजट का मसौदा चुनाव के बाद कार्यभार संभालने वाली नई सरकार द्वारा तैयार किया जाएगा। इस वर्ष, पिछले वर्षों की तरह एक लंबे आर्थिक सर्वे के बजाय, 1 फरवरी को अंतरिम बजट से पहले 2024-25 के लिए भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट पेश किए जाने का अनुमान है। मालूम हो कि आम चुनाव से पहले यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा और सरकार लेखानुदान के जरिए जुलाई 2024 तक चार महीने के लिए संसद से खर्च की मंजूरी मांगेगी।

साथियों बात कर हम 1 फरवरी 2024 को पेश होने वाले बजट पर पूरी दुनियां की नजरों की करें तो, वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर नजर रखने वाले हर क्षेत्र के हितकारी लोगों की नजरे लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व 1 फरवरी 2024 को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-2025 पर लगी हुई है, क्योंकि आम जनता इस आस में है कि इस अंतिरिम बजट 2024 में चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए लोक लुभावना घोषणाएं की जाएगी और आम जनता के साथ साथ वोटरों को भी आकर्षित किया जाएगा, परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि लगातार विकास कार्यों, स्कीमों की घोषणाएं होती ही रहती है इसीलिए ही माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक कार्यक्रम में इशारा दे दिया है कि 2024 के 1 फरवरी वाले अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करने जा रही है बल्किइसके लिए जुलाई 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट का इंतजार करना होगा।मेरा मानना है कि इससे जनता को कुछ मायूसी जरूर हुई होगी परंतु सब्र का फल मीठा होता है मुझे विश्वास है जुलाई 2024 में बड़ी असरदार घोषणाओं की संभावना की उपलब्धि से इनकार नहीं किया जा सकता।

चूंकि बजट 2024-2025, 1 फरवरी 2024 के अंतिरिम बजट की तैयारी शुरू हो गई है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वित्त वर्ष 2024-2025 में दो बार बजट पेश होगा अंतरिम बजट व पूर्ण बजट। साथियों बात अगर हम संविधान के आर्टिकल 116 में शामिल वोट आन अकाउंट यानी लेखानुदान को समझने की करें तो, हर साल 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाता है। इसे देश के वित?त मंत्री पेश करते हैं। इस बजट में आगामी साल के लिए सरकार के पूरे साल की कमाई और खर्च का लेखा-जोखा पेश किया जाता है। लेकिन साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। आमतौर पर चुनावी साल में अंतरिम बजट पेश किया जाता है और चुनाव के बाद जब नई सरकार बनती है, वो पूर्ण बजट पेश करती है।लेकिन इस बार अंतरिम बजट की बजाय वोट ऑन अकाउंट बजट की चर्चा हो रही है क्योंकि वित्त मंत्री ने ये साफ कर दिया है कि इस बार का बजट वोट-ऑन-अकाउंट बजट होगा, जिसमें बहुत बड़े ऐलान नहीं होंगे। पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद पेश किया जाएगा।अंतरिम बजट और वोट ऑन अकाउंट दोनों ही कुछ ही महीनों के लिए होते हैं लेकिन दोनों के पेश करने के तरीकों में तकनीकी अंतर होता है।वोट-ऑन-अकाउंट को हिंदी में लेखानुदान कहा जाता है।

## विचार

# लोकतंत्र की रक्षा का विकल्प




**पिछले चुनावों में महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी थी, जिसमें भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा था, लेकिन 2022 में भाजपा ने आपरेशन लोटस चलाया और सत्ता में आ गई। उसके बाद से शिवसेना में नाम, निशान और सत्ता की लड़ाई चली, जिस पर बुधवार को उद्धव गुट को एक और मात मिली है। बुधवार का फैसला आने से पहले स्पीकर श्री नार्वेकर और मुख्यमंत्री श्री शिंदे की मुलाकात भी हुई थी, जिस पर उद्धव गुट ने सवाल उठाए थे।**

म हाराष्ट्र में जून 2022 से चल रहे राजनैतिक प्रहसन में 10 जनवरी को फिर एक नया मोड़ आया। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने शिवसेना में दो फाड़ करने वाले एकनाथ शिंदे और उनके गुट के सभी विधायकों की अयोग्यता पर अपना फैसला सुना दिया। अनुमान के मुताबिक फैसला शिंदे गुट के पक्ष में ही आया। राहुल नार्वेकर ने 1999 के शिवसेना के संविधान को मान्य कहते हुए शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है। इससे पहले शिवसेना के नाम और निशान लड़ाई में भी चुनाव आयोग ने भी शिंदे गुट के पक्ष में फैसला सुनाया था। महाराष्ट्र का मामला इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुका है, जहां अदालत ने शिंदे सरकार को बने रहने के निर्देश दिए थे लेकिन विधानसभा अध्यक्ष को विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाने कहा था। अदालत ने श्री नार्वेकर को 31 दिसंबर तक फैसला सुनाने का निर्देश दिया था, लेकिन फिर भी समय सीमा 10 दिन बढ़ा दी गई। इस फैसले को सुनाने में चाहे लंबा वक्त लिया गया हो, लेकिन सभी को अहसास था कि भाजपा के राज में किसी भी तरह उद्धव गुट को जीत नहीं मिलेगी। अब फैसले के पीछे चाहे जो तर्क दिए जाएं, यह तो जाहिर ही है कि भाजपा के सहयोग से एक पार्टी में फूट डालकर, उसके मंत्रियों और विधायकों को खरीदकर भाजपा को सत्ता में लाया गया। पिछले चुनावों में महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी थी, जिसमें भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा था, लेकिन 2022 में भाजपा ने आपरेशन लोटस चलाया और सत्ता में आ गई। उसके बाद से शिवसेना में नाम, निशान और सत्ता की लड़ाई चली, जिस पर बुधवार को उद्धव गुट को एक और मात मिली है। बुधवार का फैसला आने से पहले स्पीकर श्री नार्वेकर और मुख्यमंत्री श्री शिंदे की मुलाकात भी हुई थी, जिस पर उद्धव गुट ने सवाल उठाए थे, लेकिन अब इंसाफ की लड़ाई में नीयत और नैतिकता के सवाल हाशिए पर धकेले जा रहे हैं।फ्रेंच भाषा का एक शब्द है-देजा वू, यानी ऐसी कोई घटना या बात जिसे देख-सुनकर महसूस हो कि ऐसा पहले भी हुआ है। बस याद नहीं आता कि कब और कहां। महाराष्ट्र के ताजा प्रकरण को देखकर देजा वू जैसा अनुभव तो हुआ है, लेकिन जरा सा याददाश्त पर जोर डालें तो याद आ जाएगा कि लोकतंत्र का मखौल उड़ाने वाली ऐसी एक नहीं कई घटनाएं पिछले 10 सालों में देश में हुई हैं। जैसे राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि बाबरी मस्जिद को तोड़ना गलत था, लेकिन फिर भी राम मंदिर उसी जगह बनाने की अनुमति भी दे दी।

गलती करने वालों को कोई सजा भी अब तक नहीं हुई और राम मंदिर का राजनैतिक उद्घाटन करने की तैयारी हो गई है। इसी तरह महाराष्ट्र मामले में भी 11 मई 2023 को अपने अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे की सरकार बहाल न करने का फैसला सुनाया था, क्योंकि श्री ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से खुद ही इस्तीफा दिया था। मगर इसके साथ ही इस पूरे प्रकरण में यह भी माना था कि शिवसेना के दूसरे गुट के व्हिप को मान्यता देकर विधानसभा अध्यक्ष ने गलत किया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि राज्यपाल ने फ्लोर टेस्ट करने का जो आदेश सुनाया था, वह गलत था। विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल ने जो गलत किया, वो सही कैसे होगा, इसका कोई सूत्र अदालत के फैसले से नहीं मिला। अलबत्ता उद्धव ठाकरे को अपने एक साथी द्वारा दिए गए धोखे के बाद इस्तीफा देने की सजा सत्ता से बाहर होकर चुकानी पड़ी। अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, बिहार, पिछले 10 सालों में इन राज्यों में भाजपा का किसी न किसी तरह सत्ता में आना, राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और शोध का विषय हो सकता है। विश्व में लोकतंत्र की सर्वाधिक प्रचलित परिभाषा है, जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन। लेकिन भारत में भाजपा के छत्र चले एक नयी परिभाषा और अध्याय लोकतंत्र के नाम पर लिखा जा चुका है। जिसमें तंत्र गाढ़े अक्षरों में लिखा हुआ है, और लोक को हाशिए पर धकेल दिया गया है। महाराष्ट्र में शिवसेना के प्रकरण के बहाने देश की अदालत और चुनाव आयोग जैसी स्वायत्त संस्था के पास सुनहरा मौका था कि वे लिखे हुए नियमों और कानूनों पर आंख मूंदकर चलने की जगह नैतिकता पर बल देते हुए गलत और सही के बीच के भेद को उजागर करते। इससे आईंदा कोई भी राजनैतिक दल कानून की कमजोरियों और अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के अपहरण की गुस्ताखी नहीं करता। मगर ऐसा नहीं हुआ। अब महाराष्ट्र फिर उस मोड़ पर पहुंच गया है, जहां शिवसेना और समूचे लोकतंत्र के लिए एक नयी लड़ाई का रास्ता खुल गया है। उद्धव ठाकरे ने बुधवार को फैसला आने से पहले ही कह दिया था कि- श्यह वह मामला है जो साबित करेगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। यह देश में लोकतंत्र के लिए निर्णायक कारक बनने जा रहा है। उद्धव ठाकरे अब शायद सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लें। क्योंकि उन्होंने पहले ही इसके संकेत दे दिए थे और बुधवार के फैसले के बाद अदालत से इस मामले में स्वतरू संज्ञान की उम्मीद भी जताई थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस लड़ाई का अंतिम अंजाम क्या होता है। क्या सुप्रीम कोर्ट लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कोई बड़ा कदम उठाता है, या फिर नियमों और कानूनों की आड़ में जनता से किए गए छलावे को जारी रखा जाता है। वैसे महाराष्ट्र में इस साल के आखिर में चुनाव हैं ।

# कांग्रेस-वाम को सीटों के बंटवारे से कुछ राज्यों में लाभ संभव

**नित्य चक्रवर्ती**

इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जोर-शोर से शुरू हो गई है। कांग्रेस आलाकमान ने अंततः प्रत्येक राज्य में राजनीतिक स्थिति की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए भारत के साझेदारों के बीच समझौतों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता को समझा है। यह एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है। शुरुआत करने के लिए, कांग्रेस और दो वामपंथी दल सीपीआई और सीपीआई (एम) केरल के साथ एक अलग स्तर पर व्यवहार करने पर सहमत हुए हैं, जहां सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट लड़ेंगे। 20 लोकसभा सीटों के लिए वहां दोनों आपस में ही चुनाव लड़ेंगी परन्तु जो भी जितनी भी सीटें जीतेगी वह इंडिया ब्लॉक की ही जीत होगी क्योंकि वहां भाजपा उनके लिए कोई खतरा नहीं है।

फिर बात बंगाल की है जहां वाम मोर्चा बेहद कमजोर स्थिति में है और उसने राज्य में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों से लड़ने का फैसला किया है। अगर कांग्रेस तृणमूल के साथ गठबंधन करने का फैसला लेती है, तो वामपंथी छोटे सहयोगी आईएसएफके साथ लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। इसके अलावा चार राज्य हैं, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड जहां इंडिया गुट एक साथ काम कर रहा है और कांग्रेस प्रमुख राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि साझेदारों में से एक है। इनमें से पहले से ही द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत तमिलनाडु में सीपीआई और सीपीआई (एम) के पास दो-दो सीटें हैं। उम्मीद है कि यह पैटर्न 2024 के चुनावों में भी जारी रहेगा। अन्य तीन राज्यों में, बिहार में, सीपीआई एक सीट के लिए बातचीत कर रही है, जबकि अधिक शक्तिशाली सीपीआई (एमएल) लिबरेशन न्यूनतम दो सीटों के लिए बातचीत कर रही है। जद (यू) और राजद दोनों को अंततरू यह स्वीकार करना पड़ सकता है। अब, ऐसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस भाजपा या गैर-इंडिया गठबंधन वाली क्षेत्रीय पार्टी से लड़ने वाली इंडिया ब्लॉक की मुख्य पार्टी है। साथ ही, सीपीआई और सीपीआई (एम) के पास भी अपने छोटे आधार हैं जो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। ये राज्य हैं असम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़। असम में लोकसभा की 14 सीटें हैं। वर्तमान में नौ भाजपा के पास, तीन कांग्रेस के पास, एक एआईयूडीएफके साथ और एक निर्दलीय हैं। इंडिया ब्लॉक में प्रमुख पार्टी के रूप में कांग्रेस सीपीआई (एम) और सीपीआई को एक-एक सीट देने पर विचार कर सकती है। दोनों पार्टियों का विशिष्ट आधार है और उनके पास पहले भी लोकसभा में सदस्य थे। असम को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंतबिस्वा शर्मा के नेतृत्व वाले एनडीए का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत इंडिया ब्लॉक के संयोजन की आवश्यकता है। फिर ओडिशा में 21 सीटें हैं जिनमें से 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेडी को 12, भाजपा को 8 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। इंडिया गठबंधन को भाजपा और बीजद दोनों से लड़ना है। दोनों को प्रभावी ढंग से टक्कर देने के लिए कांग्रेस आसानी से सीपीआई और सीपीआई (एम) को एक-एक सीट दे सकती है। दोनों पार्टियों का जिलों में सीमित आधार है और वामपंथी जन संगठनों के सक्रिय समर्थन से कांग्रेस को अत्यधिक लाभ होगा। जहां तक आंध्र प्रदेश की बात है तो यह राज्य कभी कम्युनिस्टों का गढ़ था, लेकिन अब यहां जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी का दबदबा है। 2019 के चुनाव में राज्य की 25 सीटों में से वाईएसआरसीपी को 22 और टीडीपी को दो सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा और कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली। जगन की बहन के कांग्रेस में शामिल होने से प्रदेश कांग्रेस थोड़ी मजबूत हुई है, परन्तु यह पर्याप्त नहीं है।

ऐसे कुछ निर्वाचन क्षेत्र हैं जहां वामपंथियों का समर्थन आधार दस प्रतिशत से अधिक है। टीडीपी भाजपा के साथ जा सकती है, इसलिए कांग्रेस और दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों का संपूर्ण गठबंधन अच्छी चुनावी टक्कर दे सकता है।



# राशिफल

**मेष:-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**बृषभ:-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**मिथुन:-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे।

**कर्क:-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या:-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें।

**तुला:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक:-** संघर्ष के इन दिनों में धैर्य और हिम्मत से काम लें। मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु:-** आकस्मिक ढेर सारे तनाव मन पर प्रभावी होंगे। निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें।

**मकर:-** भविष्य संबंधी कुछ योजनायें मन को प्रभावित करेंगी। मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा।

**कुंभ:-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी।

**मीन:-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती, सभी धर्म, एकात्मक धर्म की अभिव्यक्तियां हैं

**डॉ. नवनीत धगट**



**विभिन्न धर्मावलंबियों,धर्मगुरुओं के श्रेष्ठ मानवीय गुणों का वे सहज सम्मान करते और बेलाग लपेट उनका आख्यान करते थे। कैलिफोर्निया में दिए उक्त भाषण में ही उन्होंने कहा, मुहम्मद साहब समानता के दूत थे। आप कहें उनके धर्म में क्या खूबी है? यदि उसमें खूबियां नहीं है तो वह जीवित कैसे हैं? मात्र अच्छाइयां ही जीवित रहती और चलती हैं। अच्छाई सबल है इसीलिए है। अशुद्ध,अपवित्र व्यक्ति का जीवन आज भी कितना लंबा होता है? निःसंदेह शुद्धता शक्ति है, अच्छाइयां शक्ति हैं। इस्लाम मानने वाले कैसे जीवित हैं, क्या उनकी शिक्षा में कुछ भी अच्छा नहीं है? उनमें ज्यादा अच्छाइयां हैं। मुहम्मद साहब मुसलमानों के भ्रातभाव के प्रवक्ता संत थे। सभी संतों और दूतों का एक विशिष्ट संदेश होता है। पहले उनके सन्देश सुनने चाहिए फिर उनके जीवन को देखना चाहिए। आप देखेंगे कि उनका संपूर्ण जीवन स्वयं व्याख्यायित एवं प्रकाशवान है।**

स्वामी विवेकानंद (1863 - 1902 ) एक महान आध्यात्मवादी,राष्ट्रनिर्माता भारतीय संस्कृति के भक्त और नैतिकता के पुजारी थे। उन्होंने विश्व मंच पर वेद और वेदान्त की प्रतिष्ठा स्थापित कर संसार को प्रभावित किया। पश्चिम की तुलना में भारत की भाषा,साहित्य, ज्ञान-विज्ञान, इतिहास, संस्कृति और धर्म कहां अधिक समृद्ध एवं उन्नत है उन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयास किया। उन्होंने न केवल हिन्दू धर्म दर्शन का प्रचार किया वरन् दुनिया में प्रचलित अन्य धर्मों और मतों के श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों को आदर भाव से चर्चा की। स्वामी जी ने अपने भाषणों, लिखे पत्रों व लेखों के कुछ हिस्सों में इस्लाम धर्म एवं धर्मावलंबियों की प्रशंसा में विचार व्यक्त किये,टर्की का सुल्तान अफ्रीका के बाजार से एक नीग्रो खरीद सकता है, उसे जंजीरों में जकड़ कर टर्की ला सकता है लेकिन यदि वह नीग्रो इस्लाम स्वीकारता है और उसमें पर्याप्त योग्यतायें और क्षमताएं हैं तो वह सुल्तान की बेटी से ब्याह तक कर सकता है। इसकी तुलना नीग्रो अमेरिकियों और भारतीयों की अपने देश में किये जा रहे व्यवहारों से कीजिये। हिन्दू क्या करते हैं? यदि आपकी मिशनरी में से कोई किसी रूढ़िवादी का भोजन छू भी दे तो वह उसे उठाकर फेंक देगा। यदि हमारे महान दर्शन को छोड़ दें तो हमारी व्यवहारगत कमजोरियों को आप देख सकते है। पर दूसरी विचारधाराओं से भिन्न इस्लाम धर्मावलंबियों की खूबियां देखिए, जो रंग और जाति से हटकर समभाव-संपूर्ण समभाव प्रदर्शित करते हैं। उक्त विचार स्वामी विवेकानन्द ने 3 फरवरी 1900 को कैलिफोर्निया, अमेरिका में विश्व के श्रेष्ठ गुरू विषयक अपने भाषण में व्यक्त किये। विश्व में हिन्दू दर्शन को प्रतिष्ठा दिलाने में सक्रिय रहे, युग प्रवर्तक विलक्षण विचारक, ओजस्वी प्रखर वक्ता स्वामी विवेकानन्द द्वारा अभिव्यक्त विविध विचारों को व्यापक अर्थों में ग्रहण करने से सहज ही समझा जा सकता है कि स्वामी विवेकानन्द बिना किसी संकोच के विश्व में प्रचलित सभी धर्मों का निष्पक्ष भाव से आदर करते रहे। वे मानव धर्म, सेवा धर्म और मातृभूमि के प्रति उदात्त त्याग भाव से ओतप्रोत थे। विभिन्न धर्मावलंबियों,धर्मगुरुओं के श्रेष्ठ मानवीय गुणों का वे सहज सम्मान करते और बेलाग लपेट उनका आख्यान करते थे। कैलिफोर्निया में दिए उक्त भाषण में ही उन्होंने कहा, मुहम्मद साहब समानता के दूत थे। आप कहें उनके धर्म में क्या खूबी है? यदि उसमें खूबियां नहीं है तो वह जीवित कैसे हैं? मात्र अच्छाइयां ही जीवित रहती और चलती हैं। अच्छाई सबल है इसीलिए है। अशुद्ध,अपवित्र व्यक्ति का जीवन आज भी कितना लंबा होता है? निःसंदेह शुद्धता शक्ति है, अच्छाइयां शक्ति हैं। इस्लाम मानने वाले कैसे जीवित हैं, क्या उनकी शिक्षा में कुछ भी अच्छा नहीं है? उनमें ज्यादा अच्छाइयां हैं। मुहम्मद साहब मुसलमानों के भ्रातभाव के प्रवक्ता संत थे।

सभी संतों और दूतों का एक विशिष्ट संदेश होता है। पहले उनके सन्देश सुनने चाहिए फिर उनके जीवन को देखना चाहिए। आप देखेंगे कि उनका संपूर्ण जीवन स्वयं व्याख्यायित एवं प्रकाशवान है। मूर्ख अज्ञानी अपने मतों से आरंभ करके अपने मानसिक विकास के हिसाब के अपने विचारों के हित में व्याख्यायित करते हैं और उन्हें महान गुरुओं से संबंधित बताते हैं। वे इन शिक्षाओं को लेकर गलतफहमियां रखते हैं। सभी गुरुओं का मात्र जीवन ही उनकी सही टीका है। उनके जीवन को देखिये उन्होंने क्या किया? यही प्रेरणादायी रहेगा।

10 जून 1898 को मोहम्मद सरफराज हुसैन को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा- मानवता,प्रेम और अद्वैतवाद ही सभी धर्मों का मूल है। अद्वैतवाद समभाव के संबंध में उन्होंने लिखा- श्मेरे अनुभव में इस्लाम और मात्र इस्लाम ही एकमात्र ऐसा धर्म जिसमें समभाव को प्रशंसनीय तरीके से अपनाया।

इसी पत्र में उन्होंने कहा-मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं व्यावहारिक इस्लाम के बिना वेदांतवाद के सूत्र चाहे वे कितने ही सार्वजनीन और चमत्कारपूर्ण क्यों न हों मानवमात्र के समग्र हितों के लिए मूल्यहीन हैं। हम मानव को जैसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं वैसी स्थिति में मात्र वेद,बाइबिल और कुरान अकेले नहीं ले जा सकते हैं। इसके लिए वेद, बाइबिल और कुरान को समरस करना जरूरी है। सभी धर्म, एकात्मक धर्म की अभिव्यक्तियां हैं जिसे जो मुनासिब मार्ग लगे चुन सकता है। हमारी जन्मभूमि के लिए हिंदुत्व और इस्लाम की दो महान व्यवस्थाओं का सम्मिलन वेदांत मस्तिष्क और इस्लाम शरीर एकमात्र आशा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# विवेकानंद की जयंती पर छात्र-छात्राओं को मिले स्मार्टफोन

▸ स्वामी विवेकानंद के मूल विचार सामाजिक एवं लैंगिक समानता पर है आधारितः डीएम



महोबा। समृद्धि न्यूज

वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेमिनार हाल में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के मुख्य आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है इस वर्ष यह कार्यक्रम पूरे सप्ताह आयोजित किए जाएंगे। जयंती समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, सी डी ओ चित्रसेन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया, प्राचार्य प्रो सुशील बाबू एवं डीआईओएस जी एल कोली ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामी जी ने भारतीय दर्शन को विश्व में प्रसारित करने में माहिती भूमिका निभाई है उनके विचार के मूल में सामाजिक समानता एवं लैंगिक समानता है। विश्व बंधुत्व वसुधैव, कुटुंबकम एवं सर्वे भवंतु सुखिन के जीवन जीवन दर्शन को स्वामी जी ने मूर्त रूप दिया है। छात्रा यशस्वी तिवारी ने स्वामी जी पर बोलते हुए कहा कि मात्र 20 वर्ष की उम्र में उन्होंने विश्व में भारत का नाम रोशन किया सन 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपने उद्बोधन से सभी को मंत्र मुक्त कर लिया एवं भारतीय संस्कृति का डंका विश्व पटल पर प्रतिस्थापित किया।

सीडीओ चित्रसेन सिंह ने कहा कि मात्र 39 वर्ष के जीवन में उन्होंने विश्व में अपना स्थान बनाया एवं भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ संतोष कुमार पांडेय, धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट प्रोफे सुशील बाबू ने किया तथा इस दौरान साई कॉलेज आफ एजुकेशन एवं श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया एवं जिलाधिकारी द्वारा स्मार्टफोन वितरित किए गए इस अवसर पर डीआईओएस जी एल कोली, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एम सरोजिनी, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ के सी वर्मा, डॉ एस एस राजपूत ,शैलेश कुमार तिवारी, डॉ राम बिहारी पांडेय, डॉ अनुराग सिंह, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ अनवर आलम ,डॉ एल सी अनुरागी, डॉ डीके खरे ,संग्राम सिंह, संगीता कुमारी, हेमलता, दिव्यांश सिंह एवं नेहरू युवा केंद्र के शुभम सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विवेकानंद ने दुनिया को पढ़ाया सनातन का पाठः तारा



महोबा। समृद्धि न्यूज

मात्र 39 वर्ष की अल्पायु में दुनिया को अलविदा कहने से पहले इस शताब्दी के महान संत स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका और यूरोप में न केवल भारत की छवि को निखारा बल्कि सनातन की खूबियों से अवगत कराकर दुनिया को अभिभूत कर दिया। उनके विचार दिग्भ्रमित युवाओं के लिए आज भी प्रकाश पुंज बने हुए हैं और निराशा के वक्त सकारात्मक ऊर्जा से भर देते हैं।

स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर गोरखगिरि पर्वत के ऊपर स्थित सिद्ध बाबा आश्रम में विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि विवेकानंद छोटी सी जिन्दगी में बहुत बड़े काम कर गए। वे युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं। इसीलिए उनके जन्म दिवस को हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म 1863 में कोलकाता के मशहूर वकील विश्वनाथ दत्त व भुवनेश्वरी देवी के यहां हुआ। वे 25 वर्ष में रामकृष्ण परमहंस के शिष्य बन गए एवं संन्यास ले लिया।

इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, अमित तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, प्रवीण चौरसिया, सुधीर दुबे, गया प्रसाद, अवधेश गुप्ता, जागेश्वर चौरसिया, पवन, महेन्द्र सोनी, सुमित तिवारी, मुन्ना, दीपू सोनी, प्रेम चौरसिया, गुरू समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई विवेकानंद की जयंती

महोबा। नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस ''योद्धा'' के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पालिका में रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जनजागरूकता हेतु राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं, शिक्षिकाओं, पालिका कर्मियों द्वारा रैली निकाली गयी, जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए गुजरी और पुनः पालिका कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। जन जागरूकता हेतु स्वामी विवेकानन्द जी के प्रेरक विचार लिखी तख्तियां लिए छात्रायें एवं पालिका कर्मी नजर आये। जागरूकता रैली को अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर पालिका परिसर से रवाना किया। कार्यक्रम का कुशल निर्देशन जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय जन्मेजय सिंह ने किया।

# पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा



पुलिस की हिरासत में पकड़े गए आरोपी

महोबा। समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना पनवाड़ी क्षेत्र के किल्हौवा गांव में 4 जनवरी को लाल सिंह पुत्र बृन्दावन साहू आदि तीन लोगो के घरो में कुंडी तोडकर चोरी की घटना अज्ञात चोरो द्वारा की गई थी।

जिस पर थाना पनवाड़ी में धारा 457/380 का मामला दर्ज किया गया था। घटना के सफल अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सुरागरसी करते हुए थानाक्षेत्र अन्तर्गत हरपाल पुर तिराहे से पाठक पुलिया पनवाडी से मुखबिर की सूचना पर चोरी के वांछित विजय पुत्र प्रभुदयाल गौतम, विनोद कुमार पुत्र कालूराम बसोर निवासीगण मोहल्ला बजनापुरा को हिरासत में लिया गया । इस दौरान आरोपी विजय उपरोक्त के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, 10000 रुपया नकद बरामद हुआ। विनोद कुमार के कब्जे से जेवरात व 12 हजार रुपया नगद बरामद हुआ । आरोपियों के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 की बढोत्तरी की गई व आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ज्योतिन्द्र नाथ शुक्ला, एसआई रमेश कुमार यादव, एसआई राजकुमार आदि शामिल रहे।

# अजीज मंसूरी को अपना दल एस का बनाया गया प्रदेश सदस्य



पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज

अजीज मंसूरी पूर्व जिलाध्यक्ष मंसूरी समाज जनपद महोबा को अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल केन्द्रीय मंत्री वाणिज्य एवं कर विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार व मोहतरम जनाब अहमद खां मंसूरी प्रदेश अध्यक्ष अल्प संख्यक मंच उत्तर प्रदेश की संस्तुति पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अपना दल एस अल्प संख्यक मंच नामित किये जाने पर नगर पनवाड़ी आगमन पर नगरवासियों द्वारा बड़ी गर्म जोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जनाब मोहम्मद गौरी हाजी जी,रसूल मंसूरी,अनवार मंसूरी, सुल्तान मंसूरी नन्ना,बशीर,शहीद,पीरबक्श,खालिक, सलमान मंसूरी, हरी सिंह वर्मा पत्रकार, सलमान खान पत्रकार,समीर खान पत्रकार सहित सैकड़ों लोगों ने माला पहनाकर महोबा बाईपास पनवाड़ी पर स्वागत किया।

# कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो छात्र हित राष्ट्रहित सर्वोपरि ध्येय के साथ कार्य करता है, राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल 1949 से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को संगठनात्मक रूप से राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में पूरे देश में मनाता है, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन कुशवाहा ने बताया कि हम सभी युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी सन 1863 में कोलकाता में हुआ था और 39 वर्ष की आयु में 4 जुलाई 1902 को स्वामी जी पंचतत्व में विलीन हो गए थे, स्वामी विवेकानंद जी वेदान्त के बेहद प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्तृता के कारण ही पहुँचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। उन्हें 2 मिनट का समय दिया गया था किन्तु उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण का आरम्भ मेरे अमेरिकी बहनों एवं भाइयों के साथ करने के लिये जाना जाता है।

## खबरें एक नजर में

### नेत्र चिकित्सालय धर्मार्थ सेवा शाखा करेगी खिचड़ी वितरित

**इटावा।** चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान द्वारा पोषित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर एवं भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के तत्वावधान में 15 जनवरी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर कचहरी प्रांगण में खिचड़ी एवं रेवड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित एवं भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के अध्यक्ष केके त्रिपाठी, सचिव आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कचहरी स्थित हवालात के पास दोपहर बारह बजे से खिचड़ी तथा रेवड़ी का प्रसाद सभी को बांटा जाएगा।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगा दी जान

**राठ।** चिकासी थाने के टोला खंगारन गांव में एक युवक ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। टोला खंगारन निवासी बुद्ध सिंह के 32 वर्षीय पुत्र प्रदीप अहिरवार ने गुरुवार की शाम करीब पांच बजे गांव के बाहर अपने खेत में साड़ी से फांसी लगा ली। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। शाम को ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखा तो सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पेड़ से नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि प्रदीप अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की ससुराल जालौन जिले में थी। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी रश्मि अपने दो बच्चों पूर्वी, शिवांश बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। बताया जाता है कि युवक प्रदीप शराब पीने का आदी था। घटना को लेकर परिजन चुप्पी साधे हुए थे। थानाध्यक्ष चिकासी ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### किसान मेला मे लोकतंत्र सेनानी सम्मानित



**मुस्करा।** इमिलिया गांव में चल यह बारह दिवसीय किसान मेले के समापन पर लोकतंत्र सेनानियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तो वहीं मेला में व्यवस्था संभालने वाले आधा सैकड़ा से अधिक युवा कार्यकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव इमिलिया मे एक जनवरी से किसान मेला की शुरुआत हुई थी।जिसका आज शुक्रवार को समारोह के माध्यम से समापन हुआ। जिसमे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महिपाल राजपूत ने लोकतंत्र सेनानी रणधीर सिंह, ब्रजराज यादव,मदन मोहन राजपूत को अंग वस्त्र भेंट कर व इसके अलावा मेले में लगी दुकानों में शांति सुरक्षा समिति पेयजल और चिकित्सा व्यवस्था टीम में लगे हुए 88 युवाओं को लंच बॉक्स अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जुगल यादव, शक्ति चौरसिया,संतोष कुशवाहा,रामकुमार राजपूत, राजकुमार दाउ,शहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को बनाएं मतदाता

**हमीरपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य की गोष्ठी कलेक्ट्रेट सभागार में युवा महोत्सव के रूप में आयोजित की गई। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने विद्यालय स्तर पर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की गई। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र एवं छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदान सूची से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों के माध्यम से नए मतदाताओं को जागरूक करने अपेक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने नए मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी देने को कहा। उप निर्वाचन खालिद अंजुम ने विद्यालयों में एवं ईवीएम व वीवी पैट एवं मार्क ड्रिल जानकारी दी।

# कोर्ट में जय श्रीराम बोलने पर एसडीएम ने सुनाई थी सजा

सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज





वर्ष 1990 अक्टूबर माह में राम मंदिर आंदोलन के दौरान चेन्नई से आए राम भक्तों को हिरासत में लेने के दौरान आक्रोशित आंदोलनकारी ने बाजार बंद का ऐलान किया था। बाजार बंद करने के दौरान दरोगा से हुई झड़प के बाद शांति भंग में भेजे गए भक्तों ने एसडीएम कोर्ट में जय श्री राम के जयकारे लगा दिए। इससे नाराज एसडीएम ने तीन राम भक्तों को चालीस दिन की सजा सुनाई थी। राम भक्तों को हमीरपुर के साथ बांदा जेल में रहकर सजा भुगतनी पड़ी थी।

वर्ष 1990 में राम मंदिर आंदोलन चरम पर था। आंदोलन में शामिल रामभक्त जमुनादास गुप्ता पुत्र केदार पौथिया वाले बताते है कि चेन्नई से एक बस में 70 कार सेवक अयोध्या जा रहे थे। इनको प्रशासन ने हिरासत में ले लिया था। इससे नाराज होकर रामभक्त कस्बे का बाजार बंद करा रहे थे। बताया कि बाजार बंद कराते समय उनकी थाने में तैनात दरोगा से झड़प हो गई थी।

इस पर दरोगा ने उनको हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया। चालान होने की खबर पाकर कस्बे के पूर्व चेयरमैन सतीशचंद्र अवस्थी व समाजसेवी बेनीबाबू के साथ एसडीएम सदर की कोर्ट में जमानत के लिए पहुंचे थे। बहस के दौरान तीनों ने एसडीएम कोर्ट में जय श्री राम का नारा लगाने लगे। तो इससे तत्कालीन एसडीएम नाराज हो गए और तीनों को 40 दिन की सजा सुनाई थी।

बताया कि तीनों लोगों को हमीरपुर एवं बांदा की जेल में रहकर सजा काटनी पड़ी थी। बताया कि अब राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।लेकिन राम मंदिर देखने के लिए पूर्व चेयरमैन सतीशचंद्र अवस्थी व बेनीबाबू इस दुनिया में नहीं है। उन्होंने बताया कि उनको राम मंदिर निर्माण से बेहद खुशी है। उनका कहना है कि उस समय का संघर्ष का प्रतिफल आज देखने को मिल रहा है और 33 वर्ष बाद कारसेवकों का सपना सच हुआ है और उनकी शपथ राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे पूरी हुई है।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में मां बेटा का 10 वर्ष की सजा

**हमीरपुर।** दो साल पुराने गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश स्वाती की अदालत ने मां, बेटे को सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों को 10-10 साल का कठोर कारावास व प्रत्येक पर 10 हजार का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि सुमेरपुर थानाक्षेत्र के मौहर गांव निवासी पीड़ित भाई श्यामबाबू रैदास ने दो अप्रैल 2021 को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई सर्वेश का उसके चाचा के पुत्रों दिनेश व राजेश एवं उनकी मां देवकी पत्नी गोपाल से 30 मार्च 2021 की रात करीब 10 बजे आपसी घरेलू विवाद के समय रिश्तेदारों को बचाने में उसके भाई ने मदद की थी। तब देवकी ने अपने पुत्र दिनेश से मारने को कहा और दिनेश ने उसके भाई के सिर पर पत्थर मार दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। जिसे जिला अस्पताल से कानपुर हैलेट के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी इलाज के दौरान दो अप्रैल 2021 को मौत हो गई है। पुलिस ने दोषी मां देवकी व पुत्र दिनेश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी मां बेटे को सजा सुनाई है।

# सपा नेताओं ने गरीबों को बांटे कम्बल

इटावा। समृद्धि न्यूज



कम्बल बांटते वीरू भदौरिया।

भीषण शीत लहर के बीच समाजवादियों ने स्थानीय पक्के तालाब साई मंदिर पर निराश्रितों को बांटे कंबल। समाजवादी पार्टी इटावा में जिला महासचिव वीरू भदौरिया ने सपा नेता आशीष पटेल के साथ अपनी दिवंगत पुत्री शालू की स्मृति में गरीबों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर वीरू भदौरिया ने कहा कि गरीब की सेवा ही प्रभु की सेवा है। हम लोगो को ऐसे कार्य समय समय पर करते रहने चाहिए।इनकी सेवा से बड़ी कोई सेवा नही होती इस कारण इनका आशीर्वाद प्राप्त होता है । हाड़कंपा देने वाली सर्दी में जब गरीबों के चेहरे पर मुस्कान दिखती है,तो हमे अंदर से सकून प्राप्त होता है।

मैं ऐसे लोगो से आग्रह करता हू जो गरीब की मदद कर सकते है उनको आगे आना चाहिए। सपा नेता पूर्व सभासद आशीष पटेल ने कहा कि इस ठंड के मौसम में कंबल बांट गरीबों के चेहरे में मुस्कान लाने का पुनीत कार्य सपा के जिला महासचिव वीरू भदौरिया ने किया है वो काबिले तारीफ एव अविस्मरणीय है। इनकी दुआए आपके आगे बढ़ने में मददगार साबित होगी। आप हमेशा दीन हीन की मदद बिना किसी लाभ की अपेक्षा किए किया करते है। इस मौके पर पूर्व सभासद अतुलेश पटेल,सुनील पटेल,शेरू,विनय वर्मा,सतेंद्र वर्मा,सोनू परिहार, देवेंद्र वर्मा, अखिलेश वर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भीषण सर्दी ने ढाया कहर, धीमी हुई रफ्तार

**मौदहा।** भीषण सर्दी शीतलहर ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है जिसके बाद आमजन मानस को अपने जरूरी काम के चलते ही घर से निकलना हो पा रहा है इसी क्रम में अधिक कोहरे के चलते ट्रेन भी अपने निर्धारित समय से तीन-तीन घंटे विलंब सेआ रही है जिससे यात्रियों के लिए भारी अशुविधा का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार नगर व क्षेत्र में कोरे व शीतलहर के चलते आम जनमानस को जहां मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है वही लोग घर में दुबक कर अलाव ताप कर जीवन यापन कर रहे हैं इतना ही नहीं कस्बे से गुजरने वाली रेलवे यात्री गाड़ी अपने निर्धारित समय से तीन-तीन घंटे देरी से चल रही है।

# बैण्ड सेरेमनी में युवा अधिवक्ता जफर मुस्तकीम को किया सम्मानित



युवा अधिवक्ता जफर मुस्तकीम को प्रमाण पत्र देते अपर जिला जज ईसी एक्ट जनार्दन यादव।

इटावा। समृद्धि न्यूज

युवा अधिवक्ता जफर मुस्तकीम का बैंड सेरेमनी ईसी एक्ट एडीजे चतुर्थ न्यायालय में सम्पन्न हुई युवा अधिवक्ता जफर मुस्तकीम को अपर जिला जज ई सी एक्ट जनार्दन यादव ने बैंड बांध कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जफर मुस्तकीम के वरिष्ठ अधिवक्ता ज़ुबैर तैमूरी स्पेशल काउंसिल यूपीपीसीएल, वरिष्ठ शिक्षक मुस्तकीम अहमद खां, शिक्षक अशहर मुस्तकीम, राजेन्द्र सिंह, उसामा मुस्तकीम, पंडित आदित्य नारायण द्विवेदी एड., पूर्व डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर एड., उपाध्यक्ष डीबीए भुवनेश यादव, दीन बंधु चौहान एड.,अतुल कुमार शर्मा एड., मोहसिन अली एड., आसिफ इक़बाल एड., देवेन्द्र कुमार मिश्रा एड., राजीव अगिनहोत्री एड., श्री चन्द्र गुप्त एड., महेंद्र सिंह चौहान एड., आदि अधिवक्ताओं की उपस्थिति में युवा अधिवक्ता जफर मुस्तकीम के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर शिक्षकों सहित शहर के बुद्धजीवी वर्ग ने भी युवा अधिवक्ता जफर मुस्तकीम को बधाई दी है।

# नोडल अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण



ग्राम दुर्गापुरा गौशाला का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी नेम प्रकाश मीणा।

इटावा। समृद्धि न्यूज

महेवा विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जैतपुरा की गौशाला का शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमें शीत लहर व सर्दी के होने पर राशन डीलरों से खाली बोरी मंगवाकर लगवाने के निर्देश वीडीओ महेवा को दिये गये। सर्दी व शीतलहर के चलने से गौशालाओं की स्थित दयनीय होने के कारण शासन द्वारा इन गौशालाओं के निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं जिस पर नोडल अधिकारी नेम प्रकाश मीणा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा कानपुर ने आकर गौशाला का निरीक्षण करने के साथ भूसा व हरा चारा मौके पर देखा इसके अलावा इस गौशाला में सर्दी होने के कारण सिकुडे बैठे आवारा गौवंशीय पशुओं की दशा देखकर उन्होंने वीडीओ महेवा सूरज सिंह से कहा कि राशन डीलरों से खाली बोरी लेकर उसको आसपास लगाबाओ जिससे हवा न लगे तब सर्दी का वचाव हो सकेगा। वहीं एक गाय जो कि गुरुवार को ही गौशाला में आई जिसको आवारा सांडो ने मार दिया जिससे वह घायल हो गयी उसको देखकर उपस्थित पशु चिकित्सक डा विनय मिश्रा को उपचार करने के निर्देश दिये। इस निरीक्षण में नोडल अधिकारी संतुष्ट नजर आये। इस मौके पर नर और मादा गौवंशीय अलग अलग बंधे मिले प्लास्टिक लगाकर सर्दी का वचाव किया जा रहा है। 200 गौवंशीय पशु मौके पर पाये गये।

**बैठक** — 14 से 21 जनवरी के मध्य स्वच्छता का चलाया जाएगा विशेष अभियान

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 503 जोड़े लेंगे फेरे

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज



▸ बैठक मे इओ मौदहा के अनुपस्थित होने पर डीएम ने रोका वेतन

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 27 जनवरी को राठ एवं 31 जनवरी को कुछेछा में होने वाली सामूहिक विवाह की तैयारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मौदहा के अनुपस्थित रहने पर अग्रिम आदेशो तक वेतन रोकने के डीएम ने निर्देश दिए। बैठक मे जिलाधिकारी ने पात्र जोडों के चयन हेतु दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों से कहा कि पात्र जोड़ों के चयन हेतु जो लक्ष्य दिया गया है उसको समयबद्ध पूर्ण कर लिया जाए ताकि आगामी निर्धारित दिवसों में एक बड़ा एवं भव्य सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित कर लक्ष्य को पूरा किया जा सके।उन्होंने कहा कि गरीब कन्याओं की शादी हेतु यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमे किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। जनपद में हाल ही में 383 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह संपन्न हुआ है। माह जनवरी 2024 में 503 जोड़ों का पुनः एक बड़ा एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 14 से 21 जनवरी के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाएगा,उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशाषी अधिकारियों को गॉव तथा शहरों में रोस्टर बनाकर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। तथा सभी सरकारी कार्यालयों,भवनों, स्कूलों आदि की साफ सफाई कराने तथा 22 से 26 जनवरी 2024 तक सभी कार्यालयों व भवनो को प्रकाशित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीडीओ,जिला विकास अधिकारी, पीडी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, बीडीओ, ईओ नगर पालिका नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# बैरई गौशाला के निरीक्षण में एसडीएम को चहुंओर मिली गंदगी

- चरही में भरा पानी मिला गंदा, अन्य व्यवस्थायें मिली चौपट
- पंचायत सचिव व केयरटेकरों को सुधरने की दी नसीहत



**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार को** एसडीएम ने महेवा ब्लाक स्थित बैरई गांव की गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई।

गौशालाएं शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है लेकिन इसके बाद भी उनकी व्यवस्थाएं ठीक नहीं है जिसकी बानगी समय समय पर देखने को मिलती रहती है तथा सर्दी बढ़ने और बेमौसम बरसात के बाद गौवंशों की दुर्दशा और खराब हो गई है जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारी गौशालाओं के प्रति सचेत हो गये हैं और मौका मिलते ही वह गौशालाओं में दस्तक देते रहते हैं। शुक्रवार को भी एसडीएम हेमन्त पटेल ने बैरई गांव स्थित अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं थी जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर कर ग्राम पंचायत अधिकारी भगवती सोनी को कड़ी फटकार लगाई और व्यवस्था दुरुस्त करने की नसीहत दी। ग्राम पंचायत अधिकारी को गौशाला में साफ सफाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही गोवंशों के पीने के लिए बनी पानी की चरही में गंदा पानी पाया गया जिसको लेकर ग्राम पंचायत सचिव भगवती सोनी एवं केयरटेकरों को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला की साफसफाई करवाई जाए एवं गोवंशों के पीने के पानी के लिए बनी हुई चरही का पानी खाली कराकर दोबारा साफपानी भरवाया जाए इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा गोवंशों के लिए अलाव एवं हरे चारे की भी व्यवस्था की जाये। उन्होंने यह भी कहा अगर कोई भी गौवंश भूख या सर्दी के कारण मृत पाया जाता है इसके जिम्मेदार खुद गौशाला के केयरटेकर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी होंगे। इस मौके पर अन्य विभागीय कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य पदार्थों की होटलों में पहुंच गुणवत्ता जांची

**उरई (जालौन)।** उप सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार आगामी अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को सफल बनाए जाने एवं आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद जालौन में आने वाले समस्त मार्गो पर स्थित ढाबों, भोजनालयों व अतिथि गृहों में भोजन की शुद्धता व गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें ढाबों, भोजनालयों व अतिथि गृहों पर कार्यवाही की गयी जिसमें रविन्द्र पुत्र जगमोहन परिहार ढाबा, झांसी-कानपुर हाईवे गिरथान, कैलाश ढाबा झांसी-कानपुर हाईवे गिरथान के परिसर खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना संग्रहित किया गया, भोला भोजनालय रामपुरा रोड़ माधौगढ़, मुस्कान फैमली रेस्टोरेन्ट बंगरा रोड कमसेरा, न्यू पंडित फैमली रेस्टोरेन्ट कानपुर-झांसी हाईवे एट के परिसर से गेहूँ का आटा का नमूना संग्रहित किया गया। टीम के द्वारा जनपद में निरन्तर निरीक्षण किये जा रहे है।

# श्रीराम जन्मभूमि उद्घाटन के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**श्रीराम जन्मभूमि** तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में आगामी दिनाँक 22 जनवरी /को श्रीराम मन्दिर का लोकार्पण व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को शान्ति पूर्ण, सकुशल संपन्न कराये जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में जनपद बलरामपुर में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना परिसर में होटल/ धर्मशाला/ ढाबा मालिक/ ट्रान्सपोर्टरों के साथ की गोष्ठी की गयी। आज दिनांक 12.01.2024 को जनपद बलरामपुर के समस्त थाना परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में आगामी दिनाँक 22/01/2024 को श्रीराम मन्दिर का लोकार्पण व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को शान्ति पूर्ण, सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के होटल/ धर्मशाला/ ढाबा मालिक/ ट्रान्सपोर्टरों के साथ की गयी गोष्ठी। इस दौरान सभी होटल/ धर्मशाला/ ढाबा मालिको को बताया गया कि उनके होटल/धर्मशाला में बाहर से आकर ठहरने वाले व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने व किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/ वस्तु की जानकारी होने पर तत्काल थाना स्थानीय को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। ट्रांसपोर्ट मालिकों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में भली भाँति अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जल संसाधनों के उपयोग से किसानों की समृद्धि के लिए डीएम का विशेष प्रयास, मत्स्य पालन को चलेगी विशेष मुहिम

- डीएम ने ग्राम पेहर में मत्स्य विभाग की आरईएस तकनीकी का किया निरीक्षण



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**जनपद जो** की बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावित है, ऐसे में जल संसाधन के उपयोग से किसान आर्थिक उन्नयन की ओर बड़े इसके लिए डीएम अरविंद सिंह द्वारा नई पहल की जा रही है। धान एवं गन्ना की खेती के इतर बागवानी एवं मछली उत्पादन जैसे कृषि व्यवसाय की किसानों को जोड़े जाने को मुहिम चलाए जाने पर डीएम द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा। इसी क्रम में डीएम अरविंद सिंह द्वारा विकास खंड उतरौला के ग्राम पेहर में मत्स्य विभाग की परियोजना परिसंचरणीय जलकृषि प्रलाणी (आरईएस) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीएम ने परिसंचरणीय जलकृषि प्रलाणी (आरईएस) को देखा एवं विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने लाभार्थी के वार्ता किया। लाभार्थी ने बताया की 50 लाख की लागत से परिसंचरणीय जलकृषि प्रलाणी (आरईएस) का निर्माण कराया है ,जिसमे 60 प्रतिशत सब्सिडी मत्स्य विभाग द्वारा दिया गया,आरईएस में 08 टैंक बनाए गए है जिसमें कुल 32 टन मछली उत्पादन किया जा रहा है। लाभार्थी ने बताया की उसके द्वारा बड़ी व छोटी मछलियों का पालन किया जा रहा है,मछली की 01 क्रॉप बेचने पर 05 से 06 लाख का लाभ होता है। मछली की 01 क्रॉप पांच से छह महीने में तैयार होती है। डीएम ने कहा की किसान गन्ना एवं धान के इतर बागवानी एवं मत्स्य पालन से जुड़कर कृषक व्यवसाय की ओर बड़े एवं अच्छा मुनाफा कमाए। जनपद जो बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावित है,यहां जल संसाधन का उपयोग बागवानी एवं मछली उत्पादन में करकर अच्छा मुनाफा प्राप्त किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कृषक मत्स्य पालन से जुड़कर नई तकनीकी के प्रयोग से अच्छा लाभ कमाए। जनपद में बड़ी मात्रा में मछली का निर्यात आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना जैसे राज्यों से हो रहा हैं,जो की दुर्भाग्यपूर्ण है, जनपद की लखनऊ से कनेक्टिविटी की अच्छी उपलब्धता बड़ी संख्या में मछली का ट्रांसपोर्ट किया जा सकता हैं। उन्होंने समस्त बीडीओ एवं सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश दिए की जनपद से सभी तालाबों को उपयोगी बनाते हुए मत्स्य पालन को बढ़ावा दें।

# तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को किया गिरफ्तार

**सोनभद्र।** नशे का कारोबार कर रहे अपराधियों पर सोनभद्र पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई के तहत बुधवार को सोनभद्र क्राइम ब्रांच और शाहगंज कोतवाली पुलिस के हाँथ बड़ी सफलता लगी है। ओड़िसा से डीसीएम में छिपाकर गांजा ले जा रहे तीन अंतर्राज्जीय तस्करों को पुलिस ने घेरेबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने 1.44 कुंटल गांजा बरामद किया गया है। इसकी कीमत पंद्रह लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट क्क तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गयी है। पुलिस लाइन सभागार में मामले का खुलासा करते हुए गुरुवार पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने बताया कि ÷बुधवार को मुखबिर की सुचना पर शाहगंज कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने गाड़ियों की चेकिंग के दौरान रॉबर्ट्सगंज की तरफ से आ रही एक डीसीएम को रॉबर्ट्सगंज-शाहगंज मार्ग पर स्थित बनौरा पुलिया के पास रोक कर तलाशी ली गयी तो उसमें लदे लोहे की मशीन और पाइपों में रखा गाँजा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने डीसीएम में मौजूद तीनों तस्करों ओड़िसा निवासी प्रकाश माहखुड़ (26वर्ष) पुत्र बसन्त माहखुड़ और रश्मि रंजन सामल (21वर्ष) पुत्र अशोक सामल तथा प्रयागराज निवासी राहुल सोनकर (29वर्ष) पुत्र लवकुश सोनकर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि डीसीएम मालिक निरंजन बम्पा व राजेश सोनकर तथा सुनील बेहरा व उन लोगों में एक राय होकर यह तय किया था कि बरहनपुर से लोहे की मशीन व पाइप लोड किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### ओटीएस योजना के 3 दिन बचे, विद्युत विभाग ने अभियान किया तेज

**कालपी (जालौन)।** विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने विद्युत उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि 16 जनवरी तक एक मुश्त समाधान योजना लागू है जिसमें पहले आएं, ज्यादा लाभ पाए के आधार पर योजना है। उन्होंने कहा है कि यदि अभी तक बकायेदार उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ न लिया हो तो तत्काल खंडीय या उपखंड कार्यालय में अपना पंजीकरण कराएं अथवा वेवसाईट पर सीधे भी पंजीकरण कर सकते हैं। 16 जनवरी को होने वाली भीड़ से बचने के लिए आज ही नजदीकी विद्युत कार्यालय पर जाएं अन्यथा उसके बाद कनेक्शन काटने का तथा धारा 5 (कुर्की) भेजे जाने का विशेष अभियान चलाया जायेगा। यदि अप्रिय कार्रवाई होती है तो उसके लिए संबंधित बकायेदार उपभोक्ता ही उत्तरदायी होंगे। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाएं एवं विच्छेदन की कार्यवाही से बचें। पावर कॉरपोरेशन के द्वारा बकायेदारों से ब्याज माफी की चलाई जा रही एक मुफ्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ हासिल करने के लिए आधे से ज्यादा उपभोक्ता दिलचस्पी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक विद्युत उपखंड क्षेत्र में 50 हजार की धनराशि के उपभोक्ताओं की संख्या 138 है। 1 से 5 लाख रुपए तक के बकायेदारों की संख्या 54 है। जबकि 5 लाख रुपए से अधिक के बकायेदार उपभोक्ताओं की संख्या 26 है। 6 हजार उपभोक्ताओं को योजना में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन अभी तक करीब 4 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के द्वारा ओटीएस योजना में पंजीकरण कराया गया है। उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता के द्वारा जगह-जगह शिविर आयोजित कराकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी आदर्श राज के मुताबिक ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में कर्मचारियों के द्वारा ओटीएस योजना के लाभ बताकर जानकारियां दी जा रही।

### राजकीय इंटर कालेज दारी चौरा में विवेकानंद की जयंती मनी

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** शिक्षा छेत्र श्रीदत्तगंज के राजकीय इंटर कॉलेज दारीचौरा में अपने ऊर्जस्वित जीवन से दुनिया को मानवता का सार सिखाने वाले , भारत की संस्कृति और सभ्यता को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले महान विचारक , युग प्रवर्तक युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को हर्ष और उल्लास के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया । विद्यालय के प्रिंसिपल आशीष कुमार मौर्य (क्क्म्वर्)के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शिक्षकों ने अपना अपना विचार प्रस्तुत किए विद्यालय के अध्यापक सुरेंद्र चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी के बारे में विद्यालय के छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी , जिसमें भारत सरकार द्वारा 2024 की थीम जाग उठो , जागो , अपने पास मौजूद शक्ति को पहचानों को सभी छात्र - छात्राओं को बताया गया । इस अवसर पर डॉ के के चौरसिया,डॉ अनुज कुमार, मुश्ताक अली , समेत सभी शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोतः कुलपति

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र के नासिक में प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया।इस दौरान कुलपति के साथ शिक्षक, वैज्ञानिक,कर्मचारी व छात्र छात्राओ ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना।युवाओं को संबोधित करते हुए कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं,उनके विचारों को अपनाकर जीवन को सरल एवं सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी के एक संत ही नहीं बल्कि एक महान देशभक्त,दार्शनिक,वक्ता होने के साथ-साथ लेखक भी थे। कुलपति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत और भारतीय संस्कृति को दुनियाभर में एक अलग पहचान दिलाई है।युवा साथियों के साथ-साथ हम सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है।इस मौके पर आध्यात्मिक संस्थान हैदराबाद से पहुंचे अरुण कुमार व चंद्रप्रकाश ने छात्र छात्राओं को ध्यान एवं योग कराया।वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में छात्र छात्राओं ने महाराष्ट्र के नासिक में प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन युवा शक्ति का दिन है।

# बालगृह में फल वितरित कर मनाया प्रियंका गांधी का अवतरण दिवस

**सोनभद्र।** शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी के अवतरण दिवस पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) द्वारा घोरावल विधानसभा के उरमौर में स्थित %बाल गृह बालक% पर अनाथ बच्चों को फल वितरित कर उन्हे याद किया गया।आशु दुबे ने कहा कि जनपद सोनभद्र से गांधी परिवार का बहुत पुराना नाता रहा है।देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू सोनभद्र जनपद को मिनी स्विट्ज़रलैंड के रूप में देखना चाहते थे। वही जब सोनभद्र में उम्भा की घटना हुई, उसमें प्रियंका गांधी ने सर्वप्रथम घटना संज्ञान में लेकर यहां के अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी और न्याय भी दिलाया। किसान, व्यापारी, नौजवान, बेरोजगार, आम-जनमानस की आवाज के रूप में प्रियंका गांधी जी है, हम सभी ये जानते हैं की सर्वप्रथम उनकी लड़ने के लिए हमेशा आगे आती हैं और उनकी आवाज को बुलंद करती हैं। %बाल गृह बालक% में बाल कल्याण अधिकारी के रूप में कार्यरत श्यामू यादव जी ने बताया कि यहां पर 10 साल से 18 साल तक के बच्चों को सुधार हेतु अगर उन्हें कोई सजा हुई है तो लाया जाता है , सन 2023 में करीब 68 बच्चों को उनके परिवार के सुपुर्त यहां से स्थानांतरित करके किया भी गया था। यह संस्था करीब 2011-12 से चल रही है । युवा नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं उनका शिक्षा दीक्षा होना समय पर अति आवश्यक है उसका ख्याल रखना चाहिए, युवा कांग्रेस के नेता सूरज वर्मा ने कहा कि अनाथ बच्चों के साथ सबको ध्यान देकर उनका समर्थन करना चाहिए क्योंकि ये हमारे देश के भविष्य हैं, युवा कांग्रेस के नेता अंशु मद्धेशिया ने कहा कि सामाजिक और स्थानीय नेताओं को भी बीच-बीच में आकर यहां के बच्चों का उत्साह वर्धन करना चाहिए ताकि वह आगे चलकर देश समाज की सेवा कर सकें।

# 50वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर मुख्यालय के निर्माण के लिए जमीन खरीद का कार्य लगभग पूर्ण

- जिलाधिकारी ने प्रशासनकि अधिकारियों संग जमीन का किया निरीक्षण



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**मकर संक्रान्ति** के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से एसएसबी को दिया जाएगा जमीन का कब्जा मुख्यमंत्री द्वारा एसएसबी मुख्यालय निर्माण की आधारशिला रखने के लिए जिला प्रशासन बना रहा प्लान जनपद में 50वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर मुख्यालय के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यालय निर्माण के लिए आवश्यक 15 हेक्टेयर जमीन के सापेक्ष 99 प्रतिशत जमीन की खरीद का काम पूरा हो गया है। शुक्रवार को डीएम श्री अरविन्द सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तहसील सदर अन्तर्गत ग्रामसभा विशुनीपुर में प्रस्तावित 50वीं बटालियन मुख्यालय के निर्माण के लिए खरीदी गई जमीन का निरीक्षण किया तथा एसएसबी कमान्डेन्ट के साथ चर्चा कर रूपरेखा तय की गई। बताते चलें कि जिलाधिकारी के विशेष प्रयास से एसएसबी हेडक्वार्टर के निर्माण के लिए कास्तकारों से आपसी समझौते के आधार पर जमीन खरीदी गई है, जिसमें कुछ जमीन ग्राम सभा की भी शामिल है। जिलाधिकारी द्वारा जमीन खरीद के लिए एसडीएम सदर और तहसीलदार को कास्तकारों से वार्ता कर बैनामा कराने की जिम्मेदारी दी गई थी जिसके क्रम में जमीन खरीद का काम 99 प्रतिशत पूरा हो गया है।

जिलाधिकारी सिंह ने मौके पर उपस्थित कमान्डेन्ट को निर्देशित किया कि वे केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर समीक्षा करते हुए एक आकलन रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से भेजें तथा मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वे बैनामें का स्पॉट मेमो तैयार करा लें। जिलाधिकारी ने बताया कि मकर सक्रान्ति के शुभ अवसर पर एसएसबी कमान्डेन्ट को जमीन का कब्जा जिला प्रशासन की ओर से दिया जाएगा तथा जिला प्रशासन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा निर्माण कार्य की आधारशिला रखे जाने का प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में एसएसबी प्रशासनिक भवन, बेस कैम्प, आवासीय भवन आदि का निर्माण कार्य शामिल है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 प्रदीप कुमार, एसएसबी 50वीं बटालियन कमान्डेन्ट एल0पी0 उपाध्याय, एसडीएम सदर राजेन्द्र बहादुर, तहसीलदार घासीराम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सैम बच्चों के बीच पहुंच डीएम ने स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस मनाया

- 73 परिवारजनों को अभी तक दुधारू गाय सुपुर्दगी में दी गयी
- बच्चों को खिलौना, पेन्टिंग किट, किताब, कॉपी, पेन्सिल, चॉकलेट, ऊनी वस्त्र बांटे



**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेन्द्र देव शर्मा व समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) जिला पुरुष अस्पताल में भर्ती तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, साथ ही बच्चों को उपहार के रुप में खिलौना पेन्टिंग किट, किताब, कॉपी, पेन्सिल, चॉकलेट, ऊनी वस्त्र पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे।

जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करना तथा उनके माता-पिता एवं अभिभावकों में उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूकता लानी है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास रहेगा कि जनपद में जो भी बच्चे तीव्र अतिकुपोषित (सैम) श्रेणी में है उन्हें बेहतर इलाज एवं पोषण आहार देकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि अतिकुपोषित सैम बच्चों के 73 परिवारजनों को अभी तक दुधारू गाय सुपुर्दगी में दी गयी है। जिससे अतिकुपोषित सैम बच्चों के पोषण श्रेणी में शीघ्र सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी अतिकुपोषित सैम बच्चों को चिन्हित करते हुये इनके अभिभावकों को भी दुधारू गाय सुपुर्दगी में दी जायें। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरेन्द्र पौत्स्यायन, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव व समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकायें मौजूद रहीं।

# हर्षित की शतकीय पारी न आई काम दुद्धी ने बैढ़न को 93 रनों से हराया

दुद्धी,सोनभद्र। 37वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गये मैच में बैढ़न मध्य प्रदेश और टाउन क्लब दुद्धी के बीच हुआ जिसमें टाउन क्लब दुद्धी की टीम ने एक तरफा मुकाबले में बैढ़न को 93 रनों के भारी अंतर से पराजित कर, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गयी। टास दुद्धी के कैप्टन राजत राज ने जीता और पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 259 रनों के विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें सागर विश्वकर्मा ने 5 छक्के व 11 चौके की मदद से सर्वाधिक 78 रनों की पारी खेली। वहीं आलोक शर्मा ने 4 छक्के व 8 चौके की मदद से 71 रन, रजत राज ने 1 छक्के व 6 चौके की मदद से 31 रन व पंकज ने 24 रन जोड़े। बैढ़न की ओर से गेंदबाजी करते हुए संजू जायसवाल ने 4 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट अर्जित किये,वहीं हर्षित दुबे ने भी 4 ओवर में 56 रन देकर 2 व अमित ने 1 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी बैढ़न की टीम 16.4 ओवर में ही अपने सभी विकेट गंवाकर 166 रनों पर सिमट गई। जिसमें धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए हर्षित दुबे ने क्रीड़ांगन के चहुंओर शाट लगाकर इस टूर्नामेंट के पहले शतकवीर बनने का रिकार्ड बनाया। उन्होंने 6 छक्के व 15 चौके की मदद से सर्वाधिक 116 रनों की पारी खेली।जबकि उनकी टीम के अन्य बल्लेबाज कुछ खास नही कर सके। दुद्धी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक ने अपने 4 ओवर के स्पेल में 30 रन देकर,3 महत्वपूर्ण विकेट लिए और पंकज व अन्य गेंदबाजों ने भी 1-1 विकेट लिए। इस प्रकार बैढ़न से शतकीय पारी खेलने वाले हर्षित भी अपनी टीम जीत न दिल सके और दुद्धी ने बैढ़न को 93 रनों के भारी अंतर से पराजित कर,क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गयी।

# ग्राम देवता श्री श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव की तैयारी पूर्ण

**चोपन/ सोनभद्र।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवता श्री श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव की तैयारी विगत एक महीने से चल रही थी जो कि शुक्रवार को पूर्ण हो गई पूरे मंदिर परिसर को साफ सफाई कर झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। 13 जनवरी को सुबह दस बजे से चौबीस घंटे का अखंड हरिकिर्तन का शुभारंभ होगा जिसका समापन 14 जनवरी को होगा हरिकिर्तन समापन के बाद हवन पूजन किया जाएगा तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि श्री श्री लाखन वीर बाबा का मंदिर रेलवे लाइन के समीप सोननदी के किनारे अवस्थित है और लोगों के आस्था का पवित्र स्थान है और ग्राम देवता होने के नाते गांव और नगर के लोग किसी भी मांगलिक कार्यक्रम करने से पहले यहां पर निमंत्रण देते हैं ताकि उनका आयोजन विना विघ्न बाधा के सकुशल संपन्न हो सके।

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरे पिता का नाम RAMKUMAR GURJAR (रामकुमार गुर्जर) जन्मतिथि 10/07/1962 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजों में पिता जी का नाम RAMKUWAR (रामकुवार) व जन्मतिथि 01/01/1961 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3009344H नायक बलवीर सिंह
**बलवीर सिंह पुत्र रामकुवार निवासी नांगल चेचीका पोस्ट जयसिंहपुरा जिला जयपुर राजस्थान/ वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़ फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी पुत्री का नाम खुशबू सिंह अंकित हो गया जो कि गलत है, जबकि अन्य दस्तावेजों व प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम खुशबू भदौरिया है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए
आर्मी 3000585F हवलदार जितेंद्र सिंह भदौरिया
**जितेंद्र सिंह भदौरिया पुत्र राजेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी ग्राम व पोस्ट भवनपुरा जिला भिंड, मध्य प्रदेश/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़ फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी माता का नाम BHARAFI DEVI (भरफाई देवी) जन्मतिथि 12/06/1965 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजों में माता जी का नाम BHARPAI (भरपाई) व जन्मतिथि 01/01/1963 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3009344H नायक बलवीर सिंह
**बलवीर सिंह पुत्र रामकुवार निवासी नांगल चेचीका पोस्ट जयसिंहपुरा जिला जयपुर, राजस्थान/ वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़ फर्रुखाबाद।**

# जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने और सर्वे का कार्य तेज गति से करें: डीएम

- अब सभी कोटेदारों को नई मशीनें और नए कांटे मिलेंगे, कोटेदारों को मशीनों को चलाने की दी जाएगी ट्रेनिंग

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**जले हुये** गांव के भू-अभिलेख बनाने एवं सर्वेक्षण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया से सर्वे आदि का कार्य जल्द पूर्ण कराए जाने को लेकर डीएम ने कलेक्टेªट के गांधी सभागार में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि गाँवो के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य वर्ष 1994 में शुरू हुआ था और 2024 शुरू हो गया। लोग कई वर्षो से परेशान हैं उनकी परेशानी को दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे की प्रक्रिया महाबलीपुर, गदनपुर बड्डू, तारपुर नौकास्त, मिश्रीपुर, जलालपुर अमरा आदि ग्राम में सर्वे का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। यदि किसी काश्तकार द्वारा आपत्ति जताई जाए तो उसका निस्तारण किया जाए। समय का इंतजार न करें, निर्भीकता के साथ बिना डरे कार्य को सही से करें। अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें और सर्वे की प्रक्रिया को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करें। डीएम ने कहा कि 35 जले हुए ग्रामों में से अकबरपुर, उस्मानपुर, सरदामई, गढ़िया पाह, बरुआ सबलपुर, हाथिन, हरिवल्लभपुर के अभिलेख बनाए जाने के कार्य में तेजी लायें। चको का मौके के अनुसार भू चित्र पर चक्र निर्माण कार्य तीव्र गति के साथ किया जाए। कहा कि लोगो की परेशानी दूर करना हम सबका दायित्व है। डर-डर कर करने से कोई कार्य पूर्ण नही होता है, जिस कार्य मे जितना विलम्ब होगा उतनी ही समस्याएं आती हैं, अपनी इच्छा शक्ति के साथ कार्य को करें, तभी अभिलेख का कार्य समय से पूर्ण होगा और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने से बड़ा से बड़ा कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनपद में 652 राशन की दुकानें हैं। 27 जनवरी से सभी दुकानों की मशीनों को रिप्लेस किया जाना है, अब सभी कोटेदारों को नई मशीने और नए काटे मिलेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मशीनों आ जाने पर संबंधित तहसील सभागार में कोटेदारों को ट्रेनिंग दी जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों की मदद कर रही टीचर्स सेल्फकेयर टीम

- बीएसए को कराया टीम के उद्देश्यों से अवगत

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**शुक्रवार को** टीचर्स सेल्फकेअर टीम पदाधिकारियों ने बीएसए उपासनारानी वर्मा से मुलाकात कर संगठन के उद्देश्यों से अवगत कराया। जिला संयोजक अंकित कटियार ने बताया कि अभी तक टीचर सेल्फ केयर टीम द्वारा 143 परिवारों को 39 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद की जा चुकी है। व्यवस्था शुल्क के 50 रुपये से 40 परिवारों को 15 लाख रुपए की मदद की जा चुकी है।

ब्लॉक प्रवक्ता श्रीमती स्नेहलता द्विवेदी ने बताया कि विगत माह जनपद के जिला टीम से मुस्ताक हसन रिजवी दिवंगत हो गए थे। जल्द ही उनके परिवार का सहयोग भी किया जाएगा। अभी हाल ही में 25000 रुपये की मदद बृजेश कुमार प्रधानाध्यापक बाबू सिंह इंटर कॉलेज हसेरन में की गई। तालग्राम ब्लॉक प्रवक्ता देवेंद्र सिंह ने बताया कि 01 जनवरी से शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, खंड शिक्षा अधिकारी क्लर्क आदि को टीएससीटी टीम से जोड़ा जा रहा है। मानवेंद्र सिंह ने बताया कि दिसंबर माह में हुए 6 दिवंगत परिवारों को तीन करोड़ की मदद की गई। बीएसए ने टी एससीटी के संस्थापक के कार्यों की सराहना की। कहा कि टीएससीटी के पदाधिकारी निस्वार्थ भाव से निरंतर कार्य कर रहे है। इस दौरान शैलेंद्र सिंह, पंकज त्रिवेदी, जसकरन, भानु मिश्रा, विनय कुमार, गोपाल गुप्ता, अभिषेक वर्मा, सोनपाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



बीएसए को पत्रक भेंट करते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस ने बदमाशों के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** 05 जनवरी 2024 को दुकान बंद करके घर को लौट रहे सर्राफ व्यापारी को गोली मारकर हत्या और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात की लूट के संबंध में फरार चल रहे दो बदमाशों की मुठभेड़ के दौरान एक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनके विरुद्ध कोतवाली प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कराया है। गुरुवार की सुबह 7.30 बजे पुलिस मुठभेड़ में मारे गए इजहार निवासी गौरी नवादा समधन और घायल तालिब निवासी दारा सराय समधन के विरुद्ध दर्ज कराएं मुकदमे में कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया है कि दोनों अभियुक्तों के द्वारा 05 जनवरी 2024 की शाम 06 बजे सर्राफ व्यापारी अयाज को गोली मारकर हत्या कर दी गई और उसके पास से लाखों रुपए की जेवरात एवं नगदी लूट ली गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रामाश्रम से सराय दौलत मार्ग पर जहांगीरपुर गांव के समीप पुलिस मुठभेड़ के दौरान इजहार को गोली लगने से मौत हो गई। जबकि तालिब गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों अभियुक्तों के पास से 244 ग्राम सोना, 450 ग्राम चांदी के जेवरात एवं 04 लाख 30000 की नगदी 02 तमंचा, 09 जिंदा कारतूस, 07 खोखा बरामद किए गए। कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 307 और अवैध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

## बंटवारे के विवाद में भाई को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हिस्सा बंटवारे को लेकर भाई से गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निवासी अजय सिंह पुत्र छोटेलाल ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि बीती 07 जनवरी की शाम 05 बजे हिस्सा बंटवारे को लेकर उसका भाई सुरेश फौजी उर्फराज बहादुर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## देशी शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत छापेमारी की और युवक को शराब के साथ दबोच लिया। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को 20 क्वार्टर देशी शराब सहित दबोच लिया। जिसके बाद उसके विरुद्ध आवकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश व कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक हरीश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर शिवम पाल पुत्र सरमन निवासी मसीटपुरवा को जलालाबाद फाटक से आगे रास्ते मे 20 क्वार्टर देशी शराब सहित धर दबोचा। जिसके बाद उसके विरुद्ध आवकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## अस्थाई गौशाला का सचिव ने किया औचक निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विशेष सचिव ने नगर स्थित अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया। जिसको देख पालिका कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिस पर गौशाला प्रभारी और पालिका लिपिक ने मौके पर पहुँचकर विशेष सचिव को जानकारियां दी। शुक्रवार की दोपहर नगर पालिका कार्यालय स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण विशेष माध्यमिक शिक्षा विभाग के सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। जिसकी जानकारी मिलते ही गौशाला में प्रधान लिपिक आरपी सिंह, गौशाला प्रभारी प्रश्नजीत मिश्रा उर्फगौरव पहुंचे और गौशाला का निरीक्षण कराया। इस दौरान विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता ने गौशाला में साफसफाई को लेकर दिशा निर्देश दिएं। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर पशुओं के सर्दी में रहन-सहन की व्यवस्था अलाव की व्यवस्था एवं टीनशेड का निरीक्षण किया।

# युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

- राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराती है। सही दिशा में प्ररित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है। जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। यह बात प्रोफेसर डॉ हरिओम प्रजापति ने कही।

गुगरापुर क्षेत्र के संयोगिता मार्ग स्थित अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। समस्त स्टाफ़ एवं छात्र- छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान प्रोफे. डॉ हरिओम ने छात्र- छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि 1985 से हर साल 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का उद्देश्य है। कि स्वामी विवेकानंद के विचार और आदर्शों के महत्व को बढ़ावा देना है। इस मौके पर डॉ सुरेंद्र कुमार, मोरपाल सिंह, दिलावर सिंह, सचिन यादव, मोहिनी शर्मा, रितिक पाठक आदि रहे। इसके अलावा क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्बोधन का सजीव प्रसारण दूरदर्शन के द्वारा छात्रों को दिखाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार शाक्य ने युवा दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं से उनके आदर्शों पर चलने अपील की।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र- छात्राएं — समृद्धि न्यूज

# संजय सिंह को पुन: राज्यसभा भेजने पर जताई खुशी

- आप पदाधिकारियों ने बांटी मिठाई



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शुक्रवार को नगर के तिर्वा रोड के मोहल्ला मुजाहिद नगर में आम आदमी पार्टी के धन्यवाद केजरीवाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत की अगुवाई में मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जेल में होने के बावजूद संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा में भेजने का निर्णय केजरीवाल ने किया है। उसी के तहत पूरे देश में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि मोदी सरकार ने फर्जी शराब घोटाले में संजय सिंह की गिरफ्तारी की। जिन्होंने गरीबों, मजदूरों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, किसानों, युवाओं की आवाज को संसद में उठाया। उससे सरकार घबरा गई थी। केजरीवाल के शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी अपने को क्रांतिकारी कदमों से घबराकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जेल के अंदर भेजने का जो काम कर रही है। उसे अब पूरा देश देख रहा है और वह दिन दूर नहीं है जब 2024 के चुनाव में जनता इनको बेनकाब करेगी। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरशाद अहमद, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद इंजमाम, राम लखन यादव, नूरजहां, सबीना बेगम सहित दर्जनों महिला कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# जबानी की इबादत अल्लाह को बहुत पसंद हैं: मुफ्ती रिजवान



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नमाज़ से पहले मौलाना ने अपने बयान में बताया कि इंसान के दुनिया में आने का एक मकसद है। उसका दुनिया में रहना और यहां आना और यहां से जाना सब अपने मालिक की मर्जी पर है। इसलिए जो नेमते इंसान को मिली है? उसे चाहिए कि उनकी कदर करे। यह बातें समधन सौरखी मस्जिद में मौलाना मुफ्ती रिजवान ने जुमे की नमाज से पहले अपने बयान में बताई कहा कि इंसान को जिंदगी मिली है इस नेयमत की कदर करके अच्छे कामों में इस्तेमाल करें। इसी तरह जवानी इंसान के लिए बहुत बड़ी नियमत है ऐसी जवानी जो अच्छे कामों में गुजरे अल्लाह को बहुत पसंद है। और उसके यहां ऐसे जवानों के लिए बड़े इनाम है? माल अल्लाह की बहुत बड़ी नेमत है इसलिए उसको कमाने के अंदर भी सही और सच्चे रास्ते को इस्तेमाल करना चाहिए हराम और गलत तरीके से माल को कमाने से बचना जरूरी है। इससे मॉल में बरकत खतम होती है और बहुत बड़ी मुसीबतों का सबब होता है इसी तरह से माल को खर्च करने के अंदर इस चीज का ख्याल रखना जरूरी है की माल को अच्छी जगह और अपनी जरूरत की चीजों में घर वालों की जरूरत में और सदका खैरात में खर्च करें जरूरतमंदों के विवाह में यतीमों ,मिस्कीनों में परेशान हाल लोगों की परेशानी में खर्च करें। अपनें अल्लाह को हर समय राजी रखें अपने-अपने बच्चों को दुनियावी पढ़ाई के साथ-साथ दीनी तालीम को भी हासिल करायें आदि दीनी बातें बताई गई।

## यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा का किया गया सत्यापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा नगर के मुख्य तिराहे पर ई-रिक्शा का सत्यापन और रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके अलावा बिना रजिस्ट्रेशन व सत्यापन के चल रहे ई-रिक्शा चालकों को जल्द रजिस्ट्रेशन कराए जाने की हिदायत दी गई। शुक्रवार को नगर के मुख्य तिराहे पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के आदेश पर यातायात उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह ने ई-रिक्शा का सत्यापन किया गया। उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह ने बताया कि आज 298 ई-रिक्शा का सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि जिन ई-रिक्शा चालको ने अपने अपने ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है। वह जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कराए चेतावनी देते हुए उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह ने बताया कि अगले 5 दिनों तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर यातायात कांस्टेबल सलमान खान सहित कई होमगार्ड उपस्थित रहे।

# सर्दी में धूप से राहत तेज हवा ने बढ़ाई ठिठुरन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**कभी बारिश** तो कभी घने कोहरे के साथ गलन भरी हवाएं जनजीवनपर खासा असर डाल रही हैं जनवरी का महीना जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है सर्दी अपने तेवर और तलाक करती जा रही है आलम यह है कि रात में कोहरा और सुबह गलन के साथ शीतलहर ने जनमानस को झकझोर कर दिया है। दोपहर के वक्त आसमान में बादलों की आवाज के बीच सूरज दिखाई दिया के बावजूद इसकी सर्दी में कोई कमी नहीं आई सीत लहर के आगे सूरज की तपिस भी गर्मी नहीं दे सकी सुबह कोहरा दोपहर में बदल शाम के साथ रात में कोहरे के साथ कर लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है वही मजदूर सुबह कोहरे के बीच हुई आसमान में बादलों की आमद काम हो गई दोपहर में थोड़ी देर धूप जरूर निकली पर सर्द हवाओं में ने लोगों को घरों में ही दिखने को मजबूर कर दिया देर शाम सड़कों पर सन्नाटा नजर आया मौसम ने एक बार फिर 48 घंटे के भीतर पलटी मारी सुबह कोहरे के बाद धूप जरूर निकली पर हवा चलने में दिन में कम कभी बढ़ गई साथ भी पड़ा मौसम विभाग ने बारिश के साथ ओलावृष्ट की संभावना जताई पहले लगातार मौसम खुल नहीं रहा था तो लोग परेशान थे मौसम खुला तो लगा कि सर्दी का असर कम होने लगेगा लेकिन पश्चिमीविरोध सक्रिय होने के साथ पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदान तक फिर पहुंच गया जिस कारण सुबह से दोपहर तक ठंडी हवाएं चलती रही।



## मौसम में रहता उतार-चढ़ाव

सर्दी के बीच कई बार बारिश भी हो चुकी है जिले में अब तक साथ बारिश हो चुकी है अभी मौसम के इसी तरह बने रहने के आसार हैं हल्का की तापमान में बहुत अधिक कमी नहीं है लेकिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच का अंतर कम है इस कारण गलन के साथ बारिश की संभावना बनी है पाला पढ़ने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर आ रही है।

# महिलाओं ने भरी हुंकार, आंदोलन की बनाई रणनीति

तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**भारतीय किसान** यूनियन (स्वराज) महिला मोर्चा के तत्वाधान में हुई बैठक,किया गया संगठन का विस्तार, दर्जनों महिलाओं ने ली संगठन की सदस्यता। शुक्रवार को विकासखंड तालग्राम कार्यालय तेराजाकेट पर भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के तत्वाधान में महिला मोर्चा ने समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिलाध्यक्ष संदीप पाठक व प्रदेश सचिव (महिला मोर्चा) निर्मला राठौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए,महिलाओं ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर व माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। बैठक में पूर्व से चल रहे कई संघर्षो पर चर्चा की गई जिसमें महिला मोर्चा ने जल्द बड़े आंदोलन के लिए समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारिओं के साथ भारी संख्या में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार किया गया जिसमें महिलाओं ने बड़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए दर्जनों की संख्या में सदस्यता ग्रहण की। विस्तार क्रम में सावित्री कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा), रीना तिवारी को तहसील उपाध्यक्ष, सीता पाल को तहसील सचिव एवं रंजना तिवारी को तहसील उपाध्यक्ष के पद पर मनोनयन पत्र देखकर मनोनीत किया गया। महिलाओं ने ब्लॉक परिसर में किसान एकता जिंदाबाद, नारी शक्ति जिंदाबाद, भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष (महिला मोर्चा) कल्पना सिंह, जिलाध्यक्ष (युवा मोर्चा) पुष्पेंद्र सिंह राठौर, जिला उपाध्यक्ष योगेश सक्सेना, सुनीता तिवारी, रीता शाक्य, सुधीर यादव, विपिन उर्फ लल्ला कठेरिया, संदीप सिंह, अशीष उर्फ ललू गुप्ता, सीमा पाल, पूजा ठाकुर, प्रभा ठाकुर, मोहिनी, सरिता आदि दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

**कार्यक्रम** — स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# स्वामी विवेकानन्द ने व्यक्तित्व से देश में ही नहीं विदेशों में पहचान बनाई: डा. आर.एन. मिश्रा

- महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज






**स्वामी विवेकानन्द** की जयन्ती के अवसर पर चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओ ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन व टेबलेट वितरित किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. आर.डी. बाजपेई ने की एवं संचालन सुशील भारद्वाज ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट डा. आर.एन. मिश्रा ने स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी हम सभी युवा दिवस के रुप में स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती मना रहे हैं। उन्होने स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने अपने व्यक्तित्व से अपने देश में हीं नही अपितु विदेशों में भी अपने व्यक्तित्व के कारण पहचान बनाई है। कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी टेबलेट/स्मार्टफोन योजना भी उन्हीं के नाम से ही (स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण) चलाई जा रही है। आज के दिवस की सार्थकता को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर उमेश चन्द द्विवेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिकांगो में संपन्न हुए सर्वधर्म सम्मेलन, भारतीय दर्शन और संस्कृति को शिखर पर पहुंचाने का कार्य किया तथा वापस आने पर मातृभूमि रज मे लौटकर जन्मभूमि के प्रति प्रेम प्रदर्शित किया। कहा कि ऐसे थे हमारे स्वामी विवेकानन्द जी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उपेन्द्र कुशवाहा, सतेन्द्र यादव, अनिल यादव, वैभव, राहुल, मनोज, कमलकान्त, सुनील शर्मा, सुमित कटियार, सोनी समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, शनिवार, 13 जनवरी, 2024



# रामनगरिया मेले को लेकर फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर के एएसपी ने की बैठक

- शाहजहांपुर की दो ग्राम सभाओं के आधा दर्जन गांव थाना शमशाबाद में शामिल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रामनगरिया** मेले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद तथा अपर पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहांपुर ने बैठक कर मेले की तैयारियां पर चर्चा की।

जानकारी के अनुसार ढाईघाट शमशाबाद पर लगने वाले मेला रामनगरिया को लेकर शुक्रवार को फर्रुखाबाद तथा शाहजहांपुर जिला प्रशासन ने समीक्षा बैठक की। साथ ही अपूर्ण कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। अगहन पूर्णिमा को होने वाले स्नान को काफी भीड़ होती है। जिसके लिए बल्ली आदि लगाने के भी निर्देश दिये गये। सबसे बड़ी बात यह है शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद तथा शाहजहांपुर क्षेत्र के कुछ ऐसे भी गांव थे जिनका सोशल वर्क शमशाबाद फर्रुखाबाद तथा क्राइम क्षेत्र शाहजहॉपुर में आता है। अपर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद ने बताया दो ग्राम सभाओं क्रमशः शरीफपुर छिछनी तथा गुटैटी दक्षिण के आधा दर्जन गांव कैलियाई, फुला की मड़ैया, मंझा तथा चौरा आदि शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद जनपद में शामिल किए गए। उन्होंने यह भी बताया यहां के सारे कार्य चाहे सामाजिक स्तर के जो या क्राइम से संबंधित हो फर्रुखाबाद में ही देखे जाएंगे। वार्ता के दौरान पूछा गया यहां के 10 ग्राम सभाओं को फर्रुखाबाद में शामिल किए जाने की मांग की गई थी। जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद का कहना था फिलहाल 2 ग्राम सभाओं को शामिल किया गया है। शेष कार्य प्रगति पर है। आगामी गंगा स्नान तथा रामनगरिया मेले की तैयारियों के मद्देनजर समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद, सीओ कायमगंज के अलावा चौकी प्रभारी जेके पटेल एवं अपर पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर तथा थाना अध्यक्ष मिर्जापुर मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स मौजूद रहा। समीक्षा बैठक में आगामी मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। मालूम हो कि माघ मास में लगने वाले मेला रामनगरिया में दूरदराज से साधु संत व कल्पवासी आकर एक माह तक झोपड़ी आदि डालकर यहां रुककर भगवान का भजन पूजन करते हैं और पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।


मेला क्षेत्र में वार्ता करते दोनों जनपदों के पुलिस अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट सभागार** फतेहगढ़ में सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी विकास के लिये जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विद्यालयों के 100 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने बताया कि अभी 100 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिए गये है। जल्दी ही स्नातक में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिए जायेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की वो इस स्मार्टफोन का उपयोग अपनी पढ़ाई में करें। नौजवान पीढ़ी स्वामी विवेकानंद को अपना प्रेरणास्त्रोत बनाये। इस अवसर पर सांसद ने सभी विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद की जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वामीजी नौजवानों के प्रेरणा स्त्रोत हैं। विवेकानंद ने संपूर्ण विश्व में भारत का सर ऊंचा किया था। उन्होंने विद्यार्थियों को विवेकानंद के पद चिंन्हों पर चलने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर सांसद द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


स्मार्टफोन के साथ युवा व मौजूद सांसद व एडीएम आदि

# डिप्टी सीएम ने बीसी सखी तथा समूह की महिलाओं से किया वर्चुअल संवाद

- सरकार की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाने की अपील की

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विकास** खंड कार्यालय पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वारा बीसी सखी तथा तथा समूह की महिलाओं से लाइव प्रसारण के माध्यम से वर्चुअल संवाद किया गया तथा उन्हें सरकार की उपलब्धियां बतायी गयीं।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर सभागार में शुक्रवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा बीसी-सखी तथा समूह की महिलाओं से लाइव प्रसारण के माध्यम से वर्चुअल संवाद किया गया। जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं तथा सहायक विकास खंड अधिकारी, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह के साथ लाइव प्रसारण वर्चुअल संवाद किया। जिसमें उप मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उन्होंने बताया की समूह की महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जो लाभ प्राप्त हुआ है उसके बारे में वह सरकार की उपलब्धियां गांव के घरों-घरों तक पहुंचाएं तथा लोगों को इसके बारे में अवगत कारण। जिससे कि सरकार की योजनाओं से और लोग भी जुड़ पाएं और सीधा लाभ पाने के लिए उनकी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की जाएं। विकास खंड स्तरीय सम्मेलन में वह बढ़-चढ़कर भाग लें। जिससे कि सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उनके पास तक पहुंच सके। इस मौके पर एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, ब्लॉक एकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, आलोक दीक्षित, सुरेश कुमार, राहुल चंदेल तथा विकास खंड में एपीओ सहायक आलोक पाठक तथा क्षेत्र के समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।


लाइव प्रसारण देखतीं समूह की महिलाएं — समृद्धि न्यूज

# हत्या के मामले में तीन सगे भाई दोषी करार

- 15 जनवरी को सुनाई जायेगी सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज द्वितीय महेंद्र सिंह ने शेर सिंह, रामबरन, ओमवीर पुत्रगण रामपाल निवासीगण ग्राम मोहद्दीपुर थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। 15 जनवरी को सजा सुनाई जायेगी। बीते 18 वर्षों पूर्व थाना राजेपुर के ग्राम मोदद्दीपुर निवासी क्षेत्रपाल सिंह पुत्र रामदीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया 5 दिसम्बर 2006 को अपने चचेरे भाई सुखपाल के साथ कड़क्का बाजार से जरूरी सामान लेकर घर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में हमारे गॉव के ही शेर सिंह, रामबरन, ओमवीर, हरिराम पुत्रगण रामपाल यादव मिल गये। जिनसे हमारा पुराना विवाद चल रहा है। ओमवीर ने ललकारा, तो शेर सिंह ने तमंचे से मेरे चचेरे भाई को गोली मार दी। मैंने टॉर्च की रोशनी मुल्जिमानों के ऊपर डालते हुए शोर मचाया। तब तक गांव के कई लोग आ गए और मेरे भाई की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के समय हरिराम की मृत्यु हो गयी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने शेर सिंह, रामबरन, ओमवीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा 15 जनवरी को सुनाई जायेगी।

## खबरें चलते-चलते

### पत्नी को गोली मारने वाले पति को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जानलेवा हमले के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह प्रथम ने अभियुक्त अर्जुन कुमार को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व 95 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड में से 80 हजार रुपये पीड़िता को दिया जायेगा। वर्ष 2018 में नन्ने पुत्र गुड्डू निवासी अम्बेडकर नगर नरकसा कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि उसकी बहन ने अर्जुन दिवाकर पुत्र महेश चन्द्र निवासी मोहल्ला अधैया कोतवाली से प्रेम विवाह किया था। बहन का अर्जुन दिवाकर से मन-मुटाव चल रहा था। जिस कारणा वह अपने घर नरकसा में रह रही थी। 17 अगस्त 2018 को सुबह 7 बजे मेरी बहन नैना मां राजकुमारी के साथ काम करने जा रही थी। चमड़ा मण्डी के सामने अर्जुन ने रोक लिया और जान से मारने की नियत से बहन के पेट में गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। मां ने आसपास के लोगों की मदद से एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां से लोहिया रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 307 व 3/25/27 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह प्रथम ने अभियुक्त अर्जुन कुमार को दोषी करार देते हुए धारा 307 में सात वर्ष का कारावास व 75 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 25 के आरोप में दो वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 27 के आरोप में तीन वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी। अर्थदंड में से 80 हजार रुपये पीड़िता को दिया जायेगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से विक्षिप्त वृद्ध की कटकर मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन की चपेट में आने से मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्ध की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गांव हथवाया के निकट रेलवे स्टेशन पर गुरूवार शाम लाइन पार करते समय 65 वर्षीय वृद्ध फर्रुखाबाद-कासगंज एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। ट्रेन की चपेट में आने से शव क्षत-विक्षत हो गया। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों ने सूचना थाना पुलिस को दी गयी। देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पहचान न होने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। शुक्रवार दोपहर थाने पहुंचे स्वजनों ने वृद्ध की पहचान रमेश यादव निवासी हकीकतपुर के रूप में की। स्वजनों के अनुसार वृद्ध गुरुवार शाम खेतों की तरफशौच करने गए थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर स्वजनों ने वृद्ध की खोजबीन की, लेकिन सफलता नही मिली। स्वजनों के अनुसार वृद्ध मानसिक रूप से विक्षिप्त था। उनकी शादी नही हुयी थी। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया शव की शिनाख्त हो गयी है। शव पीएम हेतु भेज दिया गया है।

### बहन को पीटने पर भाई ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम बेग निवासी अखिलेश कुमार पुत्र राम भजन के खिलाफ उसके साले बृजेश कुमार पुत्र हरी प्रसाद निवासी कम्पिल थाना कम्पिल पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरे बहनोई ने मेरी बहन पुष्पा देवी को दिनांक 11 जनवरी की रात करीब 9 बजे कुंडी बंद करके लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा। जिससे मेरी बहन गम्भीर रूप से घायल हो गयी। इसकी सूचना फोन द्वारा जब मुझे मिली तब आज जाकर मैंने थाना पुलिस को लेकर तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# चोरों ने खनन अधिकारी के घर से हजारों की नगदी व सामान किया पार

- पुलिस का इकबाल खत्म, अधिकारियों के भी घर नहीं है सुरक्षित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिले की** प्रशासनिक व्यवस्था संभालने वाले अधिकारियों की कॉलोनी भी अब चोरों के निशाने पर है। इससे यह साफ हो गया है कि पुलिस का इकबाल खत्म होता जा रहा है। जिसके चलते बेखौफ होकर चोरों ने खनन अधिकारी के घर की बिंडो ऐसी तोड़कर अंदर घुसकर हजारों की नगदी व सामान पार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र ऑफीसर कालोनी में खनन अधिकारी संजय प्रताप का आवास है। वह खनन की सूचना पर दोपहर को नवाबगंज, शमशाबाद, मोहम्मदाबाद क्षेत्र में जांच करने गए थे। जब वह शाम को अपने आवास पहुंचे तो नजारा देखकर उनके होश उड़ गये। घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और बेडरूम की बिंडो एसी टूटी पड़ी हुई थी। जिसके बाद उन्होंने तत्काल उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि चोरों ने उनके घर से 50 हजार की नकदी, सरकारी मोहर व अन्य दस्तावेजों को चोरी कर ले गये है। पुलिस ने जांच पड़ताल की और तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम पंचायत गुठिना में हुआ स्वागत

- लाभार्थियों को वितरित किये गये उज्जवला कनेक्शन/सम्मान निधि पत्र

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**भारत** सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुठिना में जगह-जगह स्वागत हुआ। इस दौरान पात्रों को उज्जवला गैस कनेक्शन तथा सम्मान निधि पत्र वितरित किये गये।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुठिना में विकास खंड स्तर के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम पंचायत में बड़े हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक पति अजीत गंगवार तथा ग्राम पंचायत के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं एलईडी वन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत यात्रा में योजनाओं का भी गुणगान किया गया। सीडीपीओ कार्यालय तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अन्नप्राशन तथा गोद भराई का कार्य कराया गया। वहीं कायमगंज क्षेत्र की विधायक सुरभि के पति अजीत गंगवार ने लोगों को सम्मान निधि पत्र वितरित किये। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के प्रपत्र वितरित किये गये। प्रधान सौरभ दीक्षित ने बताया की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को हर स्तर से धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा तथा जनता को इसका सीधा लाभ दिलाया जाएगा। एलईडी वन के माध्यम से प्रधानमंत्री का सीधा लाइव प्रसारण तथा वर्चुअल संवाद भी दिखाया गया। इस मौके पर विधायक पति अजीत गंगवार, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव, ग्राम प्रधान सौरभ दीक्षित, सीडीपीओ विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभागों के लोग भी मौके पर मौजूद रहे।


बच्चे का अन्नप्राशन करती आंगनवाड़ी कार्यकत्री — समृद्धि न्यूज

# नोडल अधिकारी ने गौशालाओं का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नोडल अधिकारी** ने शुक्रवार को गोवंश आश्रय स्थल बसेली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय 125 गोवंश पाये गये। गोशाला में गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था ठीक पायी। गोशाला से सम्बद्ध चारागाह की 05 बीघा भूमि पर हरा चारा बोया गया है। निरीक्षण के समय गोशाला में 25 कुण्टल भूसा, 10 बोरी दाना, खड़िया, नमक व चूना पाया गया है।

गोशाला में गोवंश को सर्दी से बचाव हेतु तिरपाल लगाये गये हैं तथा जिला कारागार फतेहगढ़ से बनकर आये काऊ कोट गोवंशों को पहनाए गये हैं। साथ ही रात्रि के समय सर्दी से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था की गई है। गौशाला में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गोबर के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट तैयार कराया जा रहा है तथा जीवामृत भी तैयार कराया जा रहा है। गोशाला में मृतक गोवंशों का रजिस्टर, गोपालक रजिस्टर, भूसा रजिस्टर व अन्य अभिलेख पाये गये। गोवंश आश्रय स्थल सितवनपुर पिथू का निरीक्षण करने पर निरीक्षण के समय सीडीओ, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, बीडीओ मोहम्मदाबाद एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय गोशाला में 646 गोवंश पाये गये। गोशाला में सर्दी से बचाव हेतु तिरपाल लगाये गये हैं तथा रात्रि के समय अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है।


बसेली गौशाला का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

**प्रतियोगिता** | अंकित दुबे को मिला सांत्वना पुरुस्कार

# भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांशू प्रथम, अंकुर द्वितीय और मणिशंकर तीसरे स्थान पर रहे

- प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित ने विजयी प्रतिभागियों को किया पुरुष्कृत
- मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को याद किया गया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

स्वामी विवेकानंद जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांशू राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्र अंकुर यादव द्वितीय तथा मणिशंकर तिवारी तीसरे स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में कोई स्थान न पा सके छात्र अंकित दुबे के उत्कृष्ट भाषण को देखते हुए निर्णायक मण्डल ने छात्र को सांत्वना पुरुस्कार प्रदान कर उसका उत्साहवर्द्धन किया। महाविद्यालय के अग्निवेश सभागार में शुक्रवार को सांय 3 बजे से स्वामी विवेकानंद जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय कोआर्डिनेटर डॉ0 नीतू ने स्वामी विवेकानंद के विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए समस्त छात्र-छात्राओं से उनकी जीवनी उनके संघर्षों एवं उनके विचारों से प्रेरणा लेकर उन्हें आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने भावी चिकित्सकों से कहा कि एक अच्छे इंसान बन जाओ फिर कुछ बनने की जरूरत ही नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यो को पूरी दृढ़ता से समर्पित होकर करना चाहिए। प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद वेदांत के विख्यात आध्यात्मिक गुरु थे। जिन्होंने 1893 में अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्व धर्म महासभा में सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। स्वामी जी ने अपने भाषण के प्रथम वाक्य में ही सबका दिल जीत लिया था। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित, कॉलेज कोआर्डिनेटर डॉ0 नीतूश्री एवं अन्य चिकित्सकों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन स्वस्थवृत्त विभाग के लेक्चरर डॉ0 अरुण कुमार पाण्डेय ने करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन के अनेक प्रसंगों का बखूबी वर्णन किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता ने निभाई। अन्त में सभी विजयी प्रतिभागियों को मंच पर पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 विजय मोहन गुप्ता, डॉ0 शीलू गुप्ता, डॉ0 भारती पांचाल, डॉ0 सुकीर्ति गुप्ता, डॉ0 भाग्यश्री, डॉ0 पंकज शुक्ला, डॉ0 शिवओम दीक्षित, डॉ0 संकल्प सिंह, डॉ0 विकास बाबू आदि मौजूद रहे।



भाषण प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित, कॉलेज कोआर्डिनेटर डॉ0 नीतूश्री व अन्य शिक्षकगण

# युवाओं पर निर्भर करता है देश का भविष्य : डा. शालिनी

▸ स्वामी विवेकानन्द जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में एवं सांस्कृतिक परिषद् के प्रभारी डॉ0 सुन्दर लाल के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गई। महाविद्यालय के अतिरिक्त भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह में महाविद्यालय के छात्र वैभव प्रताप सिंह ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी छात्र/छात्राओं/युवाओं को महान विद्वान, युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं आदर्शों के महत्व से अवगत कराने एवं युवाओं को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी 1984 को पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्श के महत्व को बढ़ावा देना है। देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। इसलिए किसी भी देश के विकास में उस देश के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले। प्राध्यापक अनुपम अवस्थी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय आध्यात्मिकता एवं भारतीय संस्कृति के अग्रदूत थे। महाविद्यालय के छात्र आयुष भारद्वाज ने स्वामी की जयंती पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्राध्यापक महेश कुमार, डॉ0 सत्येन्द्र कुमार, डा0 अनामिका सक्सेना, डॉ0 अमित कुमार एवं छात्र/छात्रायें हिमांशु सिंह, हिमांशी यादव, संजना सिंह, सुबी वाजपेई, शशांक सक्सेना, अर्पित सक्सेना, जतिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


गोष्ठी को सम्बोधित करती प्राचार्य डा. शालिनी — समृद्धि न्यूज

# डीपीएस इंटर कालेज में शिक्षकों ने एडीएम को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**युवाओं के** प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयंती डीपीएस इंटर कालेज में धूमधाम से मनायी गई। साथ ही युवाओं को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने बच्चों को सम्बोधित किया। विद्यालय परिसर में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। डीपीएस इंटर कालेज मूसाखिरिया में अपर जिलाधिकारी ने छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा से संबंधित प्रेरक प्रसंगों को सुनाकर पढ़ाई के प्रति उत्सुकता बढ़ाने का प्रयास किया। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने कहा कि अपने शिक्षक जीवन के कुछ अनुभव बच्चों को बताकर साझा किये। प्रधानाचार्य शिवओम कुमार द्विवेदी ने विचार रखे। विद्यालय में प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने श्रीराम चरित मानस की प्रति व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।


एडीएम को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व शिक्षक

## खबरें एक नजर में

### रोजगार मेले में 261 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला कायमगंज के विकास खण्ड परिसर में सम्पन्न हुआ। ग्रामीण कौशल योजना के तहत मेले के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी संजय सिंह व ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे, विकास खण्ड अधिकारी गगनदीप सिंह एवं एडीओ पंचायत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण का दीप प्रज्वलित किया। मुख्य द्वारा मेले को सम्बोधित किया गया। साथ ही प्रमाण पत्र वितरित किये गये। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रोजगार मेले में 24 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 2650 रिक्तियों के सापेक्ष लगभग 547 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। आईटीआई पास आउट के 27, कौशल विकास के 103, नॉन आईटीआई के 131 प्रतिभागियों का चयन हुआ। कुल 261 अभ्यार्थियों का रोजगार मेले में चयन किया गया। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, आशीष कुमार, शुभांक मिश्र, रंजीत कुमार सुमन, सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, शिव बहादुर सिंह, राजकिशोर महतो, प्रमोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### डीएलएड की तीनों केंद्रों पर शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा जनपद के तीन केंद्रों पर सम्पन्न हुई। जीआईसी फतेहगढ़, जीआईसी फर्रुखाबाद एवं रस्तोगी इंटर कालेज में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। तीनों केंद्रों पर लगभग तीनों पालियों में एक दर्जन से ज्यादा परीक्षा अनुपस्थित रहे। रस्तोगी इंटर कालेज में प्रथम पाली विज्ञान वर्ग की परीक्षा में 440 परीक्षार्थियों में से 6 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में गणित की परीक्षा में 440 परीक्षार्थियों में से 6 अनुपस्थित रहे। तृतीय पाली सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 440 में से 6 परीक्षार्थियों ने भाग नहीं लिया। डायड से आयी पर्यवेक्षक निधि ने परीक्षा में व्यवस्था देखी। केंद्र व्यवस्थापक संतोष कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में परीक्षा सम्पन्न हुई। डायड प्रवक्ता कमलेश कुमार द्विवेदी ने प्रश्न पत्र वितरित कराये। वहीं जीआईसी फर्रुखाबाद में मनोज पाल व जीआईसी फतेहगढ़ में अर्चना वर्मा ने पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रही।

### शराब के नशे में दोस्तों में विवाद, एक को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** शराब के नशे में दोस्तों में विवाद हो गया। तीन युवकों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित के पिता ने मारपीट कर रुपए लूटने का आरोप लगाया। थाना क्षेत्र के गांव अनरतला निवासी प्रताप सिंह का 30 वर्षीय पुत्र अवधेश दिल्ली मे मजदूरी करता है। शुक्रवार सुबह वह दिल्ली से घर आया था। दोपहर के समय गांव के ही तीन युवक उसे मनरेगा के काम दिखाने के लिए ले गए। जहां सभी ने शराब पीकर हंगामा किया। इसी दौरान उनमें मारपीट हो गयी। तीनो युवकों ने मिलकर अवधेश के साथ जमकर मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस को आता देख आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। जहाँ डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया रेफर कर दिया। पीड़ित के पिता ने युवकों पर मारपीट कर पचास हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया। दारोगा शिव बहादुर सिंह ने बताया तहरीर नही मिली है। मामला नशे में मारपीट का है। रुपए लूटने का आरोप गलत है। मामले की जांच की जा रही है।

### मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाई 10 हजार की नकदी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** देवी मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों की नगदी चोरी कर ली। सुप्रसिद्ध देवी मंदिर में हुई चोरी की घटना की सूचना के बाद मुहल्ले के लोगों की भीड़ लग गयी। मंदिर संरक्षक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर में स्थित मोहल्ला दलवीर खां जहां सुप्रसिद्ध झबरा कुआं के प्रांगण में सुप्रसिद्ध देवी मंदिर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए दान पेटिका के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नगदी पार कर दी। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब शुक्रवार की सुबह लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे और जब मंदिर तथा दान पत्र टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना के बाद मोहल्ले के लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। मंदिर संरक्षक कमलेश राजपूत ने बताया अज्ञात चोरों ने देवी मंदिर के दान पात्र को तोड़कर लगभग 10,000 की नगदी पार कर दी। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी है।

### थानाध्यक्ष छिबरामऊ न्यायालय में तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने वसूली वारंट की तामील न कराने पर जनपद कन्नौज के छिबरामऊ थानाध्यक्ष को कारण बताओं नोटिस जारी कर 31 जनवरी को न्यायालय में मय वारंट तलब किया। अपर प्रधान न्यायाधीश अंजू कंबोज ने पूनम सक्सेना बनाम राकेश कुमार भटनागर वाद संख्या 294/11/2018 की सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा जारी आदेशिका तमिल कराकर वापस न करने पर जनपद कन्नौज के छिबरामऊ थाने के थानाध्यक्ष के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की और थानाध्यक्ष छिबरामऊ को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 31 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया। अपने आदेश में न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा है कि यदि जनपद कन्नौज के छिबरामऊ थानाध्यक्ष न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत अमल में लाई जाएगी। आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक कन्नौज व अवर सचिव लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी है।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** जेठ व बच्चों के साथ बाइक से जा रही महिला की ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के ग्राम बहादुरपुर निवासी संजीव की 30 वर्षीय पत्नी पुष्पा अपने जेठ ओमपाल पुत्र हरिकिशन के साथ थाना जलालाबाद के ग्राम पड़री से अपने एक वर्षीय पुत्री व तीन वर्षीय पुत्र के साथ बाइक संख्या यूपी 30बीएच/6129 से वापस आ रही थी। जैसे ही कस्बा राजेपुर चौराहा बैंक ऑफ इंडिया के सामने पहुंची, तभी दिल्ली से परचून का सामान लेकर आ रहा ट्रक संख्या यूपी 50बीटी/8102 की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में तीन वर्ष का पुत्र व एक वर्षीय पुत्री व जेठ बाल-बाल बच गये।

# रखा बालिका इंटर कालेज में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

▸ विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा के तहत प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**परीक्षा पे** चर्चा के सातवें संस्करण के अवसर पर रखा बालिका इंटर कालेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। साथ ही स्वामी विवेकानन्द की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनायी गई। प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने समस्त स्टाफ छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द की जयंती को युवा दिवस के रुप में मनाये जाने का उद्देश्य उनके विचारों एवं आदर्शों को बढ़ावा देना है। देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। प्रधानाचार्य द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण के साथ छात्राओं को माल्यार्पण कर युवा शक्ति जागरुक करते हुए उनके विचारों एवं आदर्शों का व्याख्यान किया। मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय युवा अवसर पर डा0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के युवाओं को सम्बोधित किया गया। विद्यालय का सजीव प्रसारण छात्राओं को दिखाया गया। बीना एडवर्ड ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर प्रकाश डाला। परीक्षा पे चर्चा पर प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, संगीत प्रतियोगिता, मीम प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक पोस्टर प्रतियोगिता, योगा एवं ध्यान विभिन्न प्रतियोगितायें करायी गई। इस मौके पर शिक्षिका प्रीती मसीह, बीना एडवर्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पौल, भावना लाल, रचना हिल्स, मधु, ममता, नीलम आदि लोग मौजूद रहे।



विवेकानन्द जयंती मनाती शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

# सिटी गर्ल्स इ.का. में मनायी गई स्वामी विवेकानन्द की जयंती


स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर मौजूद प्रधानाचार्य व शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सिटी गर्ल्स** इंटर कालेज में स्वामी विवेकानन्द जयंती तथा राष्ट्रीय युवा दिवस को बड़े ही सद्भावना के साथ मनाया गया। शिवानी फ्लोमर ने स्वामी विवेकानन्द के बारे में ज्ञानवर्धक बातें छात्राओं को बतायी। प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने स्वामी विवेकानन्द के प्रसिद्ध कथनों को समझाते हुए छात्राओं को समाज में जागरुकता लाने को कहा तथा विवेकानन्द के इस कथन पर कहा कि जो दिया, उठो, जागो और जब तक रुको नहीं जब तक लक्ष्य की प्राप्ती न कर लों। इस मौके पर सभी शिक्षिकायें उपस्थित रही।

# चार वर्षो से यूथ ऑफ द ईयर खिताब पर काबिज हर्ष दुबे


यूथ द ईयर का सम्मान प्राप्त करते हर्ष दुबे — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पिछले चार वर्षो से लगातार युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए यूथ ऑफ द ईयर के खिताब पर कब्जा जमाये हुए है। 2024 में उन्हें पुनः इस खिताब से नवाजा गया है। युवा महोत्सव समिति द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों को सम्पन्न कराते हुए मॉडलिंग एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित होते है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्ष दुबे ने यूथ ऑफ द ईयर का खिताब पाया। उन्होंने इस खिताब पर खुशी जताते हुए कहा कि पिछले चार वर्षो से यह सम्मान हम लगातार पा रहे है। साथ ही हमेशा निरंतर समाजिक कार्यो में रुचि रखते हुए परिजनों एवं शुभचिंतकों से आशीर्वाद लेता रहता हूं। अध्यक्ष संदीप शर्मा सहित सभी ने बधाई दी।

# स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युग पुरुष स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के सदस्य रहे प्रो0 डॉ0 सुरेशचन्द्र गुप्ता, विद्या संचालन समिति के अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य कृष्ण कुमार ने कराया। डॉ0 सुरेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि विवेकानन्द का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर 55 भैया-बहन विवेकानन्द के स्वरुप में तैयार हुए थे। सभी विवेकानन्द स्वरूपों का पूजन किया गया। भारत माता की भव्य झांकी सजायी गयी तथा प्रभु श्रीराम का मंगल स्वरुप एवं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के अश्व-सवार प्रतिरुप के साथ भव्य शोभायात्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति से प्रारम्भ होकर किराना बाजार, चौक बाजार, नेहरू रोड, घुमना, नितगंजा, स्टेट बैंक गली रेलवे रोड़ होते हुए विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। नगर में नागरिकों द्वारा अभिभावकों तथा विभिन्न संगठनों द्वारा स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। तथा अनेक स्थानों पर विवेकानंद स्वरुपों व भारत माता की आरती उतारी गयी। स्वरुपों का पूजन मिष्ठान खिलाकर विद्यालय के प्रबन्धक संजीव सिंह चौहान व अभिभावक खुशबू वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विजय, खीन्द्र, कृष्णकुमार, वीरेश, रामानंद पाण्डेय, प्रदीप अवस्थी, प्रदीप शर्मा, शिवमोहन, रामानन्द पाण्डेय, सर्वेश, शिवकुमार, कृतिका, गोविन्द, शरद, सरला व पूजा, शिवकुमार, रजत, हरीशंकर पाण्डेय, कैलाश मिश्र, अभिषेक त्रिवेदी, संजय गर्ग बबिता पाठक, प्रीती तिवारी, सुधेश दुबे, श्वेता दुबे मौजूद रहे।


विवेकानन्द के स्वरुपों पर पुष्पवर्षा के करते शिक्षक

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के असली मार्गदर्शक थे: अभिषेक त्रिवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय महाविद्यालय** के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा0 रमन प्रकाश सचान के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी/व्यापारी नेता संजय गर्ग मौजूद रहे। संजय गर्ग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए हुए रास्ते पर चलकर आज नरेंद्र मोदी देश व समाज की सेवा करने में अपना जीवन लगाए हुए हैं। स्वामी विवेकानंद जैसा महापुरुष आज हम सभी को ढूंढने से भी नहीं मिल रहा है। विवेकानंद के बताए हुए रास्ते पर चलकर आज करोड़ों युवा अपने नेतृत्व को संभाले हुए हैं। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के असली मार्गदर्शक रहे है। आज युवा चमक दमक की ओर भाग रहा है। इससे युवाओं को बचना चाहिए, आज युवक और युवतियों में स्वामी विवेकानंद के संस्कारों की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में अपनी छाप को छोड़कर के आए थे। स्वामी विवेकानंद के द्वारा स्थापित भारतीय संस्कृति की पताका को आज लगातार आगे बढ़ते हुए हम सभी देख रहे हैं। इस मौके पर अमित पाठक, सोहनलाल दिवाकर, मनोज शुक्ला व कालेज के प्राध्यापकगण मौजूद रहे।


स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर माल्यार्पण करते शिक्षक व अन्य

# परीक्षा पे चर्चा के साथ मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

▸ युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द व सुभाष चन्द्र बोस की मनायी गई जयंती


मैराथन दौड़ में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आरपी इंटर** कालेज कमालगंज में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया और साथ ही प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह के नेतृत्व में स्वामी विवेकानन्द एवं सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनायी गई। प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह ने कहा कि युवाओं के मसीहा स्वामी विवेकानंद भारत से लेकर विदेशों तक अपने नाम का लोहा मनवाया। सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका अदा की। उनकी जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया गया। साथ ही मैराथन दौड़ में विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षक रामवीर सिंह, राजेश पाडेय, दिशा शर्मा मौजूद रही। साथ ही एक युद्ध नशे के विरुद्ध जीवन रक्षक प्रतिज्ञा दिलायी गई।

### दवा लेने गयी महिला से युवक ने की अश्लीलता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर निवासी गुंजन देवी पुत्री राजकुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को वह अपने घर से साइकिल से सरकारी अस्पताल नवाबगंज में दवा लेने आई हुई थी, तभी गांव का ही युवक आया और उसे 100/- रुपये देकर गलत काम करने की बात कहते हुए अश्लील बातें करने लगा। तब पीड़िता घबराकर अस्पताल में घुस गयी। जब युवक चला गया, तो वह बाहर आयी और घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जब परिजन आरोपी के घर शिकायत करने गये, तो परिजनों ने सभी के साथ मारपीट की। तब पीड़िता थाने पहुंची और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद आरोपी रामवीर उर्फ कलेक्टर पुत्र बाबूराम निवासी गांव बसंतपुर थाना नवाबगंज तथा उसके परिजनों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी।

# हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन झांसी हॉस्टल, नॉर्दर्न रेलवे, इटावा, प्रयागराज ने जीता मैच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी आमंत्रण प्रतियोगिता के दूसरे दिन 4 क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल मैच फर्रुखाबाद हॉकी तथा झांसी हॉस्टल के मध्य खेला गया, जो कि नियत समय में बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में फैसला हुआ और जिसमें विजय झांसी हॉस्टल को मिली। दूसरा मैच लखनऊ एनआर रेलवे तथा सैफई हॉस्टल के मध्य खेला गया। जिसमें नॉर्दर्न रेलवे की टीम विजय रही। तीसरा मैच रामपुर हॉस्टल तथा इटावा हॉकी के मध्य खेला गया। जिसमें इटावा की जीती। चौथा अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच बुलंदशहर हॉकी तथा एनसीआर प्रयागराज के मध्य खेला गया। जिसमें प्रयागराज ने 7-2 से बुलंदशहर की टीम को हराया। आज मैच के उद्घाटन के समय भाविप के जिला समन्वयक प्रवीण माथुर, भाविप के अध्यक्ष जगदीश सिंह मौजूद रहे तथा दूसरे मैच के उद्घाटन में रामलीला परिषद फतेहगढ़ के अध्यक्ष रविश द्विवेदी, संरक्षक मुन्ना लाल, महामंत्री पंकज अग्रवाल, संरक्षण कोषाध्यक्ष चमन टंडन रहे। आज मैच में कलाम आजाद सिद्दीकी, अफजाल अहमद खान, लक्ष्मण टंडन, अरविंद जादौन, अंजुम दुबे, सुरेंद्र यादव, अंपायरिंग की भूमिका में नीलिमा, राजेश, राजीव सक्सेना, नितिन सक्सेना, कवि यादव आदि मौजूद रहे। मैच के दौरान रामपुर हॉस्टल की टीम्स के तरफसे आए हुए पूर्व ओलंपियन राजेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। उनका रामलीला परिषद तथा जिला ओलंपिक संघ के द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। शनिवार को पहला सेमीफाइनल मैच एनसीआर प्रयागराज तथा इटावा हॉकी के मध्य खेला जाएगा तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच नॉर्दर्न रेलवे लखनऊ तथा झांसी हॉस्टल के मध्य खेला जाएगा।


स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

# इंडिया गठबंधन की वर्चुअल बैठक आज

## शामिल होंगे शीर्ष नेता, नीतीश कुमार को लेकर हो सकता है बड़ा फैसला

एजेंसी।



नई दिल्ली। इंडिया ब्लॉक ने शनिवार को 11.30 बजे एक बैठक निर्धारित की है। इस ऑनलाइन बैठक में नीतीश कुमार को समन्वयक नियुक्त किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इस वर्चुअल बैठक में गठबंधन के 14 दलों के शीर्ष नेता शामिल होंगे। हालांकि इससे पहले दो बार ऑनलाइन बैठक को रद्द किया जा चुका है। पिछले सप्ताह भी इंडिया गठबंधन के नेताओं की ऑनलाइन बैठक होने वाली थी।

शनिवार को यह ऑनलाइन बैठक ऐसे समय में बुलाई गई है जब कांग्रेस तमाम क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर मंथन कर रही है। इंडिया गठबंधन के सामने वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती संयोजक पद है। माना जा रहा है कि कल के बैठक में नीतीश कुमार को संयोजक बनने पर फैसला हो सकता है। साथ ही साथ इसकी घोषणा भी की जा सकती हैं। इसके अलावा जिन राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर मामला बिगड़ रहा है वहां बड़े नेताओं के बीच बातचीत हो सकती है। पश्चिम बंगाल में गठबंधन के लिए कांग्रेस को दो लोकसभा सीटों की पेशकश करने वाली तृणमूल कांग्रेस ने बाद की राष्ट्रीय गठबंधन समिति के साथ आगे की बातचीत से इनकार कर दिया है, लेकिन दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत के लिए दरवाजा खुला रखा है। कांग्रेस के गठबंधन पैनल के एक सदस्य के अनुसार, टीएमसी द्वारा दी गई दोनों सीटें पहले से ही कांग्रेस के पास हैं, जिससे पार्टी के लिए समझौते को स्वीकार करना मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीएमसी ने मेघालय में भी एक सीट का अनुरोध किया है और दावा किया है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उसे 13.8त्न वोट मिले थे, जो कांग्रेस से थोड़ा अधिक है। कांग्रेस के दिग्गज नेता मुकुल वासनिक के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय गठबंधन समिति पहले ही सीटों पर चर्चा के लिए जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, शिव सेना (उद्धव), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी के साथ बैठक कर चुकी है।

### लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति की शुभकामनाएं



एजेंसी, नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल (जो क्रमशः 13, 14 और 15 जनवरी को आते हैं) की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को एक संदेश में कहा कि लोहड़ी, मकर सक्रांति, माघ बिहू और पोंगल के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के जीवंत रूप होने के साथ-साथ विविधता में एकता के प्रतीक भी हैं। इन त्योहारों पर हम पवित्र नदियों में स्नान करके दान-पुण्य जैसे अनुष्ठानों के माध्यम से खुशियां मनाते हैं। देश भर में अलग-अलग रूपों में मनाए जाने वाले ये त्योहार सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि से जुड़े ये पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हैं। यह हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम को सम्मान देने का भी अवसर है। मेरी कामना है कि ये त्योहार प्रेम और सद्भाव की भावना को बढ़ावा दें और हमारे देश को और अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने में योगदान दें।

# मैंने माही से मैच को खत्म करना सीखा : शिवम

एजेंसी।





मुम्बई। पहले टी20 मुकाबले में भारत की जीत के हीरो रहे ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि मैंने एमएस धोनी (माही भाई) से मैच को खत्म करने के बारे में सीखा है। शिवम दुबे की नाबाद 60 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने पहले टी20 मुकाबले में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। शिवम दुबे ने पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 40 गेंदों में नाबाद 60 रन ठोकते हुए भारत को 17.3 ओवर में जीत दिला दी।

प्लेयर ऑफ द मैच शिवम दुबे ने कहा कि, मैं लंबे समय से मौके का इंतजार कर रहा था। मैं खुद को तैयार रख रहा था, जिससे जब भी मौका मिले तो मैं अच्छा करूं। जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो वही किया जो मैंने माही भाई से मैच को खत्म करना सीखा है।

बल्लेबाजी में बदलाव के बारे में शिवम ने कहा कि मैं माही भाई से लगातार बात करता हूं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। वह मुझे बताते हैं कि कैसे अलग-अलग परस्थितियों का सामना करना है। उन्होंने मुझे दो से तीन सुझाव दिए हैं और मेरी बल्लेबाजी को रेट किया है। तो मुझे लगता है कि अगर वे मेरी बल्लेबाजी को रेट कर रहे हैं तो मैं लगातार अच्छा करुंगा। मेरा आत्मविश्वास इस वजह से बहुत बढ़ा है। मैं अपनी गेंदबाजी पर भी लंबे समय से काम कर रहा हूं। ये बदलाव एकदम नहीं आया है।

शिवम ने आगे कहा कि रोहित भाई ने मुझे पिच के हिसाब से बल्लेबाजी करने को कहा और मुझ पर विश्वास किया। मैं मैच को किसी भी स्थिति में जिता सकता हूं। मोहाली में बहुत ठंड थी तो जब मैं बल्लेबाजी करने आया तो बल्ला भी नहीं पकड़ा जा रहा था लेकिन दो तीन गेंद खेलने के बाद मैं पूरी तरह से रम गया। प्लेयर ऑफ द मैच शिवम दुबे ने कहा कि, मैं लंबे समय से मौके का इंतजार कर रहा था। मैं खुद को तैयार रख रहा था, जिससे जब भी मौका मिले तो मैं अच्छा करूं। जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो वही किया जो मैंने माही भाई से मैच को खत्म करना सीखा है। बल्लेबाजी में बदलाव के बारे में शिवम ने कहा कि मैं माही भाई से लगातार बात करता हूं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। वह मुझे बताते हैं कि कैसे अलग-अलग परस्थितियों का सामना करना है। उन्होंने मुझे दो से तीन सुझाव दिए हैं और मेरी बल्लेबाजी को रेट किया है। तो मुझे लगता है कि अगर वे मेरी बल्लेबाजी को रेट कर रहे हैं तो मैं लगातार अच्छा करुंगा। मेरा आत्मविश्वास इस वजह से बहुत बढ़ा है। मैं अपनी गेंदबाजी पर भी लंबे समय से काम कर रहा हूं। ये बदलाव एकदम नहीं आया है। शिवम ने आगे कहा कि रोहित भाई ने मुझे पिच के हिसाब से बल्लेबाजी करने को कहा और मुझ पर विश्वास किया। मैं मैच को किसी भी स्थिति में जिता सकता हूं। मोहाली में बहुत ठंड थी तो जब मैं बल्लेबाजी करने आया तो बल्ला भी नहीं पकड़ा जा रहा था लेकिन दो तीन गेंद खेलने के बाद मैं पूरी तरह से रम गया।

# अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 से बाहर होंगे तिलक वर्मा : आकाश चोपड़ा

एजेंसी।





मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम ने भारत बनाम अफगानिस्तान पहले टी20 में शानदार 6 से जीत दर्ज की। केवल 17.3 ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा और तिलक वर्मा को छोड़कर सभी भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की। इसी बीच भारतीय पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने तिलक वर्मा के दूसरे टी20 में खेलने और न खेलने को लेकर बड़ा बयान दिया है। चलिए जानते हैं क्या बोले चोपड़ा? तिलक वर्मा की जगह के बारे में बात करते हुए चोपड़ा ने अपने शो क्रिकेट चौपाल में कहा, क्या तिलक वर्मा अगला मैच खेलेंगे या नहीं? मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा करेगा। मुझे लगता है कि उसे हटा दिया जाएगा। क्योंकि अगर विराट कोहली और यशस्वी जयसवाल उपलब्ध होंगे तो टीम से बाहर कौन जाएगा? शिवम दुबे और रिंकू सिंह बाहर नहीं जा रहे हैं, मैं शुबमन गिल के बारे में अनिश्चित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि तिलक वर्मा को हटाया जा सकता है।

रोहित पहले ही ओवर में रन आउट हो गए। दूसरी ओर वर्मा ने 22 गेंदों में सिर्फ 26 रन बनाए और एक समय उनका स्कोर 10 (15) था। उनकी धीमी शुरुआत से फैंस नाराज नजर आए, जबकि दूसरे छोर पर शुबमन गिल पूरे जोश के साथ खेलते हुए नजर आए।


### डीआरआई ने थाईलैंड की महिला के पास से बरामद की 41 करोड़ रुपये की कोकीन, गिरफ्तार

एजेंसी, मुंबई। डायरेक्टोरेट ऑफ रिवेंज इंटेलिजेंस (डीआरआई) मुंबई ने मुंबई एयरपोर्ट पर थाईलैंड देश की 21 वर्षीय महिला को 41 करोड़ रुपये की कोकीन की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है। अधिकारियों के अनुसार डीआरआई को इथियोपियाई एयरलाइन के जरिये अदीस अबाबा से मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग सहित एक विदेशी महिला के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर डीआरआई की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। थाईलैंड की महिला औन्यारिन साए-होर की तलाशी लेने पर उसके पास से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन ट्रॉली बैग की जांच में 14 पैकेट सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला। डीआरआई ने इस सफेद पाउडर की पहचान कोकीन के रूप में की। इसके बाद डीआरआई की टीम ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। अब तक की जांच में पता चला है कि महिला को अफ्रीकी देश से कोकीन दी गई थी।

# उज्जैन : गणेश मंदिर में मिनी स्कर्ट-फटी जींस पहन कर प्रवेश और सेल्फी लेने पर रोक

एजेंसी।






उज्जैन। ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन के श्मशान में विराजित दस भुजा वाले प्रसिद्ध गणेश मंदिर में ड्रेस कोड लागू किया गया है। अमर्यादित कपड़े जैसे मिनी स्कर्ट, कटी-फटी जींस और छोटे कपड़े पहन कर प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। श्रद्धालु यहां सेल्फी भी नहीं ले सकेंगे। मंदिर समिति ने शुक्रवार को इस संबंध में गेट पर पोस्टर चस्पा किया है। मंदिर समिति का कहना है कि अमर्यादित कपड़े पहन कर आने वाले लोग बाहर से ही दर्शन कर सकेंगे।

चक्रतीर्थ श्मशान स्थित गणेश मंदिर देशभर में विख्यात है। मंदिर के पुजारी हेमंत इंगले का कहना है कि युवतियां कई बार सनातनी वेशभूषा के अनुरूप कपड़े नहीं पहनती हैं। वे कटी-फटी जींस और मिनी स्कर्ट पहन कर आ जाती हैं। ऐसी श्रद्धालुओं को लेकर हमने मंदिर के बाहर पोस्टर लगाया है, जिसमें मंदिर में फोटो खींचना, स्वच्छता का ध्यान रखना, सनातन धर्म के अनुरूप कपड़े पहनना और मंदिर में व्यर्थ बैठने पर रोक लगाई है। खासकर युवतियों को कहा गया है कि सनातनी वेशभूषा का उपयोग करें।

### महिलाएं साड़ी या सूट पहन कर ही मंदिर आएं

चक्रतीर्थ श्मशान स्थित गणेश मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। बुधवार को गणेश मंदिर में दिनभर भारी भीड़ रहती है। मंदिर समिति ने लड़कियों से कहा है कि वे मंदिर में भगवान गणेश के फोटो ले सकती हैं, लेकिन मोबाइल से सेल्फी पर प्रतिबंध है। लड़कियों को कहा है कि वे साड़ी या सूट पहन कर ही मंदिर में प्रवेश करें। इससे पहले भी मध्य प्रदेश के कई मंदिरों में अमर्यादित कपड़े पहन कर पहुंचने वाले लोगों को मंदिर में प्रवेश देने पर रोक लगाई गई है। उज्जैन के ही महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं को ड्रेस कोड में ही प्रवेश दिया जाता है। पुरुषों को धोती-सोला, जबकि महिलाओं के लिए साड़ी पहनना जरूरी है। जल्द ही सभी श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह से दर्शन की व्यवस्था दी जाएगी।

### बीबीएल 2024
### हेलीकॉप्टर से पहुंचे सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर डेविड वॉर्नर





एजेंसी, सिडनी। डेविड वॉर्नर ने थंडर्स और सिक्सर्स के बीच बीबीएल मुकाबला के लिए एससीजी में शानदार अंदाज में एंट्री की है। हाल ही में वनडे और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाला ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हेलिकॉप्टर से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेलने पहुंचा। जिससे फैंस के बीच काफी हल्ला देखने को मिला। कथित तौर पर वॉर्नर अपने भाई की शादी से सीधे टी20 मैच खेलने के लिए सिडनी पहुंचे। डेविड वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी टेस्ट के बाद कहा कि अगर मौसम ठीक रहा तो मेरे पास स्टैंडबाय पर कुछ हेलीकॉप्टर हैं। ये शादी को लेकर एक कठिन दबाव है, लेकिन मैं इसे पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। पहले ये निर्णय लिया गया था कि वॉर्नर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के बगल में मौजूद एलियांज स्टेडियम में उतरेंगे और फिर स्टेडियम में आएंगे। लेकिन अब उनका हेलीकॉप्टर सीधा सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के आउटफील्ड पर उतरा। इसके लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पेशल परमिशन ली गई। वॉर्नर के आने से सिडनी थंडर और भी मजबूत हो गई।

# एमजी मोटर इंडिया ने एस्टर 2024 किया पेश

## ज्यादा आधुनिक पेशकशों के साथ 2024 को 'ईयर ऑफ वाउनेस' घोषित किया

समृद्धि न्यूज़।



**नई एस्टर में कई आकर्षक फीचर्स**

लखनऊ। ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड मॉरिस गैरेज (एमजी) ने अपनी 100 साल पुरानी विरासत के साथ आज एमजी एस्टर 2024 का लॉन्च किया। अपनी श्रेणी में भारत की इस सबसे आधुनिक एसयूवी, नई एस्टर 2024 में कई आकर्षक फीचर्स हैं। इसमें आगे की पंक्ति में वेंटिलेटेड सीटें, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कार प्ले, तथा अतिरिक्त सुरक्षा व सुविधा के लिए ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम एवं आधुनिक यूजर इंटरफेस के साथ एक अपडेटेड आई-स्मार्ट 2.0 ड्राइविंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है।

अंदर एआई के साथ भारत की इस पहली एसयूवी के ऑल-न्यू वैरिएंट स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सैवी प्रो वैरिएंट 9,98,000' रुपये (एक्स-शोरूम) के आकर्षक शुरुआती मूल्य में उपलब्ध होंगे।

एमजी एस्टर 2024 में ड्राइविंग के सुगम और सुविधाजनक अनुभव के लिए 80 कनेक्टेड फीचर्स और आई-स्मार्ट 2.0 है। इसका एक विशेष फीचर जियो वॉयस रिकग्निशन सिस्टम है, जो वॉयस कमांड द्वारा मौसम, क्रिकेट अपडेट, कैलकुलेटर, घड़ी, तारीखध्दिन की जानकारी, राशिफल, शब्दकोश, समाचार एवं अन्य ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करता है। इसके अलावा इसमें डिजिटल-की फंक्शनलिटी के साथ एंटी-थेफ्ट फीचर नेटवर्क कनेक्शन न होने पर भी चोरी से सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें आधुनिक यूआई है, जिसमें होम स्क्रीन पर विभिन्न होम पेजेस के साथ विगेट अनुकूलन और हेड यूनिट पर एक अद्वितीय बर्थडे विश फीचर आई-स्मार्ट मोबाइल ऐप द्वारा तारीख को कस्टमाइज करना संभव बनाता है।

# मोटोरोला रेजर40 अल्ट्रा व ऐज40 नियो लॉन्च

समृद्धि न्यूज़।




**पैनटोन कलर ऑफ द इयर पीच फज़ के साथ अमेज़न और फ्लिपकार्ट पर बिक्री शुरू**

लखनऊ। मोटोरोला ने भारत में जीवनशैली प्रौद्योगिकी को बदलते हुए वर्ष 2024 के पैनटोन कलर ऑफ द इयर, पीच फज़ के साथ मोटोरोला रेजर40 अल्ट्रा और ऐज40 नियो को लॉन्च किया है। इसकी बिक्री वर्ष 2024 के पैनटोन कलर ऑफ द इयर पीच फज़ के साथ अमेज़न और फ्लिपकार्ट पर आज 12 जनवरी से शुरू हो गयी। `सबसे बड़ा, बाहरी डिस्प्ले के साथ, सबसे लेटेस्ट फ्लिप फोन है। यह आज 12 जनवरी से अमेजन, मोटोरोला डॉट इन और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर 69,999 रुपये की विशेष सीमित अवधि की कीमत पर उपलब्ध हो गया।

मोटोरोला ऐज40 नियो आईपी 68 रेटेड अंडरवाटर प्रोटेक्शन और 144हर्टज 10-बिट कर्व्ड डिस्प्ले वाला दुनिया का सबसे हल्का फोन है। ग्राहक अब इंडस्ट्री के सबसे उन्नत फ्लिप-फोन, रेजर40 अल्ट्रा को केवल 69,999 रुपये की अविश्वसनीय प्रस्ताव मूल्य में प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें सीमित समय के लिए 10,000 रुपये की सीधी छूट भी शामिल है। उपभोक्ताओं के लिए फ्लिप फोन को और भी अधिक किफायती और पहुच योग्य बनाने के लिए, मोटोरोला प्रमुख बैंकों से 3, 6 और 9 महीनों के लिए केवल 7,778 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली नो कॉस्ट ईएमआई की भी पेशकश की है।

### कांग्रेस के तीन सांसदों का लोकसभा निलंबन होगा वापस

एजेंसी, नई दिल्ली। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने प्रस्ताव किया है कि कांग्रेस पार्टी के तीन सांसदों अब्दुल खालिक, विजय वसंत और के जयकुमार का निलंबन रद्द किया जाना चाहिए। तीनों ने सदन के अंदर अपने आचरण के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। भाजपा सदस्य सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने कांग्रेस सदस्यों के बयान दर्ज करने के बाद इस प्रस्ताव को अपनाया है। तीनों को पिछले साल 18 दिसंबर को सदन से निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा विशेषाधिकार समिति 29 जनवरी को फिर से बैठक करेगी और निलंबन रद्द करने के लिए तीनों सांसदों की रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि अब्दुल खालिक बरपेटा (असम), विजय वसंत कन्याकुमारी (तमिलनाडु) और के जयकुमार नमक्कल (तमिलनाडु) से सांसद हैं।

# किआ ने एडैस वाली नई सॉनेट 7.99 लाख रुपये में लांच



एजेंसी।

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी - नई सॉनेट को देश भर में 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। दिसंबर 2023 में पेश किए गए, किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी विशेषताएं शामिल हैं।

**वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं**

इस वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि फाइंड माइ कार विद एसवीएम, जो सॉनेट को सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख रुपये से शुरू होने वाले 5 डीज़ल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शंस की विशेषता वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीज़ल और पेट्रोल दोनों इंजन्स के लिए टॉप-ऑफ़-द-लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमशः 14.50 और 14.69 लाख रुपये, और डीजल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपये है।

नई मस्कुलर और स्पोर्टियर सॉनेट एक अपराइट बॉडी स्टाइल के साथ सड़क पर अपनी विशिष्ट उपस्थिति बरकरार रखती है। फ्रंट कोलिजन-अवॉइडेंस असिस्ट (FCA), लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट (LVDA), और लेन फॉलोइंग असिस्ट (LFA) जैसी 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं से भरपूर, इस लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का यह नवीनतम संस्करण आधुनिक भारतीय ग्राहकों के व्यक्तित्व से गहराई से मेल खाता है। सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव देने के लिए, इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, और व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंटसहित, सभी वेरिएंट में मजबूत 15 हाई-सेफ्टी फीचर मानक तौर पर दिए गए हैं। सॉनेट में इस पेशकश के साथ, किआ ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 6 एयरबैग मानक बना दिए हैं।

### 10 बेस्ट-इन-सेगमेंट सुविधाएं

सॉनेट में 10 बेस्ट-इन-सेगमेंट सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें डुअल स्क्रीन कनेक्टेड पैनल डिज़ाइन, रियर डोर सनशेड कर्टेन, और सुरक्षा के साथ ऑल डोर पावर विंडो वन-टच ऑटो अप/डाउन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। नई सॉनेट में अब एक नई ग्रिल और नए बम्पर डिज़ाइन, क्राउन ज्वेल एलईडी हेडलैंप के साथ एक उन्नत फ्रंट फेस, आर16 क्रिस्टल कट अलॉय व्हील और स्टार मैप एलईडी कनेक्टेड टेल लैंप दिए गए

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे सुरेन्द्र गुप्ता




*डॉ. श्याम बाबू गुप्ता व मुकेश द्विवेदी से श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ निमंत्रण प्राप्त करते हुए गाल्डी समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता।*


समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रस्तावित भव्य व दिव्य श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में गोल्डी समूह के श्री सुरेन्द्र गुप्ता शामिल होंगे। श्री सुरेन्द्र गुप्ता को डॉ श्याम बाबू गुप्ता व श्री मुकेश द्विवेदी द्वारा शुभनिमंत्रण प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि गोल्डी समूह के लिए यह गर्व की बात है और वह निश्चित ऊप से श्री राम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे एवं प्रभु राम से आशीवादि प्राप्त करेंगे। प्रभु श्री राम की कृपा गोल्डी समूह व हम सब के ऊपर बनी रहे, मैं प्रभु श्री राम से यह प्रार्थना करता हूँ।

# फेफड़ों में जमी जिद्दी बलगम से निपटने के आसान घरेलू नुस्खे

### जल्द मिलेगा आराम





कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और इस दौरान लोगों को कफ कोल्ड और बलगम की समस्या बहुत परेशान करती है। वहीं अगर फेफड़ों में बलगम जम जाए तो सांस लेना तक में परेशानी होती है। अगर बलगम ज्यादा देर तक फेफड़ों में रहे तो इससे निमोनिया, फेफड़ों का कैंसर, ब्रोन्किइक्टेसिस और ब्रोंकाइटिस जैसे रोग पैदा कर सकते हैं। ये समस्या बाजार में मिलने वाली अंग्रेजी दवाओं से खत्म नहीं होती है। बेहतर होगा कि इसलिए कुछ असरदार घरेलू उपायों का इस्तेमाल करें...

### ये घरेलू नुस्खे आएंगे काम

*गर्म चीजों का करें सेवनः-*

गुनगुने लिक्विड पीने से गाढ़े बलगम ढीला होता है। नींबू के साथ चाय, तुलसी की चाय, गर्म शोरबा या गर्म पानी पीने की कोशिश करें।

*स्टीम लेंः-*

स्टीम लेने से भी बहुत फायदा मिलेगा। उबलते पानी के बर्तन में विक्स में सांस ले सकते हैं। ये तरीके आपकी सांस की नली में नम हवा कर देते हैं, जिससे फेफड़ों में जमी बलगम ढीली होती है।

पानी में कपूर डालकर भाप लें

गर्म पानी में कपूर डालकर भाप लेने से बंद नाक खोलने, गले की खराश और सूजन कम करने और बलगम बाहर निकाने में मदद मिलती है। दिन में 2-3 बार ऐसा करने से बलगम वाली खांसी में बहुत आराम मिलता है। आप कपूर के बजाए गर्म पानी में पुदीना का तेल डालकर भी भाप ले सकते हैं, यह भी बलगम वाली खांसी के लिए एक रामबाण उपाय है।

*शहदः-*

शहद एक नेचुरल औषधि है और सालों से बीमारी को ठीक करने के लिए घरेलू नुस्खों के तौर पर काम आती है। इससे सूजन और खांसी भी कम होती है। इसे आप अदरक के साथ मिलाकर पी सकते हैं। काफी हद तक राहत मिलेगी।

*अदरकः-*

अगर आप खांसी की समस्या से जूज रहे हैं तो रोज अदरक और गुड़ खा सकते हैं। इससे सर्दी- खांसी और गले के कफ को आपकी हद तक आराम मिलेगा। इसके लिए गैस पर अदरक का पानी गर्म करें, थोड़ा सा गुड़ मिलाकर सेवन करें।

*गरारेः-*

कफ और बलगम होने पर नमक और गुनगुने पानी से गररे करें। इसके लिए सुबह- शाम पानी में 2 चुटकी नमक डालकर गरारे करें।